सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
06.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 58 | 12



आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का पोस्टर रिलीज




## न्यूज डायरी

### सैन्य वाहन खाई में गिरा जेसीओ समेत चार शहीद

**गंगटोक।** सिक्किम में बड़ा हादसा हो गया है। यहां गुरुवार को सेना की एक गाड़ी खाई में गिर गयी। इस हादसे में भारतीय सेना के चार जवान मौत हो गये। इनमें एक जेसीओ भी शामिल है। सेना का वाहन जवानों को लेकर पश्चिम बंगाल के पेडोंग से सिक्किम के पाकयोंग जिले के सिल्ट रूट से जुलुक जा रहा था। उसी दौरान रेंक रोंगली स्टेट हाइवे पर दलोपचंद दारा के पास सेना की गाड़ी लगभग 700 से 800 फीट नीच फिसल गयी।

### शिक्षक दिवस पर केक खाकर कई बच्चे बीमार

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले में कांड्रा के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय नरेंद्र नगर में शिक्षक दिवस पर गुरुवार को केक खाकर कई बच्चे बीमार पड़ गये। सात की हालत गंभीर है। इन्हें जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। आईसीयू में सभी बच्चों का इलाज चल रहा है।

### भाजपा के टॉप लीडर 7 को करेंगे चुनावी मंथन

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। सात सितंबर को एक बार फिर से भाजपा के टॉप लीडर विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन करेंगे। बैठक में प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा भी शामिल होंगे। इस बार चुनाव में भाजपा ने घुसपैठ को अहम मुद्दा बनाया है।

### तेलंगाना: पुलिस मुठभेड़ में 6 माओवादी मारे गये

हैदराबाद। तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गये। इस मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गये। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किये गये हैं। सभी की पहचान कर ली गयी है।

### देश ने डा राधाकृष्णन को याद किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित विभिन्न नेताओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के मौके पर गुरुवार को उन्हें नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 86000 रु./प्रति किलो |




मुख्यमंत्री ने गुमला-लोहरदगा को दी कई सौगात, कहा- जनहित में बन रहीं तमाम योजनाएं

# लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही उद्देश्य : हेमंत

### आपकी सरकार कार्यक्रम में बोले सीएम

- आदिवासी- मूलवासियों की पहचान बनाये रखने रखना है
- लोगों को इतना मजबूत बनायेंगे कि किसी से मदद नहीं मांगनी पड़ेगी
- झारखंड से विपक्षी दलों को खदेड़ कर ही दम लेंगे



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गुमला, रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि वही सरकार सफल होती है, जो अपने राज्य के लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाती है। जो राज्य की जनता को समृद्ध बनाती है। हमारी कोशिश हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाना है। इसी संकल्प के साथ लगातार कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार जब से आयी है राज्य वासियों के लिए काम कर रही है। राज्य के लोगों का ख्याल रखते हुए मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, अबुवा आवास, मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित सरकार की कई योजनाएं धरातल पर कारगर साबित हुई है। श्री सोरेन गुरूवार को सिसई प्रखंड के पंडरानी के जतरा बगीचा में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के तहत गुमला एवं लोहरदगा जिले के 162769 लाभुकों के बीच लगभग 217 करोड़ 71 लाख 17 हजार रुपए की परिसंपत्तियां वितरित की, 347 योजनाओं का तोहफा दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में जनता को इतना मजबूत बनायेंगे कि आपको किसी से मदद मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**ग्रामीण व्यवस्था की मजबूती प्रतिबद्धता :** सीएम ने कहा कि ग्रामीण व्यवस्था की मजबूती हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। यही कारण है कि ये सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव और देहात से चल रही है। (शेष पेज 11 पर)

### विपक्ष के कारण समय से पहले बूढ़ा दिखने लगा : सीएम



**गुमला।** सीएम हेमंत सोरेन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से सरकार बनायी है तब से वे चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसा सोचा नहीं था। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे उनके कारण अब बूढ़े दिखने लगे हैं, इससे पहले वे बच्चे की तरह दिखते थे। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को वह गुमला लोगों को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि जब उन्होंने सरकार बनायी थी तब से ही वे अलग-अलग जिलों में जा रहे हैं। उस वक्त वे एक बच्चे की तरह दिखते थे, लेकिन अब बूढ़े की तरह दिखने लगे हैं। ये विपक्ष का षड्यंत्र का नतीजा है कि वे आज इस तरह दिख रहे हैं।

### आदिवासी की बात करते हैं, धर्मकोड नहीं देते

सीएम ने कहा कि झारखंड की पहचान आदिवासियों से है। ऐसे में आदिवासी पहचान को बनाये रखना हमारा संकल्प है। इसी के तहत हमने आदिवासियों के लिए अलग सरना कोड का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। उन्होंने कहा, आदिवासियों की बात करने वाले केंद्र की सरकार उन्हें सरना कोड नहीं दे रही है। बल्कि राजनीति कर रही है। सीएम ने विपक्षी दल पर हमला करते हुए कहा कि हमने कमर कस ली है झारखंड से उन्हें खदेड कर रहेंगे।

### विपक्षियों को राज्य से खदेड़ने का संकल्प

सीएम ने कहा कि उन्होंने संकल्प लिया है कि इन विपक्षियों को झारखंड से खदेड़कर हमेशा हमेशा के लिए भगा देना है। उन्होंने कहा, उनकी जब सरकार बनी तभी उन्होंने कह दिया था कि ये गांव की सरकार है। झारखंडियों की सरकार है। सीएम ने कहा, मैंने अपना वादा निभाया है। गांव-गांव और टोला-टोला में शिविर लगाकर अधिकारी लोगों की समस्या को सुन रहे हैं और उसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।

## नये नियम के साथ 10 से फिर शुरू होगी बहाली प्रक्रिया

- सुबह साढ़े आठ के बाद दौड़ नहीं, पलामू में सेंटर नहीं
- सभी प्रक्रिया रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह, हजारीबाग में होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में उत्पाद सिपाही बहाली की परीक्षा दस सितंबर से दोबारा शुरू की जायेगी। सिपाही बहाली के दौरान दौड़ में भाग लेने वाले 12 अभ्यर्थियों की मौत के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री के निर्देश पर बहाली की प्रक्रिया रोक दी गयी थी। अब नये नियमों और बदले समय के साथ बहाली की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। एडीजी हेडक्वार्टर आरके मल्लिक ने बहाली के प्रक्रिया दोबारा शुरू किये जाने को लेकर गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बहाली की प्रक्रिया में कई तरह के बदलाव किये गये हैं। पलामू जिला में दौड़ का आयोजन नहीं होगा। पलामू में जिनकी दौड़ थी, उनकी दौड़ 19 और 20 सितंबर को अन्य 6 सेंटरों पर होगी।

**केंद्रों पर सभी सुविधाएं रहेंगी**

उत्पाद सिपाही की बहाली प्रक्रिया में प्रदेश की सभी 6 सेंटरों पर मेडिकल की पूरी सुविधा उपलब्ध रहेगी। किसी भी हाल में सुबह 8:30 बजे के बाद दौड़ नहीं होगी। इसके साथ ही अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए विभिन्न उपकरण भी रखे गये हैं। श्री मल्लिक ने कहा कि छह जिलों में बहाली कैंप लगाये गये हैं। अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य जांच होगी। तीन सितंबर की परीक्षा में दौड़ लगाने से वंचित रहनेपर 3000 की संख्या में 10 से 11 सितंबर को बहाली की प्रक्रिया में भाग लेंगे। 4 सितंबर को होनेवाली परीक्षा 12 और 13 सितंबर को होगी। सभी अभ्यर्थियों के लिए नया एडमिट कार्ड झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा जल्द ही जारी किया जायेगा।

संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ पर अगली सुनवाई 12 को, कोर्ट ने कहा

## झारखंड में अलार्मिंग स्थिति, इसे रोकना होगा

### ट्राइबल आबादी घटना गंभीर, केंद्र सरकार शीघ्र सौंपेगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने हाइकोर्ट में मौखिक रूप से कहा, बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से संथाल परगना में ट्राइबल आबादी घटना गंभीर मामला है। केंद्र सरकार इस पर गहन अध्ययन कर रही है। केंद्र सरकार इस संवेदनशील विषय पर अन्य केंद्रीय एजेंसियों से विचार-विमर्श कर एक कंप्रिहेंसिव जवाब दाखिल करेगी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने वर्चुअल रूप से जुड़े सॉलिसिटर जनरल से मौखिक कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का झारखंड में प्रवेश अलार्मिंग स्थिति है। इसे रोकना ही होगा। ये घुसपैठिए झारखंड के रास्ते देश के अन्य राज्यों में भी घुसकर वहां की आबादी को प्रभावित करेंगे। इससे पहले 22 को हुई सनवाई में अदालत ने संथाल के सभी जिलों के डीसी की रिपोर्ट पर कई सवाल उठाया था। पांच जिलों के उपायुक्त ने अपने शपथ पत्र में स्पष्ट किया है कि वहां बांग्लादेशी घुसपैठ नहीं हुआ है।

सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया की ओर से खंडपीठ से आग्रह किया गया कि इस मामले में आइबी को प्रतिवादी से हटाया जाये क्योंकि कई सीक्रेट चीज आइबी के पास होती है। उसे सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। आईबी से मिले कुछ डाटा को वह केंद्र सरकार के कंप्रिहेंसिव जवाब के रूप में दायर कर सकती है। इसपर कोर्ट ने केंद्र सरकार को आवेदन दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। वहीं केंद्र सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। (शेष पेज 11 पर)

## दिऊड़ी मंदिर में जड़ा ताला प्रशासन ने तोड़ा

### पूजा-पाठ शुरू, मंदिर के आसपास धारा 144 लागू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची, तमाड़।** प्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर गुरूवार की सुबह-सुबह ग्रामीणों के एक समूह ने ताला जड़ दिया। घंटों वहां पूजा-पाठ बंद रहा। मंदिर में लगा ताला देख पुजारी और पाहन भी परेशान रहे। उन्हें भी कारणों का पता नहीं था। इसकी सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम पुलिसबल के साथ वहां पहुंची। एसडीओ मोहनलाल मरांडी के नेतृत्व में अधिकारियों ने बातचीत के बाद मंदिर में जड़ा ताला खुलवाया और दर्शनार्थियों के लिए मंदिर के पट खोल दिये। बुंडू एसडीओ, डीएसपी सहित बुंडू व तमाड़ के थानेदार दिउड़ी मंदिर पहुंचे। इसके साथ ही पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों के साथ वार्ता की। मंदिर परिसर क्षेत्र में धारा 144 लगा दिया। तनाव की स्थिति को देखते हुए मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात है। पुलिस ने अफवाहों से बचने की अपील की है।

**क्या है मामला :** जानकारी के मुताबिक दिवड़ी मंदिर में ताला लगानेवाले आदिवासी समूह का कहना है कि यह दिउड़ी मंदिर नहीं बल्कि दिउड़ी दिरी है। स्थानीय लोगों का कहना था कि मंदिर पर सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

बांग्लादेशी घुसपैठ पर मुखर हुए कोल्हान टाईगर, कहा

## दर्जनों गांवों से गायब हो गये आदिवासी

**सुधीर**



**रांची।** झामुमो को अलविदा कहने और भाजपा का दामन थामने के बाद कोल्हान टाईगर और राज्य के पूर्व सीएम चंपई सोरेन अटैकिंग मोड में आ गये हैं। धीरे-धीरे काफी मुखर होते जा रहे हैं। अब उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ पर खुलकर बोलना शुरू कर दिया है। कोल्हान टाईगर ने कहा कि संथाल-परगना में लगातार हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण आदिवासी समाज के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। संथाल के दर्जनों गांव ऐसे हैं, जहां आदिवासी खोजने पर भी नहीं मिल रहे हैं। संथाल के इन गांवों से रातोरात संथाली और आदिम जनजाति परिवार गायब हो गये हैं।

**आखिर कहां गये वहां के भूमिपुत्र :** चंपई सोरेन ने कहा कि उदाहरण के तौर पर, पाकुड़ के जिकरहट्टी और मालपहाड़िया को देखा जा सकता है। जिकरहट्टी संथाली टोला में अब कोई संथाल परिवार नहीं रहता। मालपहाड़िया गांव में आदिम जनजाति का कोई सदस्य नहीं बचा है। आखिर वहां के भूमिपुत्र कहां गये। उनकी जमीन, उनके घरों पर अब किसका कब्जा है। चंपई के अनुसार समाज के स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि बरहेट के गिलहा गांव में एक आदिवासी परिवार की जमीन पर जबरन कब्रिस्तान बनाया गया है।

## झारखंड की डॉ. आशा रानी समेत 50 शिक्षक सम्मानित

### राष्ट्रपति ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को किया पुरस्कृत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में झारखंड की डॉ. आशा रानी समेत 50 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 प्रदान किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार, रजत पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 50 शिक्षकों का चयन किया। इन शिक्षकों में 28 राज्यों, तीन केंद्र शासित प्रदेशों और छह संगठनों के शिक्षक शामिल हैं। इनमें 34 पुरुष, 16 महिलाएं, दो दिव्यांग और एक दिव्यांग बच्चों के साथ काम करने वाले शिक्षक हैं। इसके अलावा, उच्च शिक्षा विभाग के 16 शिक्षक और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 16 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।



**सम्मानित शिक्षकों की सूची :** डॉ. आशा रानी, झारखंड , डॉ. मिनाक्षी कुमारी बिहार, सुकेंद्र कुमार सुमन बिहार, अविनाशा शर्मा हरियाणा, सुनील कुमार हिमाचल प्रदेश, पंकज कुमार गोया पंजाब, राजिंदर सिंह पंजाब, बलजिंदर बराड़ सिंह राजस्थान, हुकम चौधरी चंद राजस्थान, कुसुम लता गरिया उत्तराखंड, चंद्रलेखा दामोदर मेस्त्री गोवा, चंद्रेशकुमार भोलाशंकर बोरीसागर गुजरात, विनय शशिकांत पटेल गुजरात, माधव पटेल प्रसाद मध्य प्रदेश, सुनीता गोधा मध्य प्रदेश, के, शारदा छत्तीसगढ़, नरसिम्हा मूर्ति एचके कर्नाटक, द्विति चंद्र साहू ओडिशा, संतोष कुमार कर ओडिशा, आशीष कुमार रॉय पश्चिम बंगाल, प्रशांत कुमार मारिक पश्चिम बंगाल, उर्फनामीन जम्मू- कश्मीर, रविकांत द्विवेदी उत्तर प्रदेश, श्याम मौर्य प्रकाश उत्तर प्रदेश, के. सुमा अंडमान एंड निकोबर द्वीप, सुनीता गुप्ता मध्य प्रदेश, चारू शर्मा दिल्ली, अशोक सेनगुप्ता कर्नाटक, एच एन गिरीश कर्नाटक, नारायणस्वामी.आर कर्नाटक, ज्योति पंका अरुणाचल प्रदेश, लेफिजो अपोन नागालैंड, नंदिता च ओंगथम मणिपुर, यांकिला लामा सिक्किम, जोसेफ वनलालह्रुआ सेल मिजोरम, एवरलास्टी एनजी पाइनग्रोप मेघालय, डॉ.नानी जी देबनाथ त्रिपुरा, दीपेन खानिकर असम, जिनु जॉर्ज केरल, के सिवाप रसद केरल, मिडी श्रीनिवास राव आंध्र प्रदेश, सुरेश कुनाट आंध्र प्रदेश, प्रभाकर रेड्डी पेसरा तेलंगाना, थदुरी संपत कुमार तेलंगाना, पल्लवी शर्मा दिल्ली, चारु मैनी हरियाणा, गोपीनाथ आर तमिलनाडु, मुरलीधरन रमिया सेथुरमन तमिलनाडु, इतिर्नत्रिनु चिन्नी बेडके महाराष्ट्र एवं सागर चित्तरंज एन बागड़े महाराष्ट्र।

## राजनीति में आने से पहले मैं भी टीचर थी: कल्पना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी व झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने तमाम शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकानमाएं दी। उन्होंने कहा है कि आज का दिन मेरे लिए बेहद खास है। इसकी वजह बताते हुए कल्पना से सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि राजनीति में आने से पहले मैं एक शिक्षक थी, मेरे विद्यार्थियों के साथ हमेशा से मेरा गहरा जुड़ाव था। उन्होंने इसकी फोटो भी पोस्ट की और कहा है कि स्कूल के गलियारों और कक्षाओं में बिताये पल आज भी मेरी यादों में बसे हुए हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## राज्यपाल ने किया खूंटी के कदमा में कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन

# प्रोसेसिंग यूनिट से जुड़ने के बाद आपकी आर्थिक स्थिति में कितना बदलाव आया : राज्यपाल




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को खूंटी जिले के कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने यूनिट में कार्यरत दीदियों से संवाद कर उनकी आर्थिक स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने वहां निर्मित विभिन्न उत्पादों को देखा तथा उनका उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने दीदियों से संवाद के दौरान जानना चाहा कि इस प्रोसेसिंग यूनिट से जुड़ने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति में किस प्रकार का सुधार हुआ है। राज्यपाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं आमजन के उत्थान व कल्याणार्थ संचालित हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य यह है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं का पूर्ण लाभ मिले। उन्होंने कहा कि एक समय था जब केंद्र से भेजी गई राशि लोगों तक सही रूप में नहीं पहुंच पाती थी, लेकिन अब व्यवस्था में सुधार हुआ है। आज प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता से योजनाओं का लाभ सीधे लोगों के बैंक खातों में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की आजीविका एवं उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने यह भी कहा कि यदि आप किसी भी सरकारी योजना के लाभ से वंचित हैं, तो नि्ितरूपेण हमें सूचित करें, ताकि आपकी समस्या से प्रशासन और सरकार को अवगत कराकर उसका समाधान हो सके। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों के मध्य परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

## सिमडेगा जिला ने खेल के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को सिमडेगा जिले के कोलिबिरा स्थित पंचायत भवन में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि सिमडेगा जिला ने खेल के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रहे पेरिस पैरालंपिक खेलों में हमारे देश के दिव्यांग खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अर्जित कर रहे हैं। राज्यपाल ने युवाओं को खेलों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल आज की पीढ़ी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आमजन के हित में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को इनका लाभ मिले। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यदि किसी योजना में कोई समस्या है या आप किसी लाभ से वंचित हैं, तो हमें अवगत कराएं ताकि आपकी समस्याओं का समाधान हो सके।

**कितने लोगों ने लखपति दीदी योजना का लाभ लिया है :** राज्यपाल ने महिलाओं के स्वयंसेवी सहायता समूहों की सराहना करते हुए लखपति दीदी योजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली और पूछा कि यहां कितने लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। साथ ही, पेयजलापूर्ति की स्थिति पर भी जानकारी प्राप्त की और कहा कि कोई भी शिकायत हो तो बेझिझक लिखित में दें ताकि त्वरित समाधान हो सके। मौके पर ग्रामीणों ने राज्यपाल को लचड़ागढ़ की सड़क समस्या, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, चिकित्सकों की अभाव और अस्पताल में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता न होने की समस्या से अवगत कराया। साथ ही, ग्रामीणों द्वारा पलायन और रबी फसल न होने की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों ने कोलिबिरा में एस्ट्रोटर्फ मैदान की आवश्यकता की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया।

## निगेटिव पॉलिटिक्स से बाज आए भाजपा राजनीतिक और मर्यादित लड़ाई लड़े : सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने भाजपा को सलाह दी है और निवेदन किया है कि वह निगेटिव पॉलिटिक्स से बाज आए। वह हमसे राजनीतिक एवं मर्यादित लड़ाई लड़े। मौत पर राजनीति बिना तथ्य के न करे. हेमंत सोरेन की सरकार बहुत अधिक संवेदनशील है, किसी को तकलीफ देने का काम नहीं करेगी। सरकार को उत्पाद आरक्षी नियमावली में कुछ त्रुटियां नजर आईं, इसलिए सरकार ने इसकी समीक्षा करने का निर्णय लिया है। इसलिए भाजपा मौत पर गंदी एवं घटिया राजनीति न करे. बहुत सारे सच एक्सपर्ट के हवाले से सामने आने लगे हैं, बाकी का सच भी सबके सामने जल्द आ जाएगा। उक्त बातें पार्टी के महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

**दुखद मौत पर संवदेनशील सरकार से जो बन पड़ेगा जरूर करेगी :** उन्होंने कहा कि उत्पाद आरक्षी दौड़ में शामिल अभ्यार्थियों के दुखद मौत में एस्टॉयरड लेने के मामले सामने आ रहे हैं। अभी जांच जारी है, बहुत जल्द सच सबके सामने आ जाएगा। सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है, सरकार से जो बन पड़ेगा पीड़ित परिवार के लिए कुछ न कुछ करेगी, क्योंकि हमें दुखद मौत पर राजनीति नहीं करनी है। हां मगर भाजपा को इससे बचना चाहिए।

## जिलाध्यक्ष बूथ स्तर पर कमिटी गठित कर विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं : केशव महतो कमलेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में गुरुवार को विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिलाध्यक्षों की बैठक कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरॉंव भी मौजूद थे। इसके पूर्व बैठक में उपस्थित नेताओं ने शिक्षक दिवस पर पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन कें चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। बैठक में अगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राज्य के सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने जिला अन्तर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर पर कमिटी का गठन करते हुए पूरी मजबूती के साथ चुनाव भी तैयारी में लग जाएं। इसके साथ ही सभी प्रखण्ड अध्यक्षों के साथ बैठक कर मजबूती के साथ कार्य करें। उन्होंने जिलाध्यक्षों कों निर्देश देते हुए कहा कि जो प्रखण्ड अध्यक्ष क्रियाशील नहीं है उनका रिपोर्ट बनाकर प्रदेश को समर्पित करें ताकि उनपर समय रहते कार्रवाई की जा सकें। बैठक में अमुल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुजनी, जिलाध्यक्ष में डॉ. राकेश किरण महतो, कुमार राजा, सुखेर भगत,शकील अहमद अंसारी, चैतु उरांव, डेविड तिर्की, शैलेन्द्र कुमार यादव, धनंजय कुमार सिंह, सतीश केडिया, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रमोद कुमार दूबे, मुन्ना पासवान, संतोष कुमार सिंह, जैश रंजन पाठक उर्फ बिप्टू, रशीद रजा अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष, भागीरथ पासवान ,ओबेदुल्ला हक अंसारी, मुनेश्वर उरॉव,आनंद बिहारी दूबे, धमेन्द्र सोनकार,कार्यकारी अध्यक्ष (नगर), चन्द्र शेखर दास, महेश राम चन्द्रवंशी, दिनेश यादव,प्रो. उदय प्रकाश आदि उपस्थित थे।

# झारखंड के आठ जिलों में सामान्य से कम हुई है बारिश, गोड्डा की स्थिति में सुधार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दो साल बाद झारखंड पर मौसम मेहरबान हुआ है। अच्छी बारिश होने से किसान खुश हैं। इस बीच मौसम केंद्र ने रांची के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। जिला में अगले कुछ घंटों के भीतर मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ-साथ बारिश की संभावना है। इसलिए किसानों को खेतों में जाने से बचने की सलाह दी गई है। हालांकि 1 जून से 5 सितंबर तक हुए वषार्पात का आंकलन करें तो अभी भी आठ जिले ऐसे हैं जहां सामान्य से कम बारिश हुई है। एक दिन पहले तक इस लिस्ट में गोड्डा का भी नाम था, लेकिन 24 घंटे के भीतर वहां की स्थिति में सुधार हुआ है। फिलहाल, पूर्वी सिंहभूम, प्ि्मी सिंहभूम, लोहरदगा, गुमला, चतरा, हजारीबाग, देवघर और पाकुड़ में सामान्य से कम बारिश हुई है। रांची मौसम केंद्र के मुताबिक सबसे खराब स्थिति पाकुड़ जिले की है। वहां अबतक 437.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है, जो सामान्य से 54 प्रतिशत कम है। इसके बाद लोहरदगा में 37 प्रतिशत, देवघर में 36 प्रतिशत, चतरा में 35 प्रतिशत, प्ि्मि सिंहभूम में 27 प्रतिशत, हजारीबाग में 23 प्रतिशत, गुमला में भी 23 प्रतिशत और पूर्वी सिंहभूम में सामान्य से 21 प्रतिशत कम बारिश हुई है। झारखंड में अगर 840.2 मिमी बारिश होती है तो उसे नॉर्मल कैटेगरी में रखा जाता है। इस लिहाज से अबतक 728.6 मिमी बारिश हुई है जो सामान्य से करीब 13 प्रतिशत कम है। लेकिन मौसम केंद्र का अनुमान है कि आने वाले दिनों में यह कमी पूरी होने की संभावना है। लिहाजा, इस बार धान की अच्छी पैदावार की उम्मीद है। राज्य में लक्षित 28.27 लाख हेक्टेयर में से अकेले 18 लाख हेक्टेयर में धान की फसल लगायी जाती है। इस साल 2 सितंबर तक 15 लाख 78 हजार 870 हेक्टेयर में धान की रोपनी हो चुकी है, जो लक्ष्य का 87.72% है। इस साल मोटे अनाज के साथ-साथ मक्का, तिलहन और दलहन की भी अच्छी पैदावार की उम्मीद है।

**येलो अलर्ट जारी :** बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है। उत्तरी आंध्रप्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटवर्ती इलाकों में बने इस लो प्रेशर एरिया का असर झारखंड पर भी देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने झारखंड के लिए अब तक 9 अलर्ट जारी किए हैं। इसमें कहा है कि 20 जिलों में बारिश होगी। कुछ जगहों पर वज्रपात भी होने की आशंका है।

## 10 से तीन दिनी अवकाश पर रहेगा झारखंड सचिवालय सेवा संघ

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ से जुड़े सभी पदाधिकारी और सदस्य 10-12 सितंबर तक आकस्मिक अवकाश पर रहेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक संघ से जुड़े लोगों ने अपने-अपने विभागीय सचिव और संबंधित वरीय पदाधिकारियों को गुरुवार को आवेदन देना शुरू भी कर दिया। इस संबंध में ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में झारखंड सचिवालय सेवा संघ की कार्यकारिणी की नेपाल हाउस में बुधवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया था। इस दौरान यह चर्चा हुई थी कि संघ की मांगों के प्रति सरकार के उदासीन एवं नकारात्मक रवैये के कारण संघ के सभी पदाधिकारी तीन दिनों तक (10-12 सितंबर) सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। बैठक के दौरान आन्दोलन की रूपरेखा भी तैयार की गयी थी। इसमें निर्णय लिया गया था कि सामूहिक अवकाश से संबंधित संघ का पत्र गुरुवार को सचिव/विभागाध्यक्ष को विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा हस्तगत करा दिया जाएगा। सभी विभाग/ निदेशालय में कार्यरत सचिवालय सेवा के पदाधिकारी अवकाश को लिए सामूहिक आवेदन पत्र अपने-अपने कार्यालय प्रधान को शुक्रवार तक समर्पित कर देंगे। साथ ही आवेदन की छायाप्रति को संघ कार्यकारिणी को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके संघ द्वारा आवेदन पत्रों की छायाप्रति मुख्यमंत्री सचिवालय तथा मुख्य सचिव कार्यालय को अग्रसरित की जाएगी।

## खबर एक नजर में

### राजस्व विभाग नहीं कर रहा सीआई का सीओ पद पर प्रमोशन, आज होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** राजस्व विभाग सीआई का सीओ पद पर प्रमोशन नहीं कर रहा है। इसे लेकर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। गौरतलब है कि राजस्व विभाग की ओर से इस साल बीते 13 मार्च को करीब 64 सीआई को प्रोनत्ति मिला था। इन सभी 64 सीआई को सीओ के पद पर प्रोनत्ति मिली थी, लेकिन इनमें से कुछ जो पूरी आहर्ता रखते थे, उन्हें विभाग की तरफ से प्रमोशन नहीं मिल पाया। उन्हीं में से एक हैं सत्यम भारद्वाज। सत्यम भारद्वाज फिलहाल धनबाद जिले के गोविंदपुर अंचल में बतौर सीआई पोस्टेड हैं। सत्यम भारद्वाज की वरीयता क्रमांक 907 है। लेकिन विभाग की तरफ से प्रमोशन देते वक्त 910 वरीयता क्रमांक वाले सीआई को प्रोमोट कर दिया गया, जबकि 907 वरीयता क्रमांक वाले सत्यम भारद्वाज को प्रमोशन नहीं दिया गया। ऐसा होने के बाद सीआई सत्यम भारद्वाज को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

### संजय सेठ की पहल पर दो रेल परियोजनाओं की मिली स्वीकृति



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का एक और प्रयास सफल रहा। श्री सेठ के प्रयास से रांची की दो बहु प्रतीक्षित रेल परियोजनाओं की मिली स्वीकृति। लोधमा पिस्का लिंक लाइन जो 17 .2 किलोमीटर का है। साथ ही, इलू -सिल्ली बाईपास लाइन भाया मुरी जंक्शन तक 5 .9 किलोमीटर तक इसका टेंडर हो चुका है। इसकी कुल लागत 3 .40 करोड़ रूपया है ।जल्द ही इसका शिलान्यास कर काम शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इलू -सिल्ली रेल लाइन बन जाने से यात्रियों को समय की बचत होगी। उन्होंने इस कार्य के लिये केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है।

### कोलकाता से जम्मू तवी के लिये अक्टूबर से चलेगी स्पेशल ट्रेन, धनबाद में होगा ठहराव



**रांची।** धनबाद होकर कोलकाता से जम्मू तवी के लिए अक्टूबर नवंबर में स्पेशल ट्रेन चलेगी। ट्रेन संख्या 04681 कोलकाता जम्मूतवी स्पेशल 10 अक्टूर से 14 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार की रात 11: 45 पर कोलकाता से खुलेगी। शुक्रवार की सुबह 5: 15 पर धनबाद व शनिवार दोपहर 12: 30 पर जम्मू तवी पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04682 जम्मू तवी कोलकाता स्पेशल आठ अक्टूबर से 12 नवंबर तक जम्मूतवी से प्रत्येक मंगलवार रात 11: 20 पर रवाना होगी। गुरुवार सुबह 7: 15 पर धनबाद व दोपहर 1: 00 बजे कोलकाता पहुंचेगी। इस ट्रेन में 18 स्लीपर, एक थर्ड एसी व दो जनरल कोच जुड़ेंगे। जल्द ही टिकटों की बुकिंग शुरू हो जाएगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के आगामी त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की भारी भीड़ से निपटने के लिए चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर होते हुए 30 सितंबर से 21 नवंबर तक संतरागाछी अजमेर संतरागाछी त्यौहार स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा कर दी है। दक्षिण पूर्व रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 08611 संतरागाछी अजमेर त्यौहार स्पेशल ट्रेन 30 सितंबर से लेकर 18 नवंबर तक संतरागाछी स्टेशन से प्रत्येक सोमवार की रात 10: 40 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन दोपहर 03: 00 बजे अजमेर पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन नंबर 08612 अजमेर सांतरागाछी स्पेशल 03 अक्टूबर से लेकर 21नवंबर तक अजमेर स्टेशन से प्रत्येक गुरुवार की रात 11: 40 बजे खुलेगी और तीसरे दिन दोपहर 02: 20 बजे संतरागाछी पहुंचेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने संतरागाछी अजमेर संतरागाछी त्यौहार स्पेशल ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार में खड़गपुर, टाटानगर, चांडिल, मुरी, रांची और लोहरदगा स्टेशन में दिया है।

### गढ़वा जिला क्रिकेट संघ पर पंकज चौधरी की दावेदारी पर हाईकोर्ट ने चार सप्ताह में निर्णय का दिया आदेश

रांची। गढ़वा जिला क्रिकेट संघ (जीडीसीए) और उसके सचिव पंकज चौधरी की दावेदारी को लेकर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने राज्य के निबंधन महानिरीक्षक को चार सप्ताह के अंदर निर्णय लेने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी के कोर्ट ने गुरुवार को वाद संख्या डब्ल्यू.पी(सी)/7147/2023 पंकज चौधरी बनाम झारखंड सरकार व अन्य के मामले में फैसला सुनाया। यदि तय समय पर निबंधक महानिरीक्षक ने इस मामले पर फैसला नहीं लिया गया, तो याचिकाकर्ता न्यायालय में अपील करने को स्वतंत्र हैं।

**क्या है पूरा मामला :** 4 दिसंबर 2021 को झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के तत्कालीन सचिव व वर्तमान अध्यक्ष संजय सहाय ने दो लाइन का पत्र लिखकर निर्वाचित सचिव पंकज चौधरी को कार्य करने से मना कर दिया था। उसके बाद राघवेन्द्र प्रताप सिंह नाम के व्यक्ति को सचिव मनोनीत कर दिया गया, जो न तो गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सदस्य हैं और न ही पूर्व कमेटी के निर्वाचित पदाधिकारी। मनोनीत सचिव राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने पूरी गढ़वा जिला क्रिकेट संघ की निर्वाचित कमेटी के अन्य पदाधिकारियों को हटाकर उनकी जगह अपने पसंदीदा लोगों को पदाधिकारी मनोनीत कर दिया। जिला क्रिकेट संघ का पुराना बैंक अकाउंट एड्रेस बदलकर अपने घर का पता बैंक में दर्ज कर दिया। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्कालीन पदाधिकारी ने अपने एनुअल रिपोर्ट में गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव के रूप में राघवेन्द्र प्रताप सिंह का नाम प्रिंट कर दियाऔर जिला संघ की सब्सिडी उसी बैंक अकाउंट में भेजी जा रही है। जिसका संचालन राघवेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य द्वारा किया जा रहा है।

## चांडिल डैम के विस्थापितों को नहीं मिली नौकरी, हाईकोर्ट ने जताया आश्चर्य

### पेयजल स्वच्छता विभाग के सचिव को किया तलब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वर्ष 1986-87 में स्वर्णरेखा मल्टीपरपस प्रोजेक्ट, चांडिल के लिए जमीन अधिग्रहण किए जाने के बावजूद प्रार्थियों को सरकार की नीति के तहत नौकरी नहीं मिलने को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मामले में आ>र्य जताते हुए कहा है कि प्रार्थी तीन बार हाईकोर्ट आ चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक नौकरी नहीं मिली है। प्रार्थियों के सदस्यों की जमीन वर्ष 1987 में अधिकृत किया गया और प्रार्थी नौकरी के लिए अभी भी इंतजार कर रहे हैं। नाराज कोर्ट ने शुक्रवार यानी कल पेयजल स्वच्छता विभाग के सचिव, पुनर्वास ,भूमि अधिग्रहण स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के डायरेक्टर एवं प्रशासक, स्वर्ण रेखा बहुदेशीय परियोजना, प्ि्म सिंहभूम को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 1986-87 में स्वर्णरेखा मल्टीपरपज प्रोजेक्ट, चांडिल के लिए सरकार ने प्रार्थियों की जमीन अधिग्रहित की थी। सरकार की पुनर्वास नीति के तहत इन्हें नौकरी दिया जाना था। लेकिन नौकरी नहीं मिलने पर उनकी ओर से हाईकोर्ट में वर्ष 1991 को केस दाखिल किया गया जिस पर हाईकोर्ट ने सरकार की नीति के तहत उन्हें नौकरी देने का आदेश दिया था। इसके बावजूद भी प्रार्थियों को नौकरी नहीं मिलने पर उनकी ओर से दोबारा वर्ष 2001 में याचिका दाखिल की गई। जिस पर हाईकोर्ट ने उनके मामले का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया था, फिर नौकरी नहीं मिलने पर तीसरी बार उनकी ओर से वर्ष 2014 में हाई कोर्ट में याचिका दाखिल किया गया था। जिस पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रार्थियों को नौकरी देने में क्यों टालमटोल किया जा रहा है। बता दें कि मामले में मदन गोप व अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

# मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर जारी नहीं होने पर हाईकोर्ट नाराज, जेएसएससी के अध्यक्ष को किया तलब

## प्रार्थियों ने बताया, अभ्यर्थियों का स्कोर कार्ड जारी किया गया है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट की बजाय अभ्यर्थियों का सिर्फ स्कोर कार्ड जारी किए जाने को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मामले में कल यानी शुक्रवार को जेएसएससी के अध्यक्ष को हाई कोर्ट तलब किया है। झारखंड हाई कोर्ट में मीना कुमारी एवं अन्य याचिका की सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएसी) ने हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया है। जेएसएससी ने स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट की बजाय अभ्यर्थियों का अलग-अलग स्कोर कार्ड जारी किया है। वहीं जेएसएससी की ओर से भी कोर्ट को बताया गया कि उसने वेबसाइट पर स्कोर कार्ड ही अपलोड किया है। कोर्ट को बताया गया कि पिछली सुनवाई में जेएसएसी ने वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करने पर सहमति जताई थी।

दरअसल, पिछली सुनवाई में झारखंड हाई कोर्ट में जेएसएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जेएसएससी अपने वेबसाइट पर 10 दिन में अपलोड कर देगा। जेएसएससी ने वेबसाइट पर सभी विषयों का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करने की बात कही थी। जिसपर कोर्ट ने जेएसएससी को निर्देश दिया था कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में स्नातक पर शिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करें।

मामले में मीना कुमारी समेत सात याचिकाओं की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पूर्व में कहा था कि इससे संबंधित सोनी कुमारी की अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट बनाकर हाई स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। वर्ष 2016 के नियुक्ति विज्ञापन के आधार पर सरकार को हाई स्कूल शिक्षकों के 17786 रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि मीना कुमारी एवं अन्य की ओर से याचिकाएं दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2016 में जो हाई स्कूल शिक्षक की नियुक्ति का विज्ञापन निकला था उसके आलोक में उनकी भी नियुक्ति होने चाहिए। क्योंकि कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स उन्होंने लाया है, अगर हाई स्कूल शिक्षकों की रिक्तियां बची है तो उनकी भी नियुक्ति होनी चाहिए।

## जेल से बाहर गैंगस्टर के लिये स्पेशल टास्क फोर्स, आतंक का खात्मा करने उतरेगी टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम आतंकी गतिविधियों में शामिल तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की दिशा में बढ़ चली है। वही, राज्य में सक्रिय वैसे संगठित आपराधिक गिरोह जो कानून को चुनौती दे रहे हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने जा रही है। अब एटीएस को संगठित आपराधिक गिरोह से प्रभावित जिलों की पुलिस का भी सहयोग मिलेगा ताकि ऐसे गिरोह पर नकेल कसा जा सके। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर्स या तो जेल में रह कर अपने गिरोह का संचालन कर रहे हैं या तो फिर झारखंड के बाहर से, कुछ अपराधी तो देश के बाहर से भी झारखंड में अपने गैंग को ऑपरेट करनेवाले गैंग को पकड़ने के लिये एटीएस की स्पेशल सेल नकेल कसेगी।

**अधिकांश गैंग के प्रमुख जेल में बंद**

झारखंड में फिलहाल आठ से दस संगठित आपराधिक सक्रिय हैं, जिनमे से अधिकांश के गैंग लीडर जेल में बंद हैं, कुछ फरार हैं जबकि कुछ के गैंगवार में मारे जाने के बाद भी उनके गिरोह को उनके परिवार के सदस्य या फिर उनके बेहद करीबी रहे गिरोह का संचालन कर रहे हैं। जो प्रमुख गैंगस्टर्स सलाखों के पीछे हैं उनमें प्रमुख रूप से डॉन अखिलेश सिंह, सुजीत सिन्हा, अमन साव, अनिल शर्मा और अमन श्रीवास्तव शामिल हैं। कुख्यात अमन सिंह की धनबाद जेल में हत्या हो जाने के बाद भी उसके गिरोह पर विशेष नजर रख रही है।

**सदस्यों की जानकारी जुटा प्रोफाइल में जोड़ा जा रहा है**

झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि डीजीपी के निर्देश पर टीम में शामिल अफसर सभी गैंग्स मेंबर, उनके करीबियों, उनको पनाह देने वाले, उनके जमानतदार के साथ साथ उनकी अकूत संपत्ति का निवेश करने वाले तक की प्रोफाइल तैयार कर रहे हैं, साथ ही किस गैंग के कौन से सदस्य जेल में हैं, कौन जमानत पर है और कौन फरार है इसकी सूची पूर्व में ही तैयार की गई है।

## टीआरएल संकाय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग में शिक्षक दिवस मना

# गुरुओं का हमेशा आदर करना चाहिये : डॉ सविता केशरी

- विभाग के छात्रों एवं शोधार्थियों की ओर से शिक्षकों को पुष्प गुच्छ, शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मानित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग में गुरूवार को धूमधाम से शिक्षक दिवस दिवस मनाया गया। विभाग के छात्रों एवं शोधार्थियों की ओर से शिक्षकों को पुष्प गुच्छ, शाल व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत और सम्मान किया गया। शिक्षकों ने भी छात्रों के समक्ष अपने विचार रखे और शिक्षक दिवस के महत्व पर रोशनी डाली।

मंच संचालन प्रीति कुमारी, विक्की मिंज व गुड़िया कुजूर ने संयुक्त रूप से किया। विभागाध्यक्ष डॉ सविता केशरी ने कहा कि हमें सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा बताये मार्ग पर चलना चाहिये। उनकी बातों को अपने जीवन में आत्मसात करनी चाहिये। तभी हम एक स्वच्छ और शिक्षित समाज का निर्माण कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमें ज्ञान देने के साथ इस काबिल बनाते हैं कि व्यक्ति आगे चलकर समाज में सिर उठाकर चल सके। इसलिये, हमें अपने गुरुओं का हमेशा आदर एवं सम्मान करना चाहिये।

प्राध्यापक डॉ उमेश नन्द तिवारी ने कहा कि वास्तव में यह दिन हमें आत्मनिरीक्षण व आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करता है। डॉ नन्द किशोर साहू ने शिक्षक दिवस की सार्थकता पर विचार व्यक्त करते हुये सर्वपल्ली राधाकृष्णन को एक महान शिक्षक बताया।

इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, प्रवीण सिंह, नेहा भगत, आलोक मिश्रा, रवि कुमार, श्याम कंडुलना, सोनू सपवार, विक्की मिंज, उषा कुमारी, पुनम भगत, बुद्धेश्वर बड़ाईक, सुषमा कच्छप, सलोमी एक्का, अनुप कुमार, चन्द्रिका कुमारी, सूरज कुमार, बसंती देवी, प्रभा हेम्ब्रम, राजकुमार, निलोफर, किरण के अलावा अन्य शिक्षक व शोधकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षा और शिक्षक हैं समाज के विकास के मार्गदर्शक : आलोक कुमार दूबे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना में गुरूवार को शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे , डीएवी सरला के प्राचार्य मेहुल कुमार दूबे तथा अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्प्रात विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पासवा अध्यक्ष ने समाज में शिक्षक के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया एवं बताया कि वर्तमान समाज में शिक्षा और शिक्षक ही हैं समाज के विकास के मार्गदर्शक। उन्होंने आदर्श समाज की स्थापना के लिए शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि समाज के विकास के असली मार्गदर्शन शिक्षक की हैं और उनके बिना देश को एक विकासशील देश की तरह देखना असंभव है। इस मौके पर बच्चों ने एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जिसमेंप्री नर्सरी के बच्चों ने गलती से कर ले मिस्टेक संगीत पर नृत्य किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पासवा वॉलिंटियर्स प्रियंका, रुखसार, नंदिनी, विशाल, सृष्टि, अमन, विद्या, चारुबाला, आसमा, नौरस, फैजान, कैफ, यशीर , अजहर, अकबर, सैफ, शाहिद, जन्नत, जीकरा, साक्षी, ज़िक्र, विशाखा, श्रुति शैला, जाबिर, खालिद,और रोशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चार आइपीएस को अपने कार्य के अलावा मिला अतिरिक्त कार्य का प्रभार

**रांची।** अलग-अलग जिले में पदस्थापित चार एसपी को अपने काम के अलावा अतिरिक्त कार्य का प्रभार दिया गया है। डीजीपी के निर्देश पर आईजी मानवाधिकार ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक, कई जगह जैप और आईआरबी में कमांडेंट का पद खाली चल रहा है। जिस वजह से कार्यों के निष्पादन और वेतन के निकासी में परेशानी हो रही है। इसको देखते हुए चार जिले के एसपी को अतिरिक्त कार्य का प्रभार दिया गया है। साहेबगंज एसपी अमित कुमार को जैप-9, लातेहार एसपी कुमार गौरव को आईआरबी-4 व जंगल वॉरफेयर स्कूल, गोड्डा एसपी अनिमेष नैथानी को आईआरबी-8 और गिरिडीह एसपी को आईआरबी-9 का कार्य का प्रभार मिला है।

# ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग से मनरेगा योजनाओं की मॉनिटरिंग करेगी सरकार

- योजनाओं की हकीकत जानने और गड़बड़ी को रोकने में भी मदद ली जा सकेगी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड ने मनरेगा में ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग का विचार बनाया है। उसके मुताबिक इससे राज्य में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के निरीक्षण और अनुश्रवण के काम में मदद मिलेगी। योजनाओं की हकीकत जानने और गड़बड़ी को रोकने में भी मदद ली जा सकेगी। ड्रोन टेक्नोलॉजी की सुविधा, सेवा लेने को उसने पहल भी की है। विभाग के संयुक्त सचिव के स्तर से टेंडर विज्ञापन जारी करते इच्छुक ड्रोन संचालन एजेंसी से 26 सितंबर तक ऑफलाइन आवेदन भी मंगाए हैं।

आवेदन निर्धारित डेट तक मनरेगा आयुक्त कोषांग, ग्रामीण विकास विभाग, प्रथम तल, एफएफपी भवन, धुर्वा, रांची, झारखंड के पते पर स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक से भेजने होंगे। निविदादाता को अलग-अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय बिड देना होगा। बिड खोलने की सूचना अलग से दी जाएगी। विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट से मदद ली जा सकती है।

## मेरी हेलो किड्स स्कूल मे मना शिक्षक दिवस



फोटो मेरी नाम से संजीव मे

**रांची।** कांके ब्लॉक स्थित मेरी हेलो किड्स स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के निदेशक एवं प्रिंसिपल ने संयुक्त रूप से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पअर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर प्रिंसिपल ने कहा कि हमें हमेशा अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने पर एक दिन हम अवश्य कामयाब होंगे। इस दौरान स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकगण एवं स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

## जीडी गोयनका स्कूल में शिक्षक दिवस की धूम



**रांची।** जी डी गोयनका स्कूल के प्रांगण में गुरूवार को शिक्षक दिवस की धूम दिखाई दी। विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गोयनका के छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान को प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ उपस्थित अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलन कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि देकर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार ने छात्र के चरित्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका बताई तथा शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के लिए उन्हें सरहा। विद्यालय के वाइस चेयरमैन अमन सिंह ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा न केवल शिक्षा और ज्ञान के आदान-प्रदान तक सीमित है बल्कि इसमें संस्कार नैतिकता औरआध्यात्मिकता का भी विशेषता स्थान है।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में मना शिक्षक दिवस




**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्रों ने गीत, नृत्य एवं नाटकों द्वारा अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया और शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों को उनके अमूल्य योगदान और उनके मार्गदर्शन को सलाम किया। कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, दीपा बंका, अकांक्षा सिन्हा, शिक्षकगण एवं छात्रवृन्द उपस्थित थे।

## कैरलि स्कूल में 7 से 10 तक सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी टूर्नामेंट



रांची। कैरलि स्कूल में 7 से 10 सितंबर तक सी.बी.एस.ई. क्लस्टर कबड्डी टूनार्मेंट की मेजबानी करेगा। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम में झारखंड और बिहार के 79 स्कूलों के 1431 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एक साथ लाएगा, जो कबड्डी के खेल में अपने कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन करेंगे। टूनार्मेंट में लड़कों और लड़कियों दोनों की टीमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह आयोजन एथलेटिज्म, रणनीति और खेल कौशल का एक रोमांचक प्रदर्शन होने को आशान्वित है। सारे मैच नॉकआउट पद्धति पर होंगे। कैरलि स्कूल सभी खिलाडियों के रहने, भोजन और मेडिकल की सुविधाएं प्रदान करेगी । वही उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रांची के एस.एस.पी. चन्दन सिन्हा होंगे।

## एसएनजी बिल्डटेक के मालिक से मांगी 50 लाख की रंगदारी

रांची। पीएलएफआई संगठन लेवी की खातिर कारोबारियों को आसानी से टारगेट किया जा रहा है। राजधानी में कभी ठेकेदार, तो कभी कारोबारी, तो कभी जमीन कारोबारी को लेवी के लिए व्हाट्सएप कॉल कर पैसों की डिमांड किया जा रहा है। घटना लापुंग थाना क्षेत्र की है। उग्रवादी संगठन ने लापुंग में काम कर रहे एक ठेकेदार से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। पीएलएफआई के एरिया कमांडर अमृत होरो के नाम पर मांगी गयी है। रंगदारी की रकम नहीं देने पर संगठन द्वारा फौजी कार्रवाई की धमकी दी गई है। मामले में पीड़ित ने लिखित शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## चेक बाउंस मामले में अभियुक्त की सजा बरकरार

रांची। प्रधान न्यायायुक्त की अदालत ने चेक बाउंस में सजायाफ्ता न्यू पुंदाग निवासी विजेंद्र शर्मा की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल क्रिमिनल अपील सुनवाई प›ात खारिज कर दी है। अदालत ने अपीलकर्ता के विरुद्ध दोषसिद्धि के निर्णय और सजा के आदेश की पुष्टि कर दी है। न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने 13 जून 2024 को चेक बाउंस के आरोप में दोषी पाकर विजेंद्र शर्मा को एक साल की सजा और 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। उसने लोअर चुटिया निवासी श्याम किशोर प्रसाद सिंह से दोस्ताना लोन अगस्त 2019 में 11.24 लाख कर्ज लिया था। इसमें से दो लाख लौटाया। शेष 9.24 लाख का उसने पोस्ट डेटेड चेक दिया था, वह बाउंस कर गया था। इस पर श्याम किशोर प्रसाद सिंह ने अगस्त 2019 में कोर्ट केस किया था। सजायाफ्ता को मिली सजा की चुनौती न्यायायुक्त की अदालत में देते हुये क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। इसे अदालत ने खारिज कर दी।

# शिक्षक दिवस पर नेताजी एकेडमी उवि होचर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

- बच्चों को तराश कर शिक्षक बनाते हैं अंतरंग कलश रुपी उत्कृष्ट जीवन : डॉ बिरेन्द्र साहू




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होचर कांके रांची में सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन जी की जयंती पर शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ बिरेन्द्र साहू, जिला परिषद सदस्य किरण देवी, होचर पंचायत के उप - मुखिया जितेंद्र कुमार साहू एवं विद्यालय के शिक्षिकों ने संयुक्त रूप से सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। डॉ साहू ने अपने 59वें जन्मदिन पर पौधरोपण कर पर्यावरण की महत्ता को भी बताया।

इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति गीत, देशभक्ति गीत, लोक नृत्य, बाल गीत, नाटक आदि प्रस्तुति की गई।

मौके पर डॉ बिरेन्द्र साहू ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं। इन्हें गुरु या शिक्षक ही तराश कर एक सुंदर अंतरंग कलश के रूप में समाज को देता है। उन्होंने कहा डॉ कृष्णन एक साधारण परिवार में जन्म लेकर शिक्षक के रूप में समाज की सेवा करते हुए देश के राष्ट्रपति का मार्ग तय किया जो सदैव हमारे प्रेरणा के स्रोत के रूप में विद्यमान हैं।

जिला परिषद सदस्य किरण देवी ने कहा शिक्षा जीवन का अनमोल रतन है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। उप मुखिया जितेंद्र साहू ने कहा गुरु के द्वारा बताए मार्ग पर चलना हमारे आराध्य देवों ने हमें सिखाया है। प्रेम भगवान के रूप में रहते हुए भी सांसारिक जीवन में शिक्षा का महत्व को बताया है। इस अवसर पर प्रकाश साहू, मनीष साहू, सुजीत उपाध्याय, रामकिश्वर साहू, उर्मिला करकेट्टा, सुनीता कश्यप, सुनीता मुंडा, बालचंद उरांव, विजय उरांव, रेखा कुमारी, नीतू कुमारी, कुसुम टोप्पो, अनु देवी चंदन कुमार, राकेश झा, प्रीति कुमारी सहित शिक्षक-शिक्षिका के साथ-साथ सैकड़ों बच्चे एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

# प्रदेश सेवादल यंग बिग्रेड के अध्यक्ष बने विक्रमजीत सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी सेवादल के चीफ ऑर्गनाइजर लालजी देसाई ने विक्रमजीत सिंह को झारखंड प्रदेश सेवादल यंग बिग्रेड का अध्यक्ष मनोनीत किया है।

मनोनयन के साथ ही उन्होंने कहा है कि आप पत्र प्राप्ति के साथ ही संगठन को सुदृढ़ बनाते हुए कांग्रेस सेवादल को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ायेंगे एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अपेक्षाओं पर खरा उतर सके।



विक्रमजीत सिंह को झारखंड प्रदेश सेवादल यंग बिग्रेड का अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष नेली नाथन, छोटू सिंह, अनिता टोप्पो, नीलाबंर साहु, पुनेन्द्र सिंह, अशोक वर्मा, सतेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, ईश्वरी चौधरी, अनुज कुमार, बैजनाथ टूडू, गुलजार अहमद, नरेश सिंह, मुजफर हुसैन आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# भारत में शिक्षकों को ईश्वर का दर्जा प्राप्त है : डॉ. नीता पांडेय

- कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत दुनिया का संभवतः पहला देश है जहां शिक्षकों को ईश्वर का दर्जा प्राप्त है। यहां गुरु शिष्य परंपरा की असंख्य और अद्भुत दृष्टांत हैं। ये बातें शिक्षक दिवस के मौके पर कैंब्रियन स्कूल की प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में कही। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के समग्र विकास में शिक्षकों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इससे पहले स्कूल प्रबंधन के चेयरमैन एवम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचम सिंह एवम आनंदमयी सिंह ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करे, ताकि इक्कीसवीं सदी का भारत विश्व के मंच पर एक सशक्त, सबल और श्रेष्ठ राष्ट्र के रूप के अपनी पहचान स्थापित कर सके। कार्यक्रम की शुरूआत हिमांशी ,माही वर्मा और रचिता सिंह द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई। बच्चों ने 'गुरु आपकी कृपा से सब काम हो रहा है ' गीत से शिक्षकों को भावांजलि दी। विद्यालय के स्टूडेंट काउंसिल की ओर से आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।मौके पर शिक्षकों के लिए कई मनोरंजक खेल एवं म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कोमल सिंह, उपप्राचार्या प्रेमलता कुमारी सहित अन्य शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन ओंकार मल्लिक और सौम्या ने किया।

## खबर एक नजर में

### निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में गुरुवार को शिक्षक दिवस धूम-धाम से मनाया गया। विद्यालय के सचिव सीमा शर्मा, प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा तथा सभी शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्ण के प्रतिमा पर पुष्प अर्जित किया। कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं ने इस पूरे कार्यक्रम की अगुवाई तथा प्रबंधन की। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि चाहे कितनी भी टेक्नोलॉजी विकसित हो जाये, लेकिन शिक्षकों को प्रस्थापित नहीं कर सकता है, क्योंकि बच्चों के रुचि और भावों को समझते हुए ज्ञान प्रदान करने में सिर्फ शिक्षक ही सक्षम है। वहीं, विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा विद्यार्थियों को एपीजे अब्दुल कलाम तथा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों पर चलने को प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका किरण कुमारी, अनिमा एक्का, अनामिका छेत्री,निधि कुमारी,मनोज खलखो, आशुतोष कुमार, सुधीर कुमार इत्यादि ने बच्चों को शिक्षक दिवस के अवसर पर खूब आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कैंब्रिज ग्रुप के संस्थानों में मना शिक्षक दिवस

**रांची।** कैंब्रिज ग्रुप के शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई । इस दौरान कैंब्रिज स्कूल व गौतम बुद्धा इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों का मन मोहा। वहीं, कैंब्रिज बीएड कॉलेज में समारोह के दौरान सत्र 22/24 के बीएड एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं को विदाई दी गई। सीआईटी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को तिलक लगा व आरती उतार कर उनके प्रति अपना सम्मान जताया। इसी क्रम में उपस्थित लोगों ने कैंब्रिज ग्रुप के संस्थापक व शिक्षाविद स्व डॉ बहादुर सिंह को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। वहीं, कैंब्रिज पॉलिटेक्निक संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों को पुष्प व उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया। संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम में कैंब्रिज ग्रुप की चेयरपर्सन जानकी देवी, सचिव अभिषेक सिंह, प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डॉ एन के यादव, डॉ रविंद्र कुमार, उप प्राचार्य प्रो. राशिका नवनीत सिंह, टीके नाथ, सेवा शाही समेत सभी शिक्षक व विद्यार्थी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### नीरजा सहाय डीएवी में शिक्षक दिवस मना



**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में आज शिक्षक दिवस मनाया गया। मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की गई। कक्षा सातवीं की आकृति कुमारी ने अपनी कविता को गुरुजनों के नाम समर्पित किया। उसने अपनी कविता में गुरु वशिष्ठ की भी चर्चा की। कक्षा नौवीं के छात्राओं ने नृत्य द्वारा सबका मन मोह लिया। बच्चों द्वारा समूह गान भी प्रस्तुत किया गया। आकांक्षा सिंह ने अपने भाषण में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी की चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर का गेम रखा। इस प्रकार हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया।

### ज्ञानोदय गांधीनगर में मना शिक्षक दिवस समारोह

**रांची।** ज्ञानोदय उच्च विद्यालय गांधीनगर कांके रोड रांची के प्रांगण में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद प्रोफेसर आदित्य साहू ने कहा कि शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं। सही अर्थ में शिक्षक समाज में विद्यार्थियों को पथ प्रदर्शक बनाने की सीख देते हैं। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने शिक्षक दिवस की माता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षकों को पूरी समर्पण भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिये। कार्यक्रम में विद्यालय सचिव डॉ भीम प्रभाकर, एनडी शर्मा, नीरज पांडे, अनिल कुमार सिंह, नालनी रंजन मिश्रा और सुनील कुमार सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदित्य साहू ने शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

### शिक्षक दिवस पर डीएवी बरियातू के शिक्षक सम्मानित



रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को उन शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनके विषय में बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सुषमा शर्मा को पोलिटिकल साइंस, विनय कुमार झा को दसवीं के गणित, मिताली दासगुप्ता एवं पूनम सिंह को सामाजिक विज्ञान, विनीत कुमार झा को दसवीं कक्षा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वीरेन्द्र कुमार सिंह को बारहवीं कक्षा के पेंटिंग और बिभा रानी को दसवीं कक्षा के संस्कृत के लिए के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। स्कूल कैबिनेट द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच क्रिकेट मैच तथा टग ऑफ वॉर का आयोजन किया गया। टग ऑफ वॉर टाई रहा और क्रिकेट का मैच शिक्षकों ने जीता। पुरुष शिक्षकों के म्यूज़िकल चेयर में श्री स्वदेश बंद्योपाध्याय और महिला शिक्षकों के म्यूज़िकल चेयर के खेल में श्रीमती कुमारी प्रेरणा विजयी रहीं। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के ज्ञान के साथ -साथ सीखने की उत्सुकता भी जागृत करते हैं। शिक्षकों का दायित्व अंकों तक ही सीमित नहीं है, वे विद्यार्थियों को व्यवहारिक जीवन के चुनौतियों के लिए भी सहज और प्रखर बनाते हैं। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ज्योतिबा फुले के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका द्वारा शिक्षा के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

### बीआईटी मेसरा के शिक्षकों ने प्रभारी को किया सम्मानित



**रांची।** बीआईटी मेसरा लालपूर के एनएसएस सदस्यों ने अपने शिक्षकों के लिए सम्मान करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया एनएसएस के संयोजक डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव के नेतृत्व में सदस्यों के द्वारा प्रभारी डॉ प्रणव कुमार को सम्मानित किया। डॉ कुमार ने ऊर्जावान छात्रों को अपने आशीर्वाद देते हुए शिक्षक को विद्यार्थियों को अपने गुरु और माता पिता के प्रति सम्मान करते रहने को ही बेहतर शिष्य बताया। डॉ जीपी मिश्रा, डॉ अमृता प्रियम, डॉ आशुतोष मिश्र, मनोज कुमार गिरी, डॉ अनीस हैदर, डॉ अमर कुमार, उमेश प्रसाद , शोमित्रो चक्रवर्ती ने भी अपने संबोधन में छात्र और शिक्षकों के ज्ञान के सेतु का नाम दिया। संयोजक डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव ने छात्र और छात्राओं को बताया की आज का दिन ही नहीं प्रत्येक दिन हम साथ मिलकर एक दूसरे को समझने और वैचारिक मतभेदो को दूर करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम करते रहने की आवश्यकता को समझने की जरूरत है। आज के कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र और छात्रा ने भाग लिया।

### इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा ने मवि करमटोली में मनाया शिक्षक दिवस



**रांची।** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने शिक्षक दिवस के मौके पर गुरुवार को करम टोली सरकारी मध्य विद्यालय में बच्चों के साथ शिक्षक दवस समारोह मनाया। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की ओर से विधालय की प्रधानाध्यापिका सुफिया खातुन को शाल एवं फूलों से सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षीका संगीता कुमारी, संगीता टोपो, एसएन शर्मा, एसके ठाकुर, केके सहाय को फूल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान शिक्षकों के बीच पासींग द पार्सल खेल का आयोजन किया गया। शिक्षको को मिठाई एवं सभी बच्चों के बीच टाफी बांटा गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपा चौहान, सह-अधयक्ष सोमा भादुड़ी सचिव नीता शेखर,आइ एस ओ शालिनी सिन्हा मीना सहाय, देवजानी सान्याल, रिंकू बनर्जी एवं रीता वर्मा मौजूद थीं।

### आईएसएम में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया



रांची। इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट रांची (आईएसएम) में शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। एमबीए, बीबीए और बीएचएमसीटी (होटल मैनेजमेंट) के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर आईएसएम के अध्यक्ष प्रो. आर. ए.के.वर्मा ने संस्थान के सभी शिक्षकों को शुभ कामनाएं दी। संस्थान के निदेशक डॉ. गंगा प्रसाद सिंह ने संस्थान के दो शिक्षक रुद्र नारायण भांजा देव, व्याख्याता और सुश्री प्रीति शर्मा, सहायक प्राध्यापक, नीरू कुमारी को उत्कृष्ट शिक्षण कार्यों के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया।

# एक पुस्तक, एक कलम और एक शिक्षक पूरे विश्व में बदलाव का प्रतीक : कुलपति

**डीएसपीएमयू में शिक्षक दिवस का आयोजन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डीएसपीएमयू में शिक्षक दिवस के अवसर पर सामाजिक बदलाव में शिक्षकों की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के लोकपाल प्रो डॉ अंजनी श्रीवास्तव आमंत्रित थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीएसपीएमयू के दो पूर्व कुलपति डॉ यूसी मेहता और डॉ सत्यनारायण मुंडा आमंत्रित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ सभी अतिथियों द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत विवि के सेवानिवृत्त हुए सभी वरिष्ठ शिक्षकों को कुलपति और विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के वीसी ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जीवन वृत पर रोशनी डालते हुए कहा कहा कि आज का दिन इसलिए भी प्रासंगिक है कि जब उनके शुभचिंतकों ने उनका जन्मदिन मनाने की बात कही तो उनका कहना था कि मेरा जन्मदिवस शिक्षक दिवस के तौर पर मनाए जाएं। उन्होंने आगे अपने संबोधन में शिक्षक की महत्ता पर कहा कि चाणक्य का यह मानना था कि प्रलय और निर्माण शिक्षक के दो पालने है, जिसका निर्धारण स्वयं शिक्षक के हाथों में है। उन्होंने उनकी एक विलक्षण गुण को बताते हुए कहा कि राधाकृष्णन जब बीएचयू के कुलपति थे, तो वह प्रत्येक रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित विश्वनाथ मंदिर में भगवतगीता पर प्रवचन करते थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो डॉ अंजनी श्रीवास्तव ने बताया कि आज के दिन सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी से ज्यादा उनके विचारों और पुस्तकों के बारे में जानना अधिक जरूरी है। राधाकृष्णन जी ने भारतीय दर्शन और पश्चिमी दर्शन को जोड़ा तथा भारतीय दर्शन को उत्कृष्ट बताया । भारतीय दर्शन ने ही सर्वप्रथम वसुधैव कुटुंबकम्ब की अवधारणा रखी। उनके उत्तम कार्यों एवम योगदानों को देखते हुए वे 22 बार नोबल पुरस्कार के लिए नामित हुए , जिसमे से 16 बार साहित्य एवम 6 बार शांति के लिए नामित हुए थे। उन्होने आगे कहा की शिक्षक विशिष्ट शिक्षण पद्धतियों द्वारा सामाजिक बदलाव लाने में सक्षम हैं। ब्रिटिश काल में मात्र 4% को ही शिक्षा प्राप्त हुई थी किंतु वर्तमान में शिक्षा को और अधिक विस्तृत तथा गुणवत्तापूर्ण बनाने की आवश्यकता है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच निरंतर संवाद होता रहना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो0 डॉ0 यू सी मेहता ने वर्तमान में शिक्षकों की कमी के कारण शिक्षा में आ रही गिरावटों की ओर ध्यान आकर्षित किया। पूर्व कुलपति प्रो एस एन मुंडा ने उच्च शिक्षा में शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित रांची विश्वविद्यालय के सेवा निवृत अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ आरके सिन्हा ने भी मौके पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग आर्ट की सुमेधा सेन गुप्ता और प्रियंका कुमारी ने काफी आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वागत भाषण ि अभय कृष्ण सिंह ने , मंच संचालन डॉ शुचि संतोष बरवार ने किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीएसपीएमयू से सेवानिवृत सभी शिक्षक, सभी पदाधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## नंद किशोर सिंह चंदेल बने श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति के अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि गणेश पूजा पूरे रांची महानगर और जिला को मिलाकर लगभग सैकड़ों की संख्या में पूजा पंडाल हैं और हर वर्ष पूजा पंडालों में वृद्धि होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार सहित अन्य पुरस्कार वितरण समारोह भी रखा गया है।

| | |
|---|---|
| नेतृत्व कर्ता | – डॉ महुआ माजी |
| अध्यक्ष | – नन्द किशोर सिंह चंदेल |
| मुख्य संरक्षक | – उज्जवल कुमार सिन्हा, सोमवित माजी |
| मुख्य संयोजक | – कुमार राजा, संजय सिंह लल्लू |
| मुख्य आयोजक | – विनय सिंह, मंटू पांडे |
| मुख्य सलाहकार | – शैलेश्वर दयाल सिंह, भोलू सिंह, बिट्टू सिंह, |
| वरिष्ठ संरक्षक | – वीरेंद्र पांडे, दीपक ओझा, बंटी यादव, वी. भास्कर राव, संदीप मुखर्जी, विक्रम सिंह सोनू, अमित माजी, कमलेश यादव, अशोक यादव, विक्रम शर्मा, रीना सिंह, नीलू सिंह, मंजुला, संध्या देवी, सविता देवी, गीता देवी। |
| संरक्षक | – नितेश ठाकुर, जयंत मुंजाल, रौनक ग्रोवर, गुड्डू सोनी, मोनू शुक्ला, अरविंद यादव, प्रदीप सिंह, विक्रम सिंह, नितेश वर्मा, पूजा कुमारी, शिल्पी कुमारी वर्मा, सुनीता, सोमू बनर्जी, विकास सिंह, सूरजभान सिंह, अनीश वर्मा, अभिजीत |
| उपाध्यक्ष | – अभिषेक केसरी, राज कुमार साहू, दीपक कुमार, बिट्टू साहू, रोहित सिंह, पिंटू राऊत, विकास प्रसाद, रोहन सिंह, गोलू सिंह, शुभम |
| महासचिव | – अमन ठाकुर, अमर कुमार साहू, चंचल ग्रोवर, पंकज सिंह |
| सचिव | – प्रिंस तिवारी, हर्ष तिवारी, वंश डाबरा, जीतू सिंह, साहिल साहू, शिव शंकर शर्मा, अभिहीत कुमार |
| सह सचिव | – रत्नेश सिन्हा |
| कोषाध्यक्ष | – लखन कुमार |
| कार्यकारिणी सदस्य | – अभिजीत, रौशन, इंद्रजीत |

## हरितालिका तीज व्रत आज



**रांची।** हरितालिका तीज आज नायी जाएगी। गुरुवार को सुहागिनों ने नहाय-खाय का अनुष्ठान पूरा किया। दिन भर महिलाओं को खरीदारी करते हुए बाजारों में देखा गया। चूड़ियों से लेकर सौंदर्य प्रसाधन के सामान की भी खरीदारी हुई। वस्त्र, आभूषण, पूजा, फल व श्रृंगार सामग्री की खरीदारी को लेकर गुरुवार को बाजार में भीड़ देखी गयी। खरीदारी के लिए काफी संख्या में महिलाएं पहुंची थीं, महिलाओं ने साड़ी, पूजन सामग्री, डलिया आदि की जमकर खरीदारी की। खासकर, चुड़ियों की दुकान पर महिलाओं की भीड़ रही।

## लायंस क्लब हरिकनक ग्रेटर ने किया शिक्षकों को सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के तत्वावधान मे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के मौके पर गुरुवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया ने अपनी पूरी टीम के साथ अल्बर्ट मेमोरियल स्कूल बांधगाड़ी दीपाटोली, रांची के सभी शिक्षकों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंटकर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। साथ ही शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायन विजय पाठक सहित रीजन चेयरपर्सन लायन प्रेमशंकर मिश्रा, जोन चेयरपर्सन लायन गणेश प्रसाद सिंह, लायन सुनील वर्मा, लायन रविरंजन मिश्रा, लायन अनूप आनंद, लायन साकेत अग्रवाल, लायन प्रशांत कुमार, मीडिया प्रभारी लायन शिव किशोर शर्मा, लायन शिवम कुमार तिवारी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## 'अपना घर' में कैंसर मरीजों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**कार्यक्रम में कई अहम जानकारियां दी गयीं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंटास फाउंडेशन द्वारा संचालित 'अपना घर' में गुरुवार को कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कैंप का संचालन रांची कैंसर अस्पताल और शोध केंद्र, कांके की आहार विशेषज्ञ मुस्कान और संचालन प्रबंधक अमृता कुमारी द्वारा किया गया।

इस जागरूकता कार्यक्रम का संचालन इंटास फाउंडेशन द्वारा संचालित 'अपना घर' में कार्यरत सिलिका उलाल, रूबी कुमारी, और नीरू दास द्वारा किया गया। सत्र के दौरान विशेषज्ञ मुस्कान ने मरीजों और देखभाल करने वालों को कई स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए, जिनमें खाने की आदतों के प्रति जागरूकता, सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना और अन्य महत्वपूर्ण बातें शामिल थीं। उन्होंने कैंसर रोगियों के लिए नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात के खाने में क्या खाना चाहिए, इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता और अन्य महत्वपूर्ण आदतों का पालन करने की आवश्यकता पर भी प्रस्तुति के माध्यम से जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने आयुष्मान कार्ड और इसके लाभ उठाने के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी।

**इंटास फाउंडेशन कैंसर मरीजों को नि:शुल्क सेवाएं प्रदान करती है**

लालपुर स्थित इंटास फाउंडेशन द्वारा संचालित 'अपना घर' में कैंसर मरीजों को नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जैसे रहने की सुविधा, भोजन, वाहन सेवा, मुफ्त वाई-फाई, और अन्य सुविधाएं। इसके साथ ही, मरीजों के लिए मनोरंजन और जागरूकता कार्यक्रम भी समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं।

## पतरातू लेक रिजॉर्ट में कल से एडवेंचर फेस्टिवल

**रांची।** पतरातू लेक रिजॉर्ट में 7 से 9 सितंबर तक एडवेंचर फेस्टिवल का आयोजन होना है। झारखंड टूरिज्म द्वारा आयोजित फेस्टिवल में एंट्री फ्री रहेगी। इस फेस्टिवल में कई प्रकार के वाटर बेस्ड एक्टिविटी और लैंड बेस्ड एक्टिविटी का आयोजन किया जा रहा है। वाटर बेस्ड एक्टिविटी में बनाना राइड, वेक बोटिंग, रिंगो राइड्स, डिस्को राइड्स, हाई स्पीड बोट, वाटर रोलर और कायक्स शामिल हैं। वहीं लैंड बेस्ड एक्टिविटी में ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, जिप लाइनिंग और डुओ साइक्लिंग शामिल है।

## झारखंड ग्रामीण बैंक में अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की सुविधा उपलब्ध

**बैंक के अध्यक्ष ने जेआरजी बैंक में एनपीएस की औपचारिक शुरुआत की**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ग्रामीण बैंक झारखंड प्रदेश का एकमात्र ग्रामीण बैंक है और पूरे प्रदेश के 24 जिलों में इसकी 445 शाखाएं हैं। बैंक का उद्देश्य आम आदमी को स्वावलंबी बनाना और राज्य के संपूर्ण विकास में भागीदार बनकर गांवों का विकास करना है। गुरुवार दिनांक 05.09.2024 को बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने जेआरजी बैंक में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की औपचारिक शुरुआत की। कोई भी 18 से 70 साल का व्यक्ति, चाहे वह वेतनभोगी, गैर-वेतनभोगी या सरकारी कर्मचारी हो, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का खाता जेआरजी बैंक में भी खोल सकता है, जिसके तहत आयकर की धारा 80 सी तथा धारा 80 सीसीडी (18) के अनुरुप 2.00 लाख तक कर लाभ मिल सकता है।

इस अवसर पर प्रोटीन इ-गोव टेक के अधिकारी रमेश कुमार, सीनियर लीड और बैंक के महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा मेसरा मंडल में विस चुनाव को लेकर कार्य समिति बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा मेसरा मंडल में विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। इसमें सभी बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर काम करने, आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार बने, इसके लिए बूथ स्तर पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। 8 व 9 सितंबर को बूथ लेवल बैठक होगी। बैठक में शक्ति केंद्र, पन्ना प्रमुख के बीच बैठक कर सभी को व्हाट्सएप ग्रूप बना कर काम करने को कहा गया। शक्ति केंद्र पर सक्रिय होकर वोट हासिल करें। सभी को निर्देश दिया गया कि वोटर लिस्ट का निरीक्षण कर छूटे मतदाता को जोड़ने का काम करें। कोई भी मतदाता का नाम लिस्ट में न छूटे। इसके लिए लोगों को जागरूक करें। कमलेश राम ने कार्यकर्ता को सक्रिय होकर काम करने और झारखंड जेएमएम कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी मुस्लिमों की संख्या बढ़ रही है। यह चिंता का विषय है। झारखंड में पाकुड़, साहेबगंज और संथाल क्षेत्र के बाद अब रांची के इरबा, नेवरी, कांटाटोली में बांग्लादेशी बसते जा रहे हैं। झारखंड के कोने कोने में बांग्लादेशी को जेएमएम-कांग्रेस पार्टी वोट बैंक बढ़ाने के लिए बसा रही हैं। झारखंड का डेमोग्राफी चेंज हो रहा है। बैठक में रांची ग्रामीण महामंत्री नरेंद्र कुमार सिंह, मंडल प्रभारी उत्पल नाथ शाहदेव, झारखंड प्रदेश एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष कमलेश राम, अमरनाथ चौधरी, रणधीर चौधरी, सुदेश उरांव, मंडल अध्यक्ष महानंद महतो, महामंत्री अमित साहू, शिवलाल महतो, राजा महतो, मीडिया प्रभारी शंकर साहू, अभिषेक महतो, सतेंद्र सिंह, सुरेंद्र महतो, पप्पू महतो, संजीत सिंह, अर्जुन मंडल, नरेश साहू, पूजा सिंह, कामेश्वर, शिवचरण करमाली सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत पौधरोपण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अभियान का थीम ईमानदारी की संस्कृति, राष्ट्र की समृद्धि के लिए है और यह अभियान 16 अगस्त से प्रारम्भ हो चुका है।

**सीसीएल के बरका सयाल एवं मगध-संघमित्रा क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन :** बरका सयाल क्षेत्र में शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि, बरका सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक, अजय सिंह द्वारा किया गया। रक्त इकाइयों का संग्रह सीसीएल गांधी नगर अस्पताल के हेमाटोलॉजी विभाग की मेडिकल टीम द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमओ) डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. श्रिमोई मुखर्जी, डॉ. रंजीत कृष्ण सिंह, और डॉ. मोहन मंडल शामिल थे। बरका सयाल क्षेत्र की चिकित्सा टीम, जिसका नेतृत्व क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुप कुमार टोप्पो ने किया। टीम में जिसमें डॉ. नदीम अनवर, डॉ. आफताब, और डॉ. रिया ने अपना सहयोग दिया।

**शिविर के दौरान कुल 126 यूनिट किया गया रक्तदान**

इस दौरान सीसीएल के कर्मचारियों, श्रमिक संघ के सदस्यों और बरका सयाल क्षेत्र के विभिन्न वर्गों से आने वाले, सामान्य जनता द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को उनके योगदान के मान्यता के रूप में महाप्रबंधक अजय सिंह और सीएमएस डॉ. रत्नेश जैन द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस शिविर में एकत्रित 20 यूनिट रक्त सीसीएल के गांधी नगर अस्पताल के रक्त बैंक में संचित किया गया जो जरूरतमंद मरीजों को दिया जाएगा।

इसी तरह मगध संघमित्रा क्षेत्र में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ सिंह ने अपना रक्तदान कर किया। एकत्रित रक्त का उपयोग थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के उपचार में किया जाएगा। शिविर के दौरान विभिन्न हितधारकों (कर्मचारी, ग्रामीण, यूनियन सदस्य, आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारी) द्वारा कुल 126 यूनिट रक्तदान किया गया। सतर्कता जागरूकता अभियान के दौरान 'स्मृति तरु - वी.ए.सी. 2024' के अंतर्गत गांधी नगर अस्पताल, रांची में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण का नेतृत्व सी.एम.एस. प्रभारी डॉ. रत्नेश जैन, विभागाध्यक्षों, तथा अस्पताल के डॉक्टरों, कर्मचारियों और अन्य लोगों ने सक्रिय भागीदारी के साथ किया।

## शिव शिष्यों ने दूसरी पुण्यतिथि पर साहब हरींद्रानंद को किया नमन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शिव शिष्यता के जनक और इस कालखंड के प्रथम शिव शिष्य साहब हरींद्रानंद की द्वितीय पुण्य तिथि बुधवार को शिव शिष्यों द्वारा पुण्य स्मृति दिवस के रूप में मनायी गयी। इसका आयोजन पुराने विधानसभा में किया गया। भारत के विभिन्न राज्यों से आये हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति लोगों ने वरेण्य गुरुभ्राता की द्वितीय पुण्य स्मृति दिवस में भाग लिया। विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, आदि अन्य देशों से कई लोग शामिल हुए। इस मौके पर प्रो रामेश्वर मंडल, अर्चित आनंद, बरखा आनंद, डॉ अमित कुमार, अनुनीता आनंद, अभिनव आनंद एवं नीहारिका आनंद मौजूद थी। यह जानकारी कन्हैया सिंह ने दी।

## ओबीसी के प्रदेश कार्यालय में याद किये गये जगदेव बाबू

**रांची।** जगदेव बाबू समतामूलक शिक्षा व्यवस्था के पक्षधर व एक सामान तथा अनिवार्य शिक्षा के पैरोकार थे। जगदेव बाबू क्रांतिकारी तथा ओजस्वी विचारों के प्रखर नेता थे। यह बातें गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने शहीद जगदेव प्रसाद की स्मृति दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के पश्चात कही। उन्होंने कहा कि जगदेव बाबू जॉन रस्किन की सोशल इकोनामी से बहुत प्रभावित थे और वह मानते थे कि सिर्फ कुछ लोगों के हाथ में संसाधन होना अन्याय को जन्म देता है।

**खबर एक नजर में**

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना



**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति पथ, रांची के सभागार मे शिक्षक दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखर एवं नर्सरी विंग की प्राचार्या सोमा घोष के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस पुनीत अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सहायक कर्मियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों बी.के. प्रजापति एवं अमल चक्रवर्ती को अंग वस्त्र एवं उपहार देकर विशेष रूप से सम्मानित किया तथा विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ सभी कर्मियों एवं मीडिया के लोगों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. एसबीपी मेहता, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखर, जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा सहित सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने दी डॉ एस राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति व प्रख्यात शिक्षाविद भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के अवसर पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राज्यपाल से मिले डीएसपीएमयू के वीसी



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

### राज्यपाल से मिला लघु उद्योग भारती का डेलिगेशन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को लघु उद्योग भारती का एक शिष्टमंडल विजय छापड़िया के नेतृत्व में राज भवन में मिला। इस दौरान उन्होने राज्यपाल को संस्था की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

### कांग्रेस के दोनों नवनियुक्त प्रदेश सह प्रभारी आज आएंगे रांची

रांची। झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलाका और डॉश बेला प्रसाद शुक्रवार को सेवा विमान से रांची आएंगे। बिरसा मुंडा रांची एयरपोर्ट से सुबह 11 बजे सिमडेगा जिले में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित, प्रखंड, मंडल पंचायत कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी अग्रणी संगठन एवं प्रमुख कांग्रेस जनों के साथ 'संवाद आपके साथ' कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद शाम 07 बजे सर्किट हाउस में पीएसी की बैठक, 08 बजे पूर्व प्रदेश मंत्रियों एवं केंद्रीय मंत्रियों राज्य सरकार के पूर्व मंत्रियों के साथ बैठक में भाग लेंगे।

### श्री दुर्गा पूजा समिति महानगर का किया गया विस्तार

रांची। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक गुरुवार को बिहार क्लब में अध्यक्ष चंचल चटर्जी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से आजीवन मुख्य संयोजक डॉ अजीत कुमार सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू, वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा, महामंत्री रविंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा गोपू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत काफी विचार विमर्श के बाद का महानगर समिति का विस्तार किया गया। जिसमें सह संयोजक दिनेश साहू, दीपक कुमार भरथुआर मुन्ना, प्रेम वर्मा, रमेश सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, दिलीप गोप बनाए गये। मंत्री सम्राट चटर्जी, वीरेन चक्रवर्ती एवं अमित वर्मा। सह मंत्री विजय कुमार टीनू, संतोष वर्मा, क्षितिज मिश्रा, सुभाष साहू, हेमंत ओहदार, प्रकाश शर्मा, संदीप घोष, संतोष झा एवं सकलदीप बड़ाईक को बनाया गया। यह जानकारी महानगर समिति के कार्यकारीअध्यक्ष प्रदीप राय बाबू एवं महामंत्री रविंद्र शर्मा ने दिया।

### राजकुमार बने क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट के प्रदेश प्रवक्ता



**रांची।** बहुबाजार निवासी राजकुमार नागवंशी को ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिलिप खीस्टी और उपाध्यक्ष अजित तिर्की के माध्यम से की गई है। झारखंड प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, महासचिव प्रवीण कच्छप, विधिक सलाहकार दीप्ति होरो, कोषाध्यक्ष अजय ओड़ेया, न्यूमैन पॉल, अरुण हांसदा सहित फ्रंट के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है।

### वशिष्ट लाल पासवान बनाये गये महानगर दुर्गा पूजा समिति के उपाध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई

**रांची।** महानगर दुर्गा पूजा समिति ने वशिष्ट लाल पासवान को महानगर दुर्गा पूजा समिति का उपाध्यक्ष मनोनित किया है। इनके मनोनयन पर युवराज पासवान, संतोष महतो, साकेत कुमार, अमित पासवान, कैलाश पासवान, संजय राम, विशाल पासवान, रूपेश पासवान, अरुण राम, अमित चौरसिया इत्यादि लोगों ने बधाई दी है।

## पीड़ित स्वजनों से मिलने पहुंचे विधायक ने कहा
# मौत पर राजनीति व झूठा आश्वासन बंद करें



**सभी 12 मृतक के स्वजन को मुआवजा राशि सरकार देगी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** विधायक राजेश कच्छप गुरूवार को उत्पाद सिपाही दौड़ में मौत हुए ओरमांझी जीराबार के युवक अजय कुमार के स्वजनों से मिलने उसके घर पहुंचे। उन्होने मृतक के पिता देवीलाल महतो, भाई अंकित कुमार महतो व मौसी मां अनिता देवी से घटना व सरकार से मांग क्या है जानाकरी लिया। घटना के प्रति दुख जताते हुए कोविड वैक्षीन पर सवाल उठाया। कहा रामपुर का विकास कुमार के साथ भी सामान घटना हुई है। दौड़ में गिरने के बाद मुर्क्षित हुए विकास भी अजय कुमार की तरह स्वस्थ हो गया था, और बाद में दोनो की अचानक मौत हो गई। वहीं स्वजनों की नौकरी व मुआवजा राशि पचास हजार की मांग पर विधायक ने बिना नाम लिए भाजपा प्रदेष अध्यक्ष पर कटाक्ष किया, कहा पचास लाख रूपया मुआवजा देने के लिए राज्य में सरकार बनने का इंतजार क्यों, केंद्र में आपकी सरकार है, पैसे अभी देना चाहिए। कहा इस प्रकार की घटना में राजनीति नही होनी चाहिए। पीड़ित स्वजन को झूठा आश्वासन देना गलत परंपरा है। उन्होने मौके से ही बीडीओ से बात कर अबुआ अवास व मंईयां योजना से स्वजनों को जोड़ने का निर्देश दिया। कहा कैबिनेट की बैठक में सरकार से मुआवजा राशि के संबंध में बात किया जाएगा। दौड़ की घटना में मौत हुए सभी 12 युवकों को बराबर राशि देने का निर्णय सरकार द्वारा लिया जाएगा। वहीं मृतक के छोटे भाई अंकित कुमार महतो को नौकरी की मांग पर कहा अपना पेपर तैयार कर लेने को कहा, होम गार्ड, जिला बल हो या उत्पाद सिपाही किसी में भी प्राथमिकता में नौकरी दिलाया जाएगा। इसके अलावे श्रद्धाकर्म के लिए आवश्यक सभी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए उपस्थित कार्यकर्ता को निर्देश भी दिया। मौके पर जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, पंसस परमील उरांव, बाबुलाल महली, अशोक गुप्ता, सुरेश साहू, हरिमोहन महतो व तुलसी खरवार आदि उपस्थित थें।

# शिक्षक दिवस : स्कूली बच्चों ने गुरुजनों को किया सम्मानित



**वेश कीमती उपहार भी दिये**
**रंगारंग कार्यक्रम आयोजित**

**रातू।** प्रखंड के सरकारी और गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज तथा शिक्षण संस्थानों में गुरुवार को शिक्षक दिवस की धूम रही। चारों ओर चहल-पहल रहा। देश के प्रथम उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन 136 वीं जयंती पर बड़े ही श्रद्धा से याद किये गये। 5 सितंबर 1888 को जन्मे श्री कृष्णन ने 1952 से 1962 तक शीर्ष पद को सुशोभित किया। वह भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक, आस्थावान हिन्दू विचारक और राजनेता के तौर पर सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। अलौकिक प्रतिभा के धनी होने के कारण 1954 में भारत सरकार की ओर से उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया था। छात्र-छात्राओं ने उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। स्कूली बच्चों ने गुरुजनों को सम्मानित कर आशीर्वाद लिया। उन्हें वेश कीमती उपहार भी दिये गये। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने मनमोहक कला की छटा बिखेरी।

# रातू : विधायक ने रखी योजना की आधारशिला

**रातू।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को क्षेत्र के परहेपाट में धमकुड़िया भवन की आधारशिला रखी। वहीं, हुरहुरी नयांटोली, बाड़ीटोली व झखराटांड़ में ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने पश्चिमी मंडल भाजपा की बैठक में भी हिस्सा लिया। अगडू में फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में भाग लेकर विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मौके पर इमरान खान, राजेश सिंह, हकीम अंसारी, मो कलाम आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर–3, धुर्वा, रॉंची – 834 004
दूरभाष – 0651-2444501, 2444502, फैक्स –2444506
ई–मेलः jepcranchi1@gmail.com

An ISO 9001:2015 certified

**e-Procurement Notice**

Jharkhand Education Project Council invites Request for Proposal (RFP) through forSelection of agency for establishment of Smart Class which includes Supply, Installation and maintenance for 5 years of Hardware, Software & Connected accessories in the selected 400 Government Middle schools of Jharkhand.The detail tender document including pre-bid dates, last date of submission etc. can be seen in website http://jharkhandtenders.gov.in only. Interested bidder can submit their bid through the portal http://jharkhandtenders.gov.in.

*Notice Ref No. JEPC/ICT/52/76/2024/3263, dated 04/09/2024*

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director

PR 334701 Jharkhand Education Project Council(24-25)D

# जिंदगी में शिक्षक ही हमें सही-गलत का फर्क समझाते हैं : मो सईम हुसैन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** माता-पिता के बाद शिक्षक ही होते हैं, जो हमें गलत राह पर जाने से बचाते हैं। जिंदगी में सही-गलत का फर्क समझाते हैं और समाज में हमें एक बेहतर इंसान बनाने की तमाम कोशिशें करते हैं। उक्त बातें प्रखंड के हाठु गांव स्थित प्रिंस इंटरनेशनल में शिक्षक दिवस पर आयोजित शिक्षक दिवस समारोह के दौरान गुरुवार को विद्यालय के निदेशक मो. सईम हुसैन ने विद्यालय के शिक्षकों के साथ मिलकर सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कही। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक भिखराम उरांव ने शिक्षक दिवस पर सभी छात्र व अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक दिवस 1962 से ही प्रतिवर्ष 5 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों को सम्मानित करने और समाज में उनके अमूल्य योगदान को पहचानने के लिए समर्पित है। साथ ही यह दिन शिक्षा के महत्व और हमारे जीवन को आकार देने में शिक्षकों के प्रभाव को भी याद दिलाता है। इधर शिक्षक दिवस समारोह के दौरान विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जहां उनके बीच में पुरस्कार का विवरण किया गया समारोह में शिक्षक जॉन खेस, सुनील कुमार मेहरा, महेश मुंडा, सोनी उरांव, अंजुम परवीन, निशा कोया, आजरा नाहीद, अनुपा कुमारी व शिक्षका तरन्नुम परवीन को विद्यालय के बच्चों ने शिक्षक दिवस पर उपहार भेंट किये।

# बरवादाग और जोन्हा पंचायत मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अनगड़ा।** प्रखंड के जोन्हा एवं बरवादाग पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के दौरान माईया सम्मान योजना अबुआ आवास सर्वजन पेंशन योजना के प्रति ग्रामीणों की विशेष आकर्षण देखा गया। पंचायत जोन्हा एवं बरवादाग में कांग्रेस के एतवा उरांव ने ग्रामीणों से कहा कि आपकी समस्याओं का समाधान करने आपकेअधिकार के लिए फिर से सरकार आपके दरवाजे तक आई है इसकी भरपूर लाभ लें। उन्होंने गोद भराई एव मुंह जूठी रस्म को भी पूरा किया। पंचायत बरवादाग से वृद्धावस्था पेंशन के 32 सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के चार मातृ वंदना के तीन केसीस के 10 माईया सम्मान योजना के 28 पशुपालन विभाग के 10 खाद्य आपूर्त विभाग के 10 आवेदन प्राप्त किए गए। जबकि जोन्हा पंचायत में अबुआ आवास के 118 वृद्धावस्था पेंशन के 43 मईया सम्मान योजना के नौ राजस्व विभाग रसीद और नाम सुधार के 10 खाद्य आपूर्ति के दो फसल बीमा योजना के 44 पशुपालन के एक सावित्री बाई फुले योजना के 21मनरेगा जॉब कार्ड 34 चिकित्सा विभाग जॉच 24 आवेदन प्राप्त किए गए। मौके पर कल्याण पदाधिकारी सन्तोष कुमार बीसीओ अरबिन्द कुमार प्रखण्ड कृषि प्रभारी अधनु पहान प्रखण्ड लिपिक जनसेवक संगीता बान्डो कांग्रेस नेत्री ममता कुमारी प्रखंड पंचायत समिति सदस्य जोन तिग्गा सहित जयराम महली प्रदीप शाहू गणेश बेदिया संजु बेदिया इत्यादी मौजूद थे।



## कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना**

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 21/2024-25

1. कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत परहाटोली ग्राम डुमरडीह (तुन्दटोली) में लिबनुस कुजूर के घर से बेलटोली नहर पुलिया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 70,04,400 | 1,40,500 | 10,000 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत परहाटोली ग्राम शाहपुर में डुम्बर नाला से दातुखाड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 73,56,000 | 1,47,500 | 10,000 | 06 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत आरागुण्डी ग्राम आरागुण्डी में पी0डब्लू0डी0 रोड से रैंथी सीमान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–1 | 70,80,300 | 1,42,000 | 10,000 | 06 माह | 03/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 4 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत आरागुण्डी ग्राम कुन्दरी में पी0डब्लू0डी रोड से मन्दरचुटी स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 57,77,700 | 1,16,000 | 10,000 | 06 माह | 04/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 5 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत सोहर ग्राम चुटिया में चुटिया और बेलवार ग्राम के बीच पुलिया निर्माण। | 74,96,500 | 1,50,000 | 10,000 | 06 माह | 05/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 6 | प्रखण्ड बारियातु पंचायत बारियातु ग्राम गाडी में टोला रेडाही में प्रकाश मिस्त्री के घर से रेडाही पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 57,49,900 | 1,15,000 | 10,000 | 06 माह | 06/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 7 | प्रखण्ड बारियातु पंचायत शिबला ग्राम बेसरा में उरांव टोली से पासवान टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 52,08,700 | 1,04,500 | 10,000 | 06 माह | 07/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 12.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–18.09.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 20.09.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 334899 Rural Development(24-25)#D

# टीआरएल संकाय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग में मना शिक्षक दिवस

**गुरुओं का हमेशा आदर एवं सम्मान करना चाहिए : डॉ सविता केशरी**

**पिठोरिया।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग में धूमधाम से शिक्षक दिवस दिवस मनाया गया। विभाग के छात्रों एवं शोधार्थियों की ओर से शिक्षकों को पुष्प गुच्छ, शाल व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत और सम्मान किया गया। शिक्षकों ने भी छात्रों के समक्ष अपने विचार रखें और शिक्षक दिवस के महत्व पर रोशनी डाली। मंच संचालन प्रीति कुमारी, विक्की मिंज व गुड़िया कुजूर ने संयुक्त रूप से किया।

विभागाध्यक्ष डॉ सविता केशरी ने कहा कि हमें सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा बताए मार्ग पर चलना चाहिए, उनकी बातों को अपने जीवन में आत्मसात करनी चाहिए, तभी हम एक स्वच्छ और शिक्षित समाज का निर्माण कर पाएंगे। इसलिए, हमें अपने गुरुओं का हमेशा आदर एवं सम्मान करना चाहिए।

प्राध्यापक डॉ उमेश नन्द तिवारी ने कहा कि वास्तव में यह दिन हमें आत्मनिरीक्षण व आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करता है। आज के दौर में मूल्यों और नैतिकता में गिरावट देखी जा रही है, ऐसे हालात में शिक्षकों की भूमिका पहले से कहीं अधिक अब बढ़ गयी है।

# विधायक ने हाथी प्रभावित गांव में टॉर्च और फटाखों का किया वितरण



**सोनाहातू।** प्रखंड के तिलाईपिड़ी गांव में गुरुवार को विधायक सुदेश महतो के निर्देशानुसार विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो ने ग्रामीणों के बीच हाथी को भगाने के लिए टार्च, फटाखे का वितरण किये। मौके पर उदय महतो, अरविंद महतो, विशेश्वर महतो, महेश महतो, तुलशी महतो, श्रीपति महतो, घासीराम महतो उपस्थित थे।

# हेसालोंग में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक, समिति का हुआ गठन

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के हेसालोंग बाजार टाँड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर दुर्गा मंडप के सामने बैठक किया गया। जिसका अध्यक्षता राजन प्रसाद साहू ने किया। बैठक में पूर्व समितियों के द्वारा खर्च का आय व्यय का व्योरा दिया गया। इसके बाद पूर्व समिति को भंग कर नया समिति को सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमे कुलदीप प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष विकास कुमार, तीरथ साहू, मनीष भगत, सचिव अजय प्रसाद साहू, उपसचिव राजेश साहू, संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष जगत प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष शिवपूजन प्रसाद साहू, रविन्द्र कुमार, चंदन कुमार, संरक्षक पंकज प्रसाद, जय प्रकाश प्रसाद, रविन्द्र प्रसाद, पवन प्रसाद, कृष्णा प्रसाद सहित अन्य को समिति का सदस्य बनाया गया।

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI

INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI

**Very Short e-Tender Notice**

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/08/2024-25 DATE:- 04.09.2024

| SL No. | | Name of work | No Of Unit | Estimated Value of Work (in Rs) | Cost Of BoQ (in Rs) | Earnest Money (in Rs) | Time Of Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (i) | Construction of 500 MT Capacity Godown in Lamps/Pacs Of Districts Ranchi, Khunti, Lohardaga, Gumla, Simdega, East Singhbhum(Jamshedpur), West Singhbhum (Chaibasa), Saraikela-kharsawan, Latehar, Palamu, Garhwa and Ramgarh. | 12 | 9,66,30,000.00 | 10,000.00 | 9,66,300.00 | 12 Months |
| | (ii) | Construction of 500 MT Capacity Godown in Lamps/Pacs Of Districts Pakur, Godda, Sahebganj, Deoghar, Dumka, Dhanbad, Jamtara, Bokaro, Giridih, Hazaribagh, Koderma And Chatra. | 12 | 9,66,30,000.00 | 10,000.00 | 9,66,300.00 | |
| 02. | Date Of Publication of on Website | | 09.09.2024 AT 11:00 AM | | | | |
| 03. | Last Date & Time of Submission of bids | | 18.09.2024 AT 05:00 PM | | | | |
| 04. | Name & Address of Office Inviting Tender | | State Monitoring Officer, ICDP Cell, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More, Hatia, Ranchi. 834003 | | | | |
| 05. | Contact No of Procurement Officer | | 7979760612, 7250895727 | | | | |

06. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 09.09.2024 at 11:00 AM to 18.09.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 18.09.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 19.09.2024.
07. Estimate Cost May Vary.
08. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi.

PR 334893 Co-opretive(24-25)D

# झारखंड पब्लिक स्कूल के बालिका अंडर 19 फुटबॉल टीम यूपी के लिए रवाना हुए

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा के अंडर-19 बालिका फुटबॉल टीम खलारी रेलवे स्टेशन से लखनऊ उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुए। सभी फुटबॉल खिलाड़ियों को सीबीएसई के द्वारा लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित ईस्ट जॉन गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट मे शामिल होना है। खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो ने बताया है कि प्रतियोगिता का आयोजन 6 सितंबर से लेकर 9 सितंबर तक जागरण पब्लिक स्कूल लखनऊ में किया जाएगा। प्रतियोगिता में टीम कोच के रूप में गणेश कुमार महतो एवं टीम मैनेजर के रूप में अनुष्का कुमारी अपने टीम के साथ लखनऊ रवाना हुए। **प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में :** सोनी कुमारी, कंचन कुमारी, अलका कुमारी, रिंकी कुमारी, नीता कुमारी, दीपिका कुमारी, संगम कुमारी, सुलेखा कुमारी, मोनिका कुमारी, राखी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सोनम कुमारी, शांति कुमारी, तृषा कुमारी एवं शिवानी कुमारी है। चयनित खिलाड़ियों को झारखड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा के निर्देशक सह प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान एवं स्कूल के सभी शिक्षकों के द्वारा शुभकामनाएं दी गयी।

## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड रॉंची के संकल्प संख्या 2196 दिनांक 23–09–2022 एवं आदेशांक–2872 दिनांक–20.12. 2022 तथा आदेशांक–2044 दिनांक– 24.07.2023 के आलोक में कोडरमा जिला के आंगनबाडी केन्द्रो एवं लघु आंगनबाडी केन्द्रो में उपस्थित होने वाले 03–06 वर्ष के बच्चो को गर्म पोशाक स्वेटर **(Hoodie)** (Winter Uniform) उपलब्ध कराया जाना है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित आंगनबाडी केन्द्र एवं लघु आंगनबाडी केन्द्रो में पंजीकृत 03–06 वर्ष के बच्चो के लिए गर्म पोशाक स्वेटर **(Hoodie)** (Winter Uniform) का क्रय एवं आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी से मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन मुहर बन्द लिफाफे में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक–20 /09 /2024 को पूर्वाह्न/अपराह्न 12:00 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते है। उक्त निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–20 /09 /2024 को 03:00 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय क्रय समिति/निविदा समिति के सदस्यो के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र0 | विवरणी | तिथि एवं राशि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की कुल राशि | 99,12,000/–रू0 |
| 2 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 05/09/2024 |
| 3 | निविदा जमा करने का स्थान | जिला समाज कल्याण कार्यालय कोडरमा |
| 4 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक– 20 /09 /2024 पूर्वाह्न/अपराह्न 12:00 बजे तक |
| 5 | नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक– 20 /09 /2024 |
| 6 | निविदादाताओं का जिला क्रय समिति के साथ बैठक एवं निविदा खोलने की तिथि | दिनांक– 20 /09 /2024 अपराह्न 03:00 बजे |

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा।

PR 334886 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)

# इटकी मे धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**इटकी।** इटकी बारीडीह स्थित महाराजा रणजीत सिंह पब्लिक स्कूल में गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में रंग-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन स्कूल के डायरेक्टर डॉ तरण सिंह ने किया। इससे पूर्व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। मौके पर प्रिंसिपल गुरमीत कौर, मिताली कुजूर, शाहनवाज आलम, रश्मि, पिंकी, ममता सहित अन्य मौजूद थे।

## JHARKHAND EDUCATION PROJECT COUNCIL
DoSE&L, GOVERNMENT OF JHARKHAND
Old HEC High School, JSCA Stadium Road, Sector-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone No.- 0651-2444501, 2444502, Fax-0651-2444506, email: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested bidders for Supply, installation and 3 year maintenance of 264 piece Smart LED TV & UPS. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal online latest by **26.09.2024 at 03:00 PM.** All documents required for Technical evaluation must be uploaded online. Cost of Bid and EMD must be paid online. A pre-bid meeting in this regard will be held on 09.09.2024 at 11:30 AM at our above mentioned office.

The details of the Tender can be seen & applied through website https://jharkhandtenders.gov.in only.

**Bid Ref. No. –IE/13/12/2021/3283 Date :04/09/2024**

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director

PR 334703 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)

## Office of the DG & IG of Police, Jharkhand, Ranchi.

**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**POLICE HEADQUARTERS, RANCHI**

Jharkhand Police intends to insure the lives and limbs/body parts of its police personnel like Bomb disposal squads who are engaged in Bomb detection and disposal operation/ Anti sabotage check/IED and Bomb detection and disposal Training other than anti naxal operations in the State. The number of such personnel is approximately **58**. The Insurance Cover for them is proposed to stay from 00.01 hrs. on date-30-09-2024 and is proposed to remain valid initially for a period of one year and is proposed to be extended for a period of one year more depending on the suitability of the chosen Insurance Company.

As per existing rules, Jharkhand Police is authorized to pay a maximum **annual premium of Rupees 2950/-(Rs Two Thousand Nine Hundred Fifty only including service tax) per personnel** covered under this insurance scheme. However, bid will be finalised in favour of the Bidder who quotes the lowest Annual Premium per personnel

"Expression of Interest" is invited from the bonafide and reputed companies engaged in insurance of lives and limbs/body parts. The 'Expression of Interest' should contain the Capital Sum Insured, detailed terms and conditions and procedure for settlement of claims.

**TECHNICAL BID-Corresponding Benefits/Coverages Amount should not be mentioned in this Bid separately.**

The Minimum coverage proposed is as below:-

**Capital Sum Insured (CSI): Rs- 60,00,000/-**

| Benefits/ Coverage | | % of capital sum Insured |
|---|---|---|
| A. | Death | 100% |
| B. | Permanent total disability | 100% |
| C. | Loss of two limbs, loss of sight of two eyes or loss of one limb & loss of sight of one eye. | 100% |
| D. | Loss of one limb or loss of sight of one eye. | 50% |
| E. | Permanent Partial Disablement | In accordance with IRDA (Insurance Regulatory Development Authority) Norms. |
| F. | In case of Hospitalization in private or Government Hospital due to injury, all expenses of Hospitalization in the initial and letter phases of treatment due to that injury. | Not less than Rs **20,00,000/-** Maximum preferably cashless system, which also includes expenses towards hiring of Medical Ambulances. |
| G. | Children's Education compensation | Not less than Rs. **5,00,000/-** lumpsum Maximum for two children on death of police personnel (towards at least next 5 years education fees compensation to be paid immediately). |
| H. | Expenses of carriage of dead body during Bomb disposal duty | Not less than Rs. **50,000/-** |
| I. | Road accident and other accident, during or in run up Bomb detection and disposal activities | Not less than Rs **20,00,000/-** for death & Rs **7,50,000/-** for Medical expenses. |
| J. | Death resulting from Snake Bite during or in run up to Bomb detection and disposal activities. | Not less than Rs **20,00,000/-** for death & Rs. **7,50,000/-** for medical expenses. |

The 'Expressions of Interest' are expected to be submitted to the D.I.G.(Budget) in the Office of the D.G. & I.G. of Police, Jharkhand on or before 26-09-2024 by 15:00 hrs, after which no proposal would be accepted. 'Expression of Interest' will be opened in presence of the representatives of respective bidding Insurance Companies in the office chamber of the D.I.G.(Budget) in the office of the D.G. & I.G. of Police, Jharkhand, Ranchi on the 27-09-2024 at 15 :00 hrs. The final award may involve a process of negotiations after opening of the 'Expressions of Interest' regarding clarification on the various points raised in such 'Expressions'. The 'Expressions of Interest' is also can be seen on Jharkhand Police Website www.jhpolice.gov.in.

**FINANCIAL BID & TECHNICAL BID must be in corresponding separate Envelopes.**

**Deputy Inspector General of Police (Budget),**
**Jharkhand, Ranchi**

PR 334749 (Police) 24-25 (D)

# न्याय और उम्मीद

आम लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। न्यायमूर्ति ने स्वीकारा कि एक जज के रूप में यह स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय होनी चाहिए। उन्होंने माना कि इन स्थितियों में किसी तरह का समझौता समाज में पहले से व्याप्त असमानता को ही दशार्ता है। उन्होंने वादों के शीघ्र निपटान में लोक अदालतों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। निस्संदेह, गाहे-बगाहे न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका द्वारा न्याय मिलने में होने वाली देरी को लेकर चिंता जरूर जतायी जाती है,लेकिन इस जटिल समस्या के समाधान की दिशा में बदलावकारी प्रयास होते नजर नहीं आते। जिसके चलते तारीख पर तारीख का सिलसिला चलता ही रहता है। न्याय के इंतजार में कई-कई पीढ़ियां अदालतों के चक्कर काटती रह जाती हैं। देश में शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में मुकदमों का अंबार निश्चित रूप से न्यायिक व्यवस्था के लिये असहज स्थिति है। बताया जाता है कि देश में तीनों स्तरों पर करीब पांच करोड़ मामले लंबित हैं। निश्चित ही यह न्यायिक व्यवस्था के लिये एक गंभीर चुनौती है। जिसके बाबत देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करना चाहिए। निस्संदेह, भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। लेकिन इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में पर्याप्त न्यायाधीशों व न्यायालयों की उपलब्धता नहीं है। निश्चित रूप से न्याय का मतलब न्याय मिलने जैसा होना चाहिए। न्याय समाज में महसूस भी होना चाहिए। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज व सरल तथा आम आदमी की पहुंच वाली होनी चाहिए। इस दिशा में कुछ प्रयास हुए भी हैं लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जिससे तारीख पर तारीख का सिलसिला थम सके।

# राहुल का आरोप

देश में 1947 में कांग्रेस की सरकार ने जम्मू-कश्मीर के राजा को हटाकर उसे राज्य का दर्जा दिया था लेकिन भाजपा सरकार ने पांच वर्ष पहले राज्य के दर्जे को समाप्त कर यहां एक राजा (लेफ्टीनेंट गवर्नर) को बैठा दिया है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य को केन्द्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया जा रहा है, जबकि अब तक केन्द्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया जाता रहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी को अवसर मिला तो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटायेगी। 90 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस 32 सीटों पर और नेशनल काफ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पांच सीटों पर फ्रेंडली फाइट होने जा रही है।18 व 25 सितम्बर तथा 1 अक्टूबर को यहां (तीन चरण) चुनाव होने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस संवेदनशील राज्य में दस वर्षों के बाद चुनाव होने जा रहे हैं। 5 अगस्त, 2019 को भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर के लिये लागू अनुच्छेद- 370 को हटा कर इसे और लद्दाख को केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया था। उसी साल विधानसभा का चुनाव होना था लेकिन वह इसी आधार पर टाल दिये गये थे। यहां चुनाव कराने की अनिच्छुक भाजपा की केन्द्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के अंतर्गत चुनाव कराना लाजिमी हो गया है। महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) गठबन्धन का हिस्सा तो नहीं है लेकिन समझा जाता है कि जरूरी हुआ तो उसका समर्थन कांग्रेस-एनसी को मिल सकता है। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि भाजपा से लोगों की इस कदर नाराजगी है कि उसे कश्मीर में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सका है। उम्मीद है चुनाव के बाद कश्मीर में एक लोकतांत्रिक सरकार बहाल होगी जो लोगो  का विश्वास जीत पायेगी।

# भारत में युवाओं का कम रोजगार दर





- प्रशांत झा

> विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार उत्तरी अमेरिका में 15 से 24 साल की आधी से अधिक आबादी के पास रोजगार है। कुल काम करने वाली आबादी में काम करने वाले लोगों के अनुपात को रोजगार दर कहा जाता है। उत्तरी अमेरिका में रोजगार दर 50 .6 प्रतिशत थी। यह दर आ?र्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) देशों में तकरीबन 42 प्रतिशत और यूरोपीय संघ के देशों में 33 प्रतिशत थी।

देश के आर्थिक विकास का सबसे बड़ा जरिया 15 से 24 साल के युवा होते हैं। यह वह उम्र होती है जब लोग स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद रोजगार के बाजार में भविष्य संवारने या जीवन बसर करने के लिए धन कमाते हैं। आमतौर 12वीं कक्षा की पढ़ाई 18 साल, स्नातक की पढ़ाई 21 साल और स्नातकोत्तर की शिक्षा 23 या 24 साल तक पूरी हो जाती है। लोगों में शिक्षा पूरी करने के बाद रोजगार के बाजार में प्रवेश करने का दौर अलग-अलग रहता है। भारत में ज्यादातर लोग 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद इस बदलाव के दौर से गुजरते हैं। शिक्षा प्राप्त करने का दौर कभी भी खत्म नहीं होता है लेकिन आजकल की दुनिया में कामधंधा 15 से 24 साल की उम्र के बीच जरूर शुरू हो जाना चाहिए।

यह सामाजिक मानदंड है कि शिक्षा की दुनिया से निकल कर रोजगार की दुनिया में प्रवेश करना होता है। ऐसे में शिक्षा से रोजगार तय होता है और रोजगार से समाज में रुतबा तय होता है। बेरोजगारी एक कलंक की तरह हो सकती है, लोग बेरोजगार व्यक्ति से दूरी बनाना शुरू कर देते हैं। इससे बेरोजगारी के कारण सामाजिक बहिष्कार भी झेलना पड़ सकता है। इससे बेरोजगार व्यक्ति मानसिक दबाव में भी आ जाता है। भारत में बेरोजगारी को मैक्रोइकनॉमिक्स की समस्या के तौर पर स्वीकार नहीं किया जाता है। इसकी जगह बेरोजगारी को व्यक्तिगत नाकामयाबी के तौर पर देखा जाता है और यह कई सामाजिक अलगाव का जरिया बन जाती है।

व्यक्तिगत तौर पर 15-24 साल की आयु चुनौतीपूर्ण होती है और इस आयुवर्ग के लोग अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होते हैं। अर्थव्यवस्था को शिक्षा पूरी करने के बाद संक्रमणकाल से गुजरे इन युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए तैयार रहना चाहिए। ये लोग युवा होते हैं, ऊजार्वान होते हैं और हाल में शिक्षा पूरी की हुई आबादी होती है। अगर इस आबादी को सही ढंग से उपयोग किया जाता है तो यह विकास, बचत और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। यदि इस आबादी का लंबे समय तक सही ढंग से उपयोग नहीं किया जाता है तो वे समाज में परेशानी पैदा करने का कारण बन सकती है।

विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार उत्तरी अमेरिका में 15 से 24 साल की आधी से अधिक आबादी के पास रोजगार है। कुल काम करने वाली आबादी में काम करने वाले लोगों के अनुपात को रोजगार दर कहा जाता है। उत्तरी अमेरिका में रोजगार दर 50.6 प्रतिशत थी। यह दर आ?र्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) देशों में तकरीबन 42 प्रतिशत और यूरोपीय संघ के देशों में 33 प्रतिशत थी।

विश्व बैंक के इन आंकड़ों के अनुसार भारत में 15 से 24 साल के लिए रोजगार दर 23 प्रतिशत है। भारत में रोजगार दर 2018 में 20.6 प्रतिशत थी, यह 2019 में बढ़कर 20.7 प्रतिशत हो गई और 2020 में फिर बढ़कर 23.2 प्रतिशत हो गई। लेकिन 2012 में रोजगार दर बहुत ऊंची 29.3 प्रतिशत और 2010 में 32.4 प्रतिशत थी। यह 2005 में 40.5 प्रतिशत और 1994 में 43.4 प्रतिशत थी। रोजगार दर 1994 में 43.4 प्रतिशत से अत्यधिक गिरकर 2020 में 23.2 प्रतिशत पर आ गई थी। विश्व बैंक विभिन्न देशों में तुलनात्मक अध्ययन का महत्त्वपूर्ण आंकड़ा मुहैया कराता है। इस मामले में रोचक तथ्य यह है कि चीन ऐसे आंकड़े मुहैया नहीं कराता है।

यही संभावित कारण है कि विश्व बैंक विश्व के युवाओं के रोजगार की दर पेश नहीं कर पा रहा है। लेकिन हमें विश्व बैंक के आंकड़ों से यह पता चलता है कि पाकिस्तान में 15-24 साल के युवाओं में रोजगार दर 38.9 प्रतिशत थी और यह बांग्लादेश में 35.3 प्रतिशत थी। श्रीलंका में सिर्फ 24.1 प्रतिशत लोगों के पास रोजगार था। पड़ोसियों के संदर्भ में बात की जाए तो भारत में युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा। विश्व बैंक विभिन्न देशों के आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन मुहैया कराता है। विश्व बैंक का आंकड़ा आधिकारिक आंकड़ों पर आश्रित होता है। इसमें अंतरराष्ट्रीय श्रम बल (आईएलओ) के दिशानिर्देशों के अनुसार रोजगार की लचीली परिभाषा होती है। हालांकि सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) के कंज्यूमर पिरामिड्स हाउसहोल्ड सर्वे (सीपीएचएस) की रोजगार को लेकर अधिक कड़ी परिभाषा है। इसलिए युवाओं में रोजगार की अधिक खराब दर दिखती है। हालांकि विश्व बैंक के अनुसार भारत के युवाओं में रोजगार दर 23.2 प्रतिशत थी। हालांकि सीएमआईई के सीपीएचएस के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में इस आयु वर्ग में रोजगार दर केवल 10.9 प्रतिशत थी। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि बीते पांच सालों में सीपीएचएस की डेटाशीट में यह दर तेजी से गिरी है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में युवाओं (15 से 24 साल) में रोजगार दर 20.9 प्रतिशत थी। यह अगले साल 2017-18 में गिरकर 17.9 प्रतिशत और साल 2018-19 में फिर गिरकर 15.5 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। महामारी से ठीक पहले 2019-20 में रोजगार दर फिर थोड़ा गिरकर 14.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसके बाद महामारी के पहले साल 2020-21 में भारत के युवाओं की रोजगार दर नाटकीय रूप से गिरकर 10.9 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। साल 2021-22 में फिर थोड़ी गिरकर 10.4 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। युवाओं के लिए रोजगार की कार्यदशाएं आमतौर पर खराब हैं। आयु वर्ग 15 से 24 की रोजगार सहभागिता दर (एलपीआर) तुलनात्मक रूप से कम है। साल 2016-17 और 2021-22 के बीच एलपीआर 42.6 प्रतिशत थी। हालांकि युवाओं में एलपीआर दर कहीं कम 22.7 प्रतिशत थी।

इससे युवा बेरोजगारी का कहीं ज्यादा सामना कर रहे हैं। बेरोजगारी की औसत दर 7 प्रतिशत थी। लेकिन युवाओं में बेरोजगारी की दर 34 प्रतिशत से अधिक थी। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि एलपीआर की समग्र दर में गिरावट की तुलना में युवाओं में यह दर तेजी से गिर रही है। लेकिन उच्च बेरोजगारी दर युवाओं को श्रम बल में भागीदारी करने से रोकती है। यह महिलाओं के मामले में भी सही साबित होता है।

## खास बात

# शेयर बाजार में सावधानी

रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल्स की एसएमई प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) को लेकर मचने वाला हो हल्ला संकेत करता है कि प्राथमिक बाजार अतिउत्साह के दौर से गुजर रहा है। एसएमई आईपीओ भी सामान्य आईपीओ की तरह होते हैं जो छोटे और मझोले उपक्रमों द्वारा पेश किए जाते हैं, जिनकी मदद से पूंजी जुटाने और शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के प्रयास किए जाते हैं। रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल्स एक मोटरसाइकिल डीलर है जिसके दो शोरूम और आठ कर्मचारी हैं। वह 12 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास कर रही थी। उसे 4,800 करोड़ रुपये मूल्य की बोली हासिल हुईं। अधिकांश निवेशक खुदरा और गैर संस्थागत थे। वित्त वर्ष 25 में अब तक औसतन हर आईपीओ के लिए 2.19 लाख लोगों ने आवेदन किया है। इसके विपरीत वित्त वर्ष 20 में हर आईपीओ के लिए लगभग 408 लोग आवेदन करते थे। वित्त वर्ष 21 में यह आंकड़ा बढ़कर 511 हुआ था। रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल्स के अलावा होआक, फूड्स इंडिया, मेडिकामेन ऑर्गेनिक्स, कोरा फाइन डायमंड ज्वैलरी और मैक्सपोजर जैसी कंपनियों को हजार गुना से अधिक ओवर सबस्क्रिप्शन मिला।

वित्त वर्ष 25 में औसतन एक आईपीओ को पहले दिन 76 प्रतिशत की तेजी हासिल हुई। 2024 में कम से कम 60 आईपीओ 90 फीसदी से अधिक प्रीमियम पर सूचीबद्ध हुए। उससे पिछले वर्ष में औसत सूचीबद्धता 50 फीसदी से अधिक थी और प्रति आईपीओ 1.13 लाख आवेदन हुए थे। इससे पता चलता है कि खुदरा निवेशक जोखिम लेने के मिजाज में हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी के एक अध्ययन में नौ करोड़ से अधिक आईपीओ निवेशकों के कारोबारी रुझान का परीक्षण किया गया और पाया गया कि अधिकांश निवेशकों ने एक हफ्ते के भीतर बिकवाली कर दी जबकि 70 फीसदी ने एक वर्ष के भीतर। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने भी एक सप्ताह के भीतर ही 65.4 फीसदी आवंटित शेयर बेच दिए और 87.8 फीसदी ने एक साल के भीतर उन्हें बेच दिया।

**लोकसभा** बनारस से मेरे लोकसभा क्षेत्र गोड्डा - देवघर की विकास यात्रा, माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर बैद्यनाथ जी से विश्वनाथ जी भाया गया भगवान विष्णु के शहर होते हुए वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत होगी ।

**- डॉ निशिकांत दूबे, सांसद**

## आपके ट्वीट

**आंगनवाड़ी** दीदियां न केवल पोषण का ध्यान रखती हैं,बल्कि प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के अंतर्गत बच्चों के जीवन की पहली शिक्षिकाएं भी बनती हैं। देश के बच्चों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभा रहीं हमारा सादर आभार। **– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**झारखण्ड** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, राज्य की मेरी लाखों बहनों के मान, सम्मान और स्वाभिमान की योजना।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

# देवी का रूप

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

ऋषि विभांडक गुस्से में थे। लेकिन अंग देश के ज्यातिषियों ने कहा कि आपके पुत्र श्रंगी के प्रारब्ध में विवार लिखा है और राजा के पुत्री से ही लिखा है। इस शादी को आप संपन्न कीजिए। इस प्रकार श्रंगी ऋषि का विवाह राजा रोमपाद की पुत्री शांता से हो गयी। शांता का बचपन अयोध्या में बीता था। विवाह के बाद वह अयोध्या आयी। अयोध्या में वशिष्ठ जी ने शांता से कहा कि तुम्हारे पति श्रंगी ऋषि को सार्मथ्य है कि वे पुत्रयेष्टि यज्ञ कराकर राजा दशरथ को संतान दे सकते हैं। अतः तुम उनका लेकर अयोध्या आओ। शांता अपने पति श्रंगी ऋषि को लेकर अयोध्या आई। अयोध्या से आठ किमी दूर पर उन्होंने पुत्रयैष्टि यज्ञ संपन्न किया। यह स्थान वर्तमान समय में मखौड़ा के नाम से जाना जाता है। यज्ञ संपन्न होने के बाद श्रंगी ऋषि ने राजा दशरथ के तीनों रानियों के लिये खीर दिया। इसके बाद राजा दशरथ को चार पुत्र श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुध्न का जन्म हुआ। कौशल्या को श्री राम, कैकेयी को भरत एवं सुमित्रा को लक्ष्मण और शत्रुध्न के माता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। शिक्षा दीक्षा

नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायजो कर्मण। शरीरयापि च ते न प्रसिद्धयेदकर्मण।। जब चारो राजकुमार शिक्षा के योग्य हुये तो इन्हें विधाअध्ययन के लिये वशिष्ठ के गुरुकुल में भेज दिया गया जहां चारों राजकुमार की शिक्षा-दीक्षा हुई। समावर्त्तन के समय जब चारों राजकुमार आने लगे तो आने के समय वशिष्ठ ने कुछ आदेश दिये।

ब्रम्हा विद्यालय सह आश्रम

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### शिक्षक



शिखक केवल वे नहीं जो हमें कक्षा में पढ़ाते हैं...बल्कि हर वो व्यक्ति शिक्षक है जिससे हम कुछ न कुछ हमेशा सीखते हैं...! आपका सबसे बड़ा शिक्षक आपकी 'आखरी गलती' हैजिसे जानकर सुधार आपको अप्रतिम ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है..! आप सभी को शिक्षक दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं।

**– विशाल कुमार दुबे**
**सोशल मीडिया प्रभारी, भाजपा , चैनपुर मंडल**

### हकीकत बताएं

**पहले** महाराष्ट्र व बिहार पुलिस में तकरार, फिर सीबीआई को जांच की जवाबदारी सौंपने से इसकी परतें खुलने लगी है। ड्रग डीलर की गिरफ्तारी नए राज खोलेगी कि फिल्मी दुनिया में क्या-क्या चल रहा है। सीबीआई दाऊद के कनेक्शन की भी जांच करे, जिससे फिल्मी हस्तियों के वास्तविक चरित्र का पता लग सके। यह समस्या पूरे युवा शक्ति को बर्बाद कर रही है।

**–अमृतलाल, मेदिनीनगर**

# झारखंडी संस्कृति का दर्पण है करमा पूजा



**सत्यनारायण गुप्ता**

त्यौहारों का मौसम शुरू हो चुका है। प्रकृति के साथ अन्योन्याश्रय और अटूट संबंध रखने वाले झारखंडवासियों के पर्व त्यौहार भी आने वाले हैं ।लोक गीतों का मधुर तान, मांदर की थाप और नगाड़े की आवाज करमा पर्व के आगमन की सूचना दे रही है ।इसके बाद जीतिया,दशई,सोहराई,टूसू ,माघे पर्व और फिर कुछ दिनों बाद फगुआ और सरहुल। मौसम के बदलते रंग और फसल बुआई से लेकर कटाई तक त्यौहारों के रूप में झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों रीझ रंग भी बदलते रहते हैं।

भादो शुक्ल एकादशी तिथि को मनने वाले पर्व करमा भाई बहन के प्यार को दशार्ने वाला पर्व है ।साथ ही यह कर्म और धर्म दोनों को समान महत्व देने का संदेश देता है ।इस दिन बहनें बहनें व्रत रख कर भाइयों के सुख समृद्धि की कामना करतीं हैं ।धान की रोपनी हो जाने के बाद अच्छी फसल की कामना के उद्देश्य से भी यह पर्व मनाया जाता है। युवतियां करम पूजा के कुछ दिन पहले ही नदी और जलाशयों से स्वच्छ बालू-मिट्टी लाकर टोकरी में रखतीं हैं और उसमें धान, गेहूं,मडुआ,जौ और चना आदि के बीच बोकर रख देती हैं इसे जावा उगाना कहते हैं। युवतियां एक दूसरे का हाथ थाम कर घेरा बनाते हुए जावा उगाने का गीत गाती हैं और नृत्य करतीं हैं।

## पर्व

पूजा के दिन नए वस्त्र पहन कर और सज संवर कर उपवास रखकर शाम में आंगन में करम डाली को गाड़ कर उसके चारों ओर बैठ कर पूजा करतीं हैं और करमा धरमा की कथा सुनती है।

कर्मा पूजा की कहानी कुछ इस प्रकार है, करमा और धरमा नाम के दो भाई थे। जो कि अपनी छोटी बहन को बहुत प्यार करते थे। करमा धरमा बहुत मेहनत करते थे और सचरित्र थे। लेकिन दोनों काफी गरीब थे ।उनकी बहन भगवान को बहुत मानती थी और करम पौधे की पूजा करती थी। एक बार कुछ दुश्मनों ने उस पर हमला कर दिया और उसके दोनों भाइयों ने अपनी जान की बाजी लगाकर अपनी बहन को बचाया । तब बहन ने करम पौधे से अपने भाइयों के लिए खुशी और समृद्धि का वरदान मांगा । जिसके बाद उसके दोनों भाई काफी सुखी संपन्न हो गए। इस खुशी में वे भी अपनी बहन संग करम पौधे के आगे काफी नाचे गाए थे। तब से ही करम पौधे की पूजा भाई-बहन करते हैं। नाचते गाते हैं और बहनें भाइयों की सुख समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। करमा पर्व की एक कहानी है जिसमें धरमा का भाई पथभ्रष्ट हो जाता है, लेकिन करम देवता की कृपा से फिर से सही रास्ते में आ जाता है।

वन से करम डाली लाने का कार्य भी अनुष्ठान पूर्वक होता है ।इसके लिए गांव के लोग मांदर बजाते और नाचते गाते जंगल जाकर करम की डाली लाते हैं ।करम पूजा की रात और पूजा के दूसरे दिन लोक नृत्य और गीतों से वातावरण गुंजायमान हो उठता है ।करम बासी (करमा के अगले दिन) को नाच- गाने,गाजे- बाजे के साथ करम डाली को नदी और जलाशयों में विसर्जित कर दिया जाता है। पूजा - अर्चना, उपवास और आस्था के साथ-साथ झारखंड के अन्य त्यौहारों की तरह करमा भी सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देता है। जब हम आखरा में का सामूहिक नृत्य देखते हैं, समवेत स्वर में लोक गीत सुनते हैं और एक ही आंगन में सभी को पूजा करते हुए देखते हैं, तो लगता है कि इस व्यक्तिवादी और भौतिकवादी दुनिया से कितने अलग हैं, हमारे झारखंड वासी।

# मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां और योजना

**डॉ. लोकेश कुमार**

## सामयिक

**पीएम** नरेन्द्र मोदी की सरकार सामाजिक कल्याण की योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण के कार्य में जुटी है। मोदी सरकार गरीब को भोजन, आवास, रसोई गैस, स्वास्थ्य, किसानों को आत्मसम्मान, लघु और सूक्ष्म उद्यमियों को अपना रोजगार चलाने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवा रही है। देश की आजादी के बाद कई दशकों से गरीब का घर अंधेरा में था, आज उसमें खुशियों के चिराग जल रहे हैं। यह सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को लेकर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार के उद्देश्य को पूरा करने के लिए समर्पण के साथ रात-दिन एक करके देश के गरीब वंचित लोगों के सहयोग में जुटी हुई है। इन योजनाओं का लाभ शहरी नहीं बल्कि दूर दराज में बैठे ग्रामीण भी उठा रहे हैं। क्योंकि सरकार बैंकों के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में पैसा पहुंचा रही है। इस लाभ के बीच में किसी का दखल नहीं है, ना कोई बिचौलिया है। प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान एक ऐसा अभियान है, जिसने अपने सांगठनिक ढांचे को सम्पूर्ण भारत में मजबूत कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। यह योजनाएं गरीब के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना**

यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति के नाम जमीन होनी चाहिए। इस योजना का मकसद उन किसान परिवारों की आय बढ़ाना है, जिनके पास खेती योग्य जमीन है। उसकी भूमि दो एकड़ से अधिक नहीं होनी चाहिए, दो एकड़ से अधिक भूमि वाला किसान योजना से वंचित रहेगा। यह योजना उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से 24 फरवरी, 2019 से प्रारंभ हुई। अभी हाल ही में 18, जून 2024 को 17 वीं किश्त जारी कर दी गई। इस योजना में हर चार महीने में दो हजार रुपये वित्तीय लाभ किसानों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मोड में बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं। एक वर्ष में कुल छह हजार रुपये किसानों को भेजे जाते हैं ।इस योजना का 11 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिल रहा है। इससे किसानों की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है, भारत का जीडीपी में सुधार आता है।

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना**

मोदी सरकार ने महिलाओं को मिट्टी के चूल्हें से आंखें खराब होने से बचाने के लिए 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को निशुल्क एलपीजी सिलेण्डर और चूल्हे वितरित किए गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने के लिए उपयोग में आने वाले जीवाश्म ईंधन की जगह एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना है। योजना के माध्यम से सरकार महिला सषक्तीकरण को बढ़ावा देना है ।उत्तर प्रदेष के बलिया से 1 मई, 2016 को इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा हो जाती है। अगस्त में कैबिनेट की मीटिंग में 75 लाख लाभार्थियों को और जोड़ने की मंजूरी दी गई। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर पर दी जाने वाली 450 रुपए की सब्सिडी को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी है। इस योजना का लाभ बिना किसी धर्म और जाति के साथ भेदभाव के बिना गरीब को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4.21 करोड़ मकान बनाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना का शुभारंभ 25 जून, 2015 को हुआ। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में निर्णय लिया है कि आवास की जरूरत को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को आवास बनाने में मदद की जाएगी। इस योजना के माध्यम से गरीब और बेघर लोगों को आवास की सुविधा प्रदान कराई जाती है। योजना के तहत ग्रामीण लाभार्थियों को अपना खुद का घर बनवाने के लिए सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना से गरीब का घर बनाने का सपना पूरा होता नजर आ रहा है। इससे चार करोड से अधिक परिवारों को सिर पर छत मिली है।

## स्पीड न्यूज

### उच्च विद्यालय में मना शिक्षक दिवस



**कुजू।** बालिका उच्च विद्यालय कुजू में शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठुंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें। विद्यालय के छात्राओं द्वारा शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कहा कि आप अपनी दयालुता, बुद्धिमत्ता और समर्पण से हमारे जीवन में बदलाव लाने का सतत प्रयास रहा है। मौके पर कुलदीप प्रसाद शिशुपाल महतो ,भुनेश्वर महतो ,बबीता कुमारी, सुमन कुमारी, रामनरेश शर्मा ,किरण कुमारी, रीना देवी ,प्रभा, नरगिस, सना,खुशी ,साजदा आदि शामिल थे।

### न्यू एंजल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम



**रामगढ़।** न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेंसला के प्रांगण में गुरुवार को डॉ एस राधाकृष्णन का जन्म शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें शिक्षकों को छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के माध्यम से सम्मान दिया गया। स्कूल प्रिंसिपल मीली शाह ने दीप प्रज्जवलित कर डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। कक्षा नर्सरी से सातवीं कक्षा के छात्र एवं छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 4 एवं कक्षा 2 की छात्रों ने किया। स्कूल की प्रिंसिपल मिली शाह ने सभी शिक्षक दिवस की सभी को बधाई दी। मौके पर शिक्षक तौकीर , नसीम ,वीरेंद्र , वीणा, शिवानी ,रंजीता , मोनिका ,सोनी ,यास्मीन , मीरा ,बीना, आफरीन , गौसिया , सना , आसीया ,रजनी आदि उपस्थित थे।

### कोल कंट्रोलर ने माइंस का किया निरीक्षण



**रजरप्पा।** कोल कंट्रोलर संतोष ने रजरप्पा क्षेत्र का दौरा किया। हरीश दुहान तकनीकी निदेशक सीसीएल भी थे मौजूद। इस दौरान उन्होंने रजरप्पा ओपन कास्ट माइंस तथा रजरप्पा वॉशरी का दौरा किया। रजरप्पा परियोजना के प्रोडक्शन, कोल क्वॉलिटी, भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान महाप्रबंधक बिनोद कुमार, परियोजना पदाधिकारी आरके सिंह व अन्य उपस्थित थे।

### मांडू से भाजपा प्रत्याशी को मिले टिकट



**कुजू।** भाजपा मांडू मंडल कार्यसमिति की बैठक कुजू पंचायत सचिवालय में हुई। इसकी अध्यक्षता मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह व संचालन मंडल महामंत्री अशोक कुमार ने किया। मांडू विधानसभा प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनेगी। सभी भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं।बैठक में सभी कार्यकर्ता ने एक स्वर में मांडू विधानसभा से भाजपा का स्थानीय उम्मीदवार देने की मांग की। बैठक में अमरेन्द्र गुप्ता, जगेश्वर प्रजापति, महेन्द्र प्रजापति, सर्वेश सिंह, प्रदीप सिन्हा, भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू व अन्य शामिल थे।

### रजरप्पा में खिले काशी के फूल



**रजरप्पा।** खुला आकाश व हरी-भरी वादियों के बीच जब काशी फूल खिल जाता है तो प्रकृति की खूबसूरती और भी बढ़ जाती है। कहा जाता है काशी के फूल के खिल जाने का मतलब अब बारिश के मौसम की विदाई और शरद ऋतु के आगमन का संकेत है। गांव के पगडंडियों व खेतों के मेड के साथ दुलमी प्रखंड स्थित सिरु कोचिनाला एवं बड़कीपोना नया मोड़ के आसपास कास (कासी) के फूल मनमोहक लग रहे हैं। बरषा बिगत सरद रितु आई। लक्ष्मन देख परम सुहार्थ कास सकल महि छाई। जनु बरषाँ कृत प्रगट बुढ़ाई। भावार्थ माता सीता की खोज में भगवान राम जब वन-वन भटक रहे थे, इसी दौरान कास के फूल को देखकर उन्होंने कहा... हे लक्ष्मण। देखो, वर्षा ऋतु बीत गई और परम सुंदर शरद का आगमन हो रहा है। फूले हुए कास से सारी पृथ्वी छा गई। मानो वर्षा ऋतु ने अपना बुढ़ापा प्रकट किया है।

### जगदेव प्रसाद की पुण्यतिथि मनी

बड़कागांव।शहादत दिवस के अवसर पर बड़कागांव स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में अमर शहीद जगदेव प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जगदेव विचार मंच बड़कागांव अध्यक्ष उमेश दांगी के नेतृत्व में 50वीं शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह मंच के संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि बिहार के लेनिन नायक जगदेव बाबू शोषितो की आवाज बुलंद करने के लिए लोगों को जागरुक करते हुए शहीद हो गए । उनकी शहादत को हमें यादकर उनके विचारों पर चलने की आवश्यकता है। जगदेव बाबू ने नारा दिया था 100 में 90 शोषित है 90 भाग हमारा है। मौके पर संरक्षक सह डॉक्टर बालेश्वर महतो, कर्णपुरा कॉलेज प्राचार्य प्रो.कीर्तिनाथ महतो,पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### शिक्षक दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट

**बरकट्ठा ।** प्रखंड के बेड़ोकला स्थित छोटानागपुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में आदर्श नवयुवक क्लब के तत्वावधान में फुटबॉल मैच हुआ। इसका उद्घघाटन केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। इस अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया रिंकी पांडेय उपस्थित थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेल से अनुशासन की सिख मिलती है तो दूसरी तरफ जीत के प्रयास का प्रेरणादायक होता है।

# केरेडारी : ग्रामीणों और पुलिस में झड़प, चार जवान हुये घायल

## माइंस के भीतर जाने के लिए अड़े थे ग्रामीण, जवानों ने रोका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केरेडारी ।** गुरुवार को केरेडारी के पांडु में स्थित माइंस के पास पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गयी। इसमें चार पुलिसकर्मी और तीन ग्रामीण चोटिल हुए हैं। चोटिल ग्रामीणों का इलाज स्थानीय स्तर पर करा लिया। वहीं घायल जवानों का केरेडारी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया जा रहा है। वहीं एक को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जिनका इलाज हजारीबाग आरोग्यम में चल रहा है। प्रभावित विस्थापित मोर्चा ने केडी माइंस बंद कराने के बंद कराने का किया आह्वान किया था।

ग्रामीण अपनी मांगों के समर्थन में मांइस के अंदर काम कर रहे लोगों को रोकने के लिए मांइस के भीतर जाने के लिए अड़ गए। गेट पर उन्हें जवानों ने रोक दिया। इससे ग्रामीणों और



पुलिस में बहस होने लगी। पुलिस की ओर से बताया गया कि इसी बीच किसी ने पत्थर चलाना शुरू कर दिया। इससे ग्रामीणों को पुलिस ने खदेड़ दिया। हालांकि पत्थरबाजी में चार पुलिस जवान घायल हो गए। घायलों में जवान संतोष सिंह को माथे में चोट लगी । वहीं बिनोद यादव, धर्मदेव मेहता हवलदार नागेंद्र राम को भी चोट लगी जिनका इलाज केरेडारी स्वास्थ केंद्र में चल रहा है। वहीं घायल जवान संतोष कुमार की स्थिति को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। झड़प में कई ग्रामीण भी के घायल हुए। पुलिस ने विरोध कर रहे दो युवक संतोष साव और आनंद कुमारको हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए युवकों के रिहाई को लेकर बेंगवरी गांव के महिला पुरुष बेंगवरी गांव स्थित एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस के कार्यकारी ऑफिस पोटा केविन के पास धरने पर बैठ गए और रिहाई की मांग करने लगे। कलावती देवी ने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए प्रदूषण समेत 18 सूत्री मांग को लेकर प्रभावित विस्थापित मोर्चा के आवाहन पर हम सभी महिला पुरुष माइंस बंद कराने जा रहे थे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात सुरक्षा बल के जवानों द्वारा रोक दिया गया। जिसका ग्रामीण विरोध करने लगे जिसपर सुरक्षाबल के जवानों ने माइंस बंद करा रहे ग्रामीणों को खदेड़ दिया। केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल, थाना प्रभारी अजीत कुमार, बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया।

## आईलेक्स पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस

**शिक्षक-शिष्य का रिश्ता त्याग और समर्पण का होता है : शैलेश कुमार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर एक अनूठी परंपरा देखने को मिली, जो आज के बदलते युग में कहीं विलुप्त होती जा रही है। स्कूल के सभी ब्रांच पंचमाधव, गोरियाकरमा, बड़कागांव, बरकट्ठा, गड़ीकला और पांडेयबारा में बच्चों ने शिक्षकों का सम्मान करने के लिए इस बार बाजार की चीजों का बहिष्कार किया और घर से विशेष पकवान बनाकर लाए। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षक की आरती उतारने, माथे पर तिलक लगाने और आशीर्वाद लेने से हुई, जिसे देखकर सभी शिक्षक भावुक हो उठे। इसके बाद बच्चों ने घर से बने पकवानों की प्रदर्शनी लगाई, जिसे देखकर ऐसा लगा जैसे मंदिरों में छप्पन भोग का आयोजन हो।

इस अवसर पर बच्चों ने गुरुः साक्षात परम ब्रह्म का सार्थक उदाहरण प्रस्तुत किया। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लिए येलो डे का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को घर से बने पीले रंग के व्यंजन लाने के निर्देश दिए गए थे। अभिभावकों को पहले ही सूचित किया गया था कि कोई भी बाहर की वस्तु लाने की अनुमति नहीं होगी। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और बच्चों द्वारा किए गए इस अनूठे आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षक और शिष्य का रिश्ता त्याग और समर्पण का होता है और आज बच्चों ने भावनात्मक रूप से शिक्षक दिवस का आयोजन कर मेरी आत्मा को तृप्त कर दिया है। इस तरह आईलेक्स पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर है। मौके पर सुषमा भारती समेत विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

### अंबा प्रसाद ने युवक के लिए इलाज दिया 6 लाख

**बड़कागांव।** चोपदार बलिया निवासी निवासी नागेश्वर यादव के पुत्र सुदामा यादव किडनी रोग से ग्रसित है। उसका इलाज वेल्लोर में चल रहा था। 20 सूत्री अध्यक्ष ने विधायक अंबा प्रसाद को सूचना दी। विधायक ने सीएम गंभीर बीमारी योजना से पांच लाख और मुख्यमंत्री राहत कोष से भी एक लाख रुपये दिया।

## डॉ. राधाकृष्णन के बताये मार्ग पर चलें बच्चे : विजयंत कुमार

भुरकुंडा (रामगढ़)।बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में गुरूवार को पूरे धूमधाम शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य विजयंत कुमार व सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। प्राचार्य विजयंत कुमार ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन महान शिक्षाविद् के साथ-साथ भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि गुरू के बिना ज्ञान संभव नहीं है। शिक्षक को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है। शिक्षकों के मार्ग-दर्शन में ही विद्यार्थी अपना भविष्य संवारते हैं। सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक हैं। लक्ष्य का निर्धारण कर शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलें जरूर सफल होंगे। बच्चों ने शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर सभी शिक्षकों ने अपने जीवन के अनुभवो को बच्चों से साझा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**ए ला एंग्लाइज विद्यालय में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस**



### शिक्षक हुये सम्मानित

**बरकट्ठा ।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में सेवानिवृत्त और डीपीएस के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ आईपी भारती ने पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा देश का विकास और उन्नति उस देश की शिक्षा और शिक्षित समाज पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक आत्मविश्वास, स्वयं के आकलन की शक्ति और आलोचनाओं को स्वीकार करना सिखाता है। सेवानिवृत्त शिक्षक बासुदेव चन्द्र यादव, हरिहर चौधरी, मधुसूदन, मुरलीधर महतो, नागेश्वर महतो, सूर्यनारायण प्रसाद और डीपीएस के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### टाटीझरिया थाना में जन शिकायत कार्यक्रम

**टाटीझरिया ।** थाना परिसर में बिष्णुगढ़ अनुमंडल ,टाटीझरिया और दारू थाना क्षेत्र के ग्रामीणों के आपसी समझौता सुलहनामा को लेकर संबंधित थाना की जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन टाटीझरिया थाना में बिष्णुगढ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में की गई।जिसमे विष्णुगढ़ थाना से 02, दारू थाना क्षेत्र से 02 और टाटीझरिया थाना क्षेत्र से 09 मामला आया। सभी मामला में आगामी 22 सितंबर को दोनों पक्षों को बुलाकर मामला को निष्पादन के लिए एक रशीद दिया गया। एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि तीनो इस तरह के कार्यक्रम होने से लोगों को अपना समस्या रखने का जगह मिलता है। लोगों को अपना समस्या से लोगों को वरीय पदाधिकारी से अवगत कराने समय मिलता है। तीनों थाना मिलाकर कुल 13 मामला आया है सभी का समझौता 22 सितम्बर होगा।

### गौरियाकरमा मध्य विद्यालय में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**बरही।** राजकीय मध्य विद्यालय गौरियाकरमा में बच्चों और शिक्षकों ने केक काट कर शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक कंचन कुमार ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि मैं भी इसी राजकीय मध्य विद्यालय गौरिया करमा का छात्र हूं। और आज भी जिनसे मैंने इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की उनकी मैं पूजा करता हूं। रोज मैं उन गुरु जनों को याद करता हूं।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : अविनेश कुमार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुंदरनगर पंचायत सचिवालय में गुरूवार को भाजपा भुरकुंडा मंडल व भदानीनगर मंडल की संयुक्त कार्य समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन भदानी नगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, भुरकुंडा मंडल प्रभारी विजय जायसवाल व भदानीनगर मंडल प्रभारी राजीव रंजन उपस्थित थे। बैठक में आगामी 8 और 9 सितंबर को शक्ति केंद्र के सभी बूथ का सत्यापन करने व विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की विशेष रणनीति पर चर्चा की गई।



प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि हम सब का एक ही प्रत्याशी कमल का निशान हैं। जिस तरह से लोकसभा चुनाव में हमसबों ने अपनी तन्मयता दिखाई है, उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी मिलकर कार्य करते हुए चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस निकम्मी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेंगे के लिए अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। प्रदेश प्रवक्ता श्री कुमार ने कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार भरते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी से अपने-अपने बूथों पर काम करने का आह्वान किया। धन्यवाद ज्ञापन भुरकुंडा मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में उतरी छाटानागपुर प्रमंडलीय प्रभारी झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के योगेश दांगी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सनी कुशवाहा, जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रशिक्षण प्रमुख सुरेंद्र करमाली, सत्येंद्र नारायण सिंह, शैलेंद्र कुमार, राजन पांडेय व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### बीएम मेमोरियल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बड़कागांव।** बीएम मेमोरियल स्कूल में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य कैलाश कुमार व उप प्राचार्या पूनम कुमारी ने की। निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि शिक्षक ही वे मार्गदर्शक होते हैं, जो बच्चों बच्चीयों को सही दिशा दिखाते हैं। मौके पर रंजीत कुमार,वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, आनन्द कुमार पासवान,आशीष कुमार,महेंद्र कुमार ,राजेश ऋषभ कुमार,मुकेश कुमार सहित सभी शिक्षक छात्र-छात्राएं तथा अविभावक उपस्थित थे।

### भाजपा का पूर्वी व पश्चिमी मंडल की बैठक संपन्न

कटकमसांडी। पंचायत कंडसार के पंचायत भवन में भाजपा कटकमसांडी पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा और कैलाश यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। बैठक ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव,जिला मंत्री रीतलाल यादव,जिला महामंत्री सुमन कुमार पप्पू,जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा के इंद्र नारायण कुशवाहा, सदर विधानसभा विस्तारक विषकंठ प्रधान,भाजपा नेता आरके पाठक,पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोर कुमार राणा सहित करीब सैंकड़ों से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। अमरदीप यादव ने कहा कि राज्य सरकार के नकामी को लेकर कार्यकर्ता गांव गांव जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही की बहाली के नाम पर युवाओं को ढगा जा रहा है। मौके परप्रकाश कुशवाहा, कैलाश यादव, किशोरी राणा, मनीष ठाकुर,मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा,एवं सैकड़ो सम्मानित भाजपा कार्यकर्ता मोजूद थे।

### चरही में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**चरही।** चरही, चनारो, सडवाहा, बहेरा, चीची कला, इंद्रा,जरबा, बासाडीह, कारुखाप, नीमाडीह, मुकरू, दासोखाप, नरहड़ सहित कई सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम और पौधा रोपन किया गया। छात्र-छात्राओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाया।

### टाटीझरिया के स्कूलों में पौधरोपण व प्रतियोगिता

**टाटीझरिया ।** प्रखंड सरकारी और निजी स्कूलों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा पौधा रोपन व अन्य प्रतियोगिताएं भी हुई। छात्रों ने शिक्षक दिवस पर स्वयं शिक्षक बनकर कक्षाओं की जिम्मेदारी संभाली। छात्र-छात्राओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या :- 04/2024-25/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 05.09.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR18/2024-25 | हेरहंज | घुटाम से पी0डब्लू0डी0 रोड पालही तक पथ निर्माण। | 523.868 | रू0 पाँच करोड़ तेईस लाख छियासी हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 18 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR19/2024-25 | हेरहंज | हाटा टोंगरी से सहेदा स्कूल भाया बरवाटोली तक पथ निर्माण। | 530.646 | रू0 पाँच करोड़ तीस लाख चौंसठ हजार छः सौ रूपये मात्र। | 18 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 12.09.2024
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 18.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.09.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन - 829206।
5. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 - 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 334857 REO(24-25)#D

**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**आम सूचना**

नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत DAY-NULM के SEP (Self Employment Program) घटक के अंतर्गत SEP-I तथा SHG बैंक लिंकेज प्राप्त कुल 35 लाभुकों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण (EDP) दिया जाना है। EDP प्रशिक्षण हेतु प्रति प्रशिक्षणार्थी अधिकतम अनुमान राशि 3126.18 (तीन हजार एक सौ छबीस रू0 अठारह पैसे) विभाग द्वारा स्वीकृत है। अतः स्वीकृत दर अनुसार प्रति प्रशिक्षणार्थी अनुसार भुगतान की जायेगी। इच्छुक एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि दिनांक 11.09.2024 को कार्यालय अवधि तक नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पुर्ण पता एवं मोबाईल संख्या के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

शर्त :-

1. एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि का पंजीकरण/Affiliation हो।
2. Entrepreneurship development/training etc. का प्रशिक्षण देने का अनुभव हो।
3. संस्था ब्लैक लिस्टेड नहीं है, इसका शपथ पत्र देना होगा।
4. अनुभव प्रमाण पत्र/ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देय होगा।
5. निविदा का प्रस्ताव कार्यालय में पहुँच कर देना होगा।
6. एजेंसी/एन0जी0ओ0 के अधिनस्त कार्यरत ट्रेनर को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
7. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्रांतर्गत प्रशिक्षण के लिए क्लास रुम (हवादार एवं रौशनी युक्त रुम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
8. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रत्येक बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
9. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चॉट पेपर, स्केच पेन, डायरी/ कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
10. प्रशिक्ष DAY-NULM के SEP घटक के प्रशिक्षण Module के अनुसार की जायगी। उक्त प्रशिक्षण में अंतर पाए जाने पर भुगतान रोक दिया जायगा।
11. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रकिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्त्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 334806 Urban Development(24-25).D

**Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board**
(Government of Jharkhand Undertaking)
4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi 834001

**Notice Inviting Very Short Re E-Tender**

Ref. No: MMLKUVB/800 Date: 05.09.2024

Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board invites E-tenders from reputed original equipment manufacturers / suppliers / authorized OEM dealers for setting up the following lac processing unit on **turnkey basis** for Bundu Lac Farming & Processing Cluster at Bundu, Ranchi, Jharkhand under the SFURTI scheme of MSME, Government of India:

| Name of processing unit | Unit capacity & output of the end product | |
|---|---|---|
| Lac Dye manufacturing unit | Capacity 187.50kg/month Purity above 60% | **Tender fees of ₹ 5,900.00** (inclusive of 18% GST) (Rupees Five Thousand Nine Hundred only) payable to MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, Jharkhand, India (Tenderers participated in the last tender PR No. – 327676, Dated – 25.06.2024 are exempted from tender fees) |
| | | **EMD of ₹1,10,000.00** (One Lakh Ten Thousand only) i.e., @ 2% of estimated cost payable to MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, Jharkhand, India. |

Time Schedule :

| SL No. | Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of tender bid document on website | 06.09.2024 |
| 2 | Bid document download start date | 06.09.2024 |
| 3 | Pre-bid meeting | 09.09.2024 at 12:00 p.m. Online meeting link: https://meet.google.com/xpg-hzsq-kgt |
| 3 | Bid submission start date | 11.09.2024 |
| 4 | Last date of submission of Technical & Financial Bid | 18.09.2024 (12:00 hrs) |
| 5 | Opening of Technical Bid | 19.09.2024 |
| 6 | PowerPoint presentation (PPT) and Opening of Financial Bid | Shall be communicated later |

Detailed tender document, eligibility criteria etc. may be downloaded from the **website: mmlkuvb.jharkhand.gov.in/www.jharkhandtenders.gov.in** or collected from the office of the Board during office hours in between 11:00hrs to 17:00hrs on any working day.

Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board reserves the right to cancel or/and postpone the tender or reject any bid without assigning any reason at any point of time or stage of the tender.

Sd/-
Chief Executive Officer

PR 334849 Mukhyamantri Laghu And Kutir Udyam Vikas Board (24-25)_D

Contact Detail: Mukhyamantri Laghu evam Kutir udyam Vikas Board
4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
Email- contact.cmlaghukutir@gmail.com, Phone: 9102368888, 9262219999

# जनधन: भारत की डिजिटल वित्तीय क्रांति सशक्तीकरण के 10 साल और भविष्य

## समय संवाद

**आज जबकि 53 करोड़ से अधिक जनधन बैंक खाते खोले जा चुके हैं भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 80% वयस्कों का किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्थान में खाता है। यह 2500 अमेरिकी डॉलर के बराबर प्रति व्यक्ति आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए वैश्विक मानदंडों की तुलना में कहीं अधिक है। बैंक खाते खोले जाने से महिलाओं (जनधन खातों में 55% हिस्सेदारी) के साथ-साथ पिरामिड के निचले हिस्से के लोगों को भी सशक्त बनाने में मदद मिली क्योंकि सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हिस्से की सब्सिडी बिना किसी लीकेज के सीधे उन्हें प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) का उपयोग किया। भारत ने तीन महत्वपूर्ण आयामों को एक साथ जोड़कर अपनी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यनीति को सावधानीपूर्वक तैयार किया जिससे यह संभव हुआ जैसे कि जैम ट्रिनिटी और बैंक खाता (जनधन) इस ट्रिनिटी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, इसके अतिरिक्त डिजिटल पहचान (आधार) और मोबाइल नंबर भी इसका हिस्सा हैं।**

प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल की आज 10वीं वर्षगांठ है। यह एक बुनियादी समावेशन परियोजना है जिसे हमारे माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 2014 में सरकार द्वारा शुरू किया गया था। जनधन योजना ने अर्थव्यवस्था में वित्तीयकरण, औपचारिकरण और डिजिटलीकरण के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता की है। आज जबकि 53 करोड़ से अधिक जनधन बैंक खाते खोले जा चुके हैं भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 80% वयस्कों का किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्थान में खाता है। यह 2500 अमेरिकी डॉलर के बराबर प्रति व्यक्ति आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए वैश्विक मानदंडों की तुलना में कहीं अधिक है। बैंक खाते खोले जाने से महिलाओं (जनधन खातों में 55% हिस्सेदारी) के साथ-साथ पिरामिड के निचले हिस्से के लोगों को भी सशक्त बनाने में मदद मिली क्योंकि सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हिस्से की सब्सिडी बिना किसी लीकेज के सीधे उन्हें प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) का उपयोग किया।

भारत ने तीन महत्वपूर्ण आयामों को एक साथ जोड़कर अपनी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यनीति को सावधानीपूर्वक तैयार किया जिससे यह संभव हुआ जैसे कि जैम ट्रिनिटी और बैंक खाता (जनधन) इस ट्रिनिटी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, इसके अतिरिक्त डिजिटल पहचान (आधार) और मोबाइल नंबर भी इसका हिस्सा हैं।



डीबीटी के उपयोग के माध्यम से इसने राजकोषीय बचत को बढ़ावा दिया। मार्च, 2023 तक संचयी बचत रुपए 3.5 लाख करोड़ होने का अनुमान है क्योंकि सरकार लगभग रुपए 7 लाख करोड़ सालाना अंतरित करती है। बैंक रहित लोगों के पास अब बैंक खाते तक पहुँच है और उन्हें निःशुल्क रूपे कार्ड प्रदान किया गया है जिससे अर्थव्यवस्था में नकदी के कम उपयोग को बढ़ावा देने में सहायता मिली है। डीबीटी के 65% से अधिक लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में जनधन द्वारा निभाई गई भूमिका का संकेत मिलता है।

जनधन की शुरूआत के दो साल बाद, अप्रैल, 2016 में भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस या यूपीआई नामक एक तत्काल भुगतान प्रणाली की शुरूआत की गई जिसने खुदरा डिजिटल भुगतानों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में यूपीआई के माध्यम से 1200 करोड़ मासिक डिजिटल भुगतान लेनदेन ने इसे विश्व स्तर पर मान्यता प्रदान की है। भुगतान/वित्तीय लेनदेन के मामले में यूपीआई क्रांति के लिए बुनियाद तैयार करके इसमें जनधन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। जनधन और यूपीआई ने मिलकर एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के निर्माण का बढ़ावा दिया है जो डेटा एक्सेस या अंतर-संचालनीयता के विस्तारीकरण बनाने में सहायता प्रदान करता है जिसका लाभ वित्तीय संस्थानों द्वारा छोटे टिकट की उधारी की ऋण हामीदारी के लिए लिया जा सकता है। इसने फिनटेक जगत में नवोन्मेषिता को भी बढ़ावा दिया है क्योंकि वे वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में सहायता प्रदान करते हैं।

कुल मिलाकर 2014 में जनधन से शुरू हुए सुधार उसके बाद 2016 में यूपीआई और फिर 2017 में जीएसटी ने भारत को विश्व में सबसे बड़ा निजी डेटा-कैश वाला डेटा संपन्न देश बनाने में सहायता प्रदान की है जिसने एआई क्रांति को सशक्त किया है।

**आगे की राह?**

भारत, वर्तमान में विश्व में डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहा है डिजिटल अर्थव्यवस्था में सबसे तेज वृद्धि उचित इकोसिस्टम के माध्यम से प्राप्त हुई है जिसकी नींव 2014 में जनधन सुधार के माध्यम से रखी गई थी। इस डिजिटल वित्तीय इकोसिस्टम में नवीनतम जुड़ाव यूएलआई (यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस) है जो विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे उधारकताओं को जिनकी ऋण मांग अभी भी पूरी नहीं हुई है उन्हें परेशानी रहित ऋण प्रदान करता है। यह कृषि, एमएसएमई आदि के क्षेत्र में छोटे उधारकताओं के लिए एक वित्तीय क्रांति होगी। भूमि रिकॉर्ड, इकाई का पंजीकरण, सी-केवाईसी, क्रेडिट इतिहास, वित्तीय पण्यावर्त आदि जैसे बेहतर डिजिटल रिकॉर्ड वित्तीय संस्थानों की परिचालन लागत को कम करने के साथ-साथ निर्धारित समय अवधि और मानवीय भूल को कम कर देंगे। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, जैम-यूपीआई-यूएलआई की ह्यनई ट्रिनिटीह्न भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा में एक क्रांतिकारी कदम होगी।

बैंकिंग प्रणाली, पिरामिड के निचले हिस्से में लोगों हेतु छोटे-टिकट वाले उत्पादों के प्रावधान के माध्यम से बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था को प्राप्त करके उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है। हम डीबीटी प्राप्तियों के आधार पर क्रेडिट इतिहास/क्षमता के साथ सूक्ष्म-ऋण, माइक्रो-इंश्योरेंस (जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा के लिए पृथक और एक साथ) के साथ-साथ कम मूल्य के सुनियोजित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से सूक्ष्म-निवेश विकल्पों, सरकारी बॉन्ड में प्रत्यक्ष खुदरा भागीदारी के लिए आरबीआई के पोर्टल के माध्यम से कम टिकट निवेश जैसे उत्पादों पर विचार कर सकते हैं। बैंकों के लिए, बाद वाले विकल्प विभिन्न निवेश विकल्पों को ढूढ़ने के इच्छुक युवा आबादी की बढ़ती आकांक्षाओं को समझने का एक सुनहरा अवसर हो सकता है।

निष्कर्ष के तौर पर जनधन के कार्यान्वयन के एक दशक बाद ये सुधार डिजिटल वित्त क्रांति को बढ़ावा देकर विकसित भारत@2047 बनने की दिशा में भारतीय अर्थव्यवस्था के मार्ग को निरंतर प्रशस्त कर रहा है। जनधन इस बात का उदाहरण है कि देश के लिए एक सुविचारित दृष्टिकोण लोगों और समाज को कितना प्रभावित कर सकता है। ह्यसभी के लिए बैंक खाताह्न के उद्देश्य से जनधन अब भारत के लिए एक वित्तीय और डिजिटल क्रांति का रूप ले रहा है।

# बायोई3 नीति: अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी

**डॉ जितेन्द्र सिंह, केन्द्रीय मंत्री**

**दूरगामी** प्रभाव वाली एक ऐतिहासिक पहल के रूप में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की बायोई3 (अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति का उद्देश्य स्वच्छ, हरित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के लिए उच्च प्रदर्शन वाले जैव विनिर्माण को बढ़ावा देना है। यह नीति पूरी दुनिया के भविष्य के आर्थिक विकास के शुरूआती मार्गदर्शकों में से एक के रूप में भारत के लिए वैश्विक परिदृश्य में अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करेगी।

भौतिक उपभोग, अत्यधिक संसाधन उपयोग और अपशिष्ट उत्पादन के असंवहनीय प्रारूप ने विभिन्न वैश्विक आपदाओं को जन्म दिया है, जैसे जंगल की आग, ग्लेशियरों का पिघलना और जैव विविधता में कमी आदि। भारत को 'हरित विकास' के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ाने की राष्ट्रीय प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए, एकीकृत बायोई3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति जलवायु परिवर्तन, घटते गैर-नवीकरणीय संसाधनों और असंवहनीय अपशिष्ट उत्पादन की चुनौतीपूर्ण पृष्ठभूमि में, सतत विकास की दिशा में एक सकारात्मक और निर्णायक कदम है। इस नीति का एक प्रमुख उद्देश्य रसायन आधारित उद्योगों को अधिक स्थायी जैव-आधारित औद्योगिक मॉडल में परिवर्तित करना है। यह चक्रीय जैव अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा, ताकि नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। इसके लिए यह जैव-आधारित उत्पादों के उत्पादन के लिए माइक्रोबियल सेल कारखानों द्वारा बायोमास, लैंडफिल, ग्रीन हाउस गैसों जैसे अपशिष्ट के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा।

इसके अलावा, बायोई3 नीति भारत की जैव अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने, जैव-आधारित उत्पादों के पैमाने का विस्तार करने और व्यावसायीकरण की सुविधा प्रदान करने; अपशिष्ट पदार्थों की मात्रा कम करने, इनका पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण करने; भारत के अत्यधिक कुशल कार्यबल के समूह का विस्तार करने; रोजगार सृजन में तेजी लाने तथा उद्यमिता की गति को तेज करने के लिए अभिनव समाधान तैयार करेगी। नीति की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं: 1) उच्च मूल्य वाले जैव-आधारित रसायन, बायोपॉलिमर और एंजाइम; स्मार्ट प्रोटीन और फंक्शनल फूड; सटीक जैव चिकित्सा; जलवायु अनुकूल कृषि; कार्बन स्तर में कमी और इसका उपयोग; तथा समुद्री एवं अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे विषयगत क्षेत्रों में स्वदेशी अनुसंधान और विकास-केंद्रित उद्यमिता को प्रोत्साहन और समर्थन; 2) जैव विनिर्माण सुविधाएं, जैव फाउंड्री क्लस्टर और जैव-कृत्रिम बुद्धिमत्ता (बायो-एआई) हब की स्थापना के जरिये प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण में तेजी; 3); नैतिक और जैव सुरक्षा विचार पर जोर देते हुए आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के पुनरुत्पादन मॉडल को प्राथमिकता देना; 4) वैश्विक मानकों के अनुरूप नियामक सुधारों का सामंजस्य।

भारत ने पिछले दशक में मजबूत आर्थिक विकास का प्रदर्शन किया है। भारत में चौथी औद्योगिक क्रांति के वैश्विक अग्रणी देशों में से एक होने की अद्भुत क्षमता है। हमारी जैव अर्थव्यवस्था 2014 के 10 बिलियन डॉलर से 13 गुना बढ़कर 2024 में 130 बिलियन डॉलर से अधिक की हो गई है। 2030 तक इसके 300 बिलियन डॉलर के बाजार मूल्य तक पहुंचने की उम्मीद है। विभिन्न क्षेत्रों में बायोई3 नीति के कार्यान्वयन से देश की जैव अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा मिलने की संभावना है, साथ ही 'हरित विकास' को प्रोत्साहन मिलेगा। देश की उच्च प्रदर्शन वाली जैव विनिर्माण पहलों को बढ़ावा देने से उभरती प्रौद्योगिकियां और नवाचार सामने आयेंगे, जिनका लाभ उठाते हुए जैव अर्थव्यवस्था की आधारशिला रखी जाएगी। जैव विनिर्माण 'मेक इन इंडिया' पहल का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनने के लिए तैयार है और यह 21वीं सदी की मांगों को पूरा करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रदान करेगा। एक बहु-विषयक प्रयास के रूप में, इसमें मानव कोशिकाओं सहित सूक्ष्मजीवों, पौधों और पशु कोशिकाओं की क्षमता को उजागर करने की शक्ति है, ताकि न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन के साथ लागत प्रभावी तरीके से जैव-आधारित उत्पाद विकसित किए जा सकें।

यह परिकल्पना की गई है कि जैव-विनिर्माण हब केंद्रीकृत सुविधाओं के रूप में काम करेंगे, जो उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों और सहयोगी प्रयासों के माध्यम से जैव-आधारित उत्पादों के उत्पादन, विकास और व्यावसायीकरण को गति प्रदान करेंगे। इससे एक ऐसे समुदाय का निर्माण होगा, जहां जैव-विनिर्माण प्रक्रियाओं के पैमाने, स्थायित्व और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संसाधन, विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी साझा की जा सकती है। ये जैव-विनिर्माण हब, जैव-आधारित उत्पादों के 'प्रयोगशाला-से-प्रारंभिक विनिर्माण' (लैब-टू-पायलट) और 'पूर्व-व्यावसायिक पैमाने' के विनिर्माण के बीच के अंतर को दूर करेंगे। स्टार्ट-अप इस प्रक्रिया में अभिनव विचारों को लाकर और विकसित करके तथा उन्हें लघु एवं मध्यम आकार के उद्यम (एसएमई) बनाकर और स्थापित निमार्ता बनने में सहयोग करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

बायोफाउंड्री का तात्पर्य है, उन्नत क्लस्टरों के निर्माण, ताकि जैविक इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं को पैमाने के अनुरूप- प्रारंभिक डिजाइन और ह्यपरीक्षण चरणों से लेकर पायलटह्न तथा ह्यपूर्व-व्यावसायिक उत्पादनह्न तक - तैयार किया जा सके। विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों के लिए एमआरएनए-आधारित टीकों और प्रोटीन का बड़े पैमाने पर निर्माण कुछ सराहनीय उदाहरण हैं, जिनके लिए बायोफाउंड्री मूल्यवान हो सकती हैं। ये क्लस्टर मानकीकृत और स्वचालित प्रक्रियाओं का उपयोग करके जैविक प्रणालियों और जीवों के डिजाइन, निर्माण एवं परीक्षण में विशेषज्ञता प्राप्त करेंगे।

बायो-एआई हब अनुसंधान एवं विकास में एआई के एकीकरण को प्रोत्साहित करने और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए एक केंद्र बिंदु के रूप में काम करेंगे। एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग करके, ये बायो-एआई हब बड़े पैमाने पर जैविक डेटा के एकीकरण, भंडारण और विश्लेषण के लिए जैव प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता, अत्याधुनिक अवसंरचना और लॉजिस्टिक्स सहायता प्रदान करेंगे। विभिन्न विषयों (उदाहरण के लिए, जीव विज्ञान, महामारी विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, इंजीनियरिंग, डेटा विज्ञान) के विशेषज्ञों के लिए इन संसाधनों को सुलभ बनाने से अभिनव जैव-आधारित अंतिम उत्पादों के निर्माण की सुविधा मिलेगी- चाहे वह जीन थेरेपी की एक नई किस्म हो, या एक नया खाद्य प्रसंस्करण विकल्प हो।

इन समन्वित पहलों के माध्यम से, बायोई3 नीति, विशेष रूप से टियर-क्क और टियर-क्क्क शहरों में, रोजगार सृजन में वृद्धि लाएगी, जहां जैव विनिर्माण हब स्थापित करने का प्रस्ताव है, क्योंकि ये स्थान बायोमास स्रोतों के निकट स्थित हैं। भारत की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार में निवेश करके, यह व्यापक नीति राष्ट्र के ह्यविकसित भारतह्न के संकल्प में योगदान देगी। यह नीति एक बेंचमार्क के रूप में काम करेगी तथा इस बात को दर्शाएगी कि एक प्रभावी विज्ञान नीति राष्ट्र निर्माण और विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे सकती है।

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

# जोहो की राधा वेम्बू संपति में नबंर वन महिला बनी

2024 हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में भारत की सबसे अमीर 10 सेल्फ-मेड महिलाओं के नाम सामने आए। जोहो की राधा वेम्बू 47,500 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे आगे हैं। उनके बाद नायका की फाल्गुनी नायर और एरिस्टा नेटवर्क्स की जयश्री उल्लाल हैं, इन दोनों की संपत्ति 32,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

लेंसकार्ट की को-फाउंडर नेहा बंसल को इस लिस्ट में सबसे युवा सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के रूप में चुना गया है।

जूही चावला भी इस लिस्ट में शामिल हैं, जिनकी संपत्ति 4600 करोड़ रुपये है। जूही चावला ने न सिर्फ सेल्फ-मेड महिलाओं की लिस्ट में जगह बनाई, बल्कि शाहरुख खान के बाद फिल्मी दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में भी अपना नाम दर्ज किया।

सबसे आगे हैं राधा वेम्बू, जो जोहो की को-फाउंडर और सीईओ हैं। जोहो एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी है। 47,500 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ, वेम्बू ने खुद को भारत की सबसे सफल उद्यमियों में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है।

नायका की संस्थापक और सीईओ फाल्गुनी नायर ने भारत में ब्यूटी रिटेल इंडस्ट्री को बदल कर रख दिया है। 32,200 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ, नायर ने नायका को एक प्रमुख ऑनलाइन ब्यूटी प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया है। एरिस्टा नेटवर्क्स की सीईओ जयश्री उल्लाल इस लिस्ट में एक और प्रमुख महिला उद्यमी हैं। 32,100 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ, उल्लाल ने एरिस्टा नेटवर्क्स को क्लाउड नेटवर्किंग सॉल्यूशंस का एक लीडिंग प्रोवाइडर बना दिया है।

**अन्य प्रमुख महिला उद्यमी:**

किरण मजूमदार-शॉ: बायोकॉन की संस्थापक और कार्यकारी चेयरपर्सन, मजूमदार-शॉ ने बायोटेक्नोलॉजी और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज में बड़ा योगदान दिया है।

नेहा नारखेडे और परिवार: कॉन्फ्लुएंट की को-फाउंडर, जो एक प्रमुख डेटा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है, नारखेडे और उनके परिवार ने टेक्नोलॉजी सेक्टर में बड़ी सफलता हासिल की है।

जूही चावला: प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री ने मनोरंजन उद्योग में निवेश कर उद्यमिता में भी कदम रखा है।

इंद्रा के. नूयी: हालांकि अब वह भारत में नहीं रहतीं, पूर्व पेप्सिको सीईओ इंद्रा नूयी अब भी बिजनेस जगत की सबसे प्रभावशाली भारतीय महिलाओं में से एक हैं।

# दिवारों पर वर्टिकल फार्मिंग



**जीवीएस शास्त्री**

**यह** तो सभी को पता है कि खेती जमीन पर की जाती है। लेकिन अगर आपको पता चले कि दुनिया नें कुछ ऐसी जगहें भी हैं। जहां दीवारों पर खेती की जाती है, तो शायद आप हैरान रह जाएं। वहीं आपको बता दें कि दुनिया में ऐसी कई जगह हैं जहां दीवार भी खेती होती है। इसे वर्टिकल फार्मिंग कहते हैं। यह धीरे धीरे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय होता जा रहा है। इसी बीच आज हम आपको इससे जुड़ी तमाम जानकारी बताने जा रहे हैं। तो आइए इसे विस्तार से जानते हैं।

**यहां वर्टिकल फार्मिंग होती है**

आपको बता दें कि इजरायल के साथ साथ और भी कई देश हैं जहां वर्टिकल फार्मिंग होती है। दरअसल यहां खेती के लिए जमीन कम है। जिस वजह से यहां के लोग दीवार पर खेती करना बेहतर समझते हैं। इस टेकनीक को इजरायल, अमेरिका, चीन और भी कई देश इसे अपना रहे हैं।

**कंप्यूटर को यूज किया जाता है**

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दीवार पर खेती करने के लिए कंप्यूटर को यूज किया जाता है। इसके लिए छोटे छोटे गमलों नें पौधे लगाकर दीवारों पर इस तरीके से लगाया जाता है कि वो गिरे नहीं। इसकी सिंचाई करने के लिए कंप्यूटर का यूज किया जाता है। गेंहू अनाज को उगाने के लिए यूनिट्स को दीवारों से थोड़ी देर के निकाल कर फिर से दिवार पर लगा दिया जाता है। इन फसलों को उगाने के लिए बूंद बूंद की सिंचाई की टेकनीक को अपनाया जाता है।

**ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है**

इस टेकनीक को देशों में अपनाया जा रहा है। इससे जमीन की बचत तो होती हैं। साथ घर का तापमान भी सही रहता है। इससे इसके आसपास के वातावरण में खुश्बू भरा होता है। वहीं वर्टिकल फार्मिंग से ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है।

# भारतीय यात्रियों के लिए खुशखबरी! अब बिना वीजा दो महीने तक घूम सकेंगे थाईलैंड







**अन्नू अंबालिका**

थाईलैंड अगले महीने से 93 देशों केरिमोट वर्कर्स, ग्रेजुएट स्टूडेंट्स और रिटायर हो चुके लोगों को देश में एक बार में 60 दिनों तक रहने की अनुमति देगा।

भारतीय यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। अब, आप वीजा मिलने की परेशानी के बिना दो महीने तक थाईलैंड में घूम सकते हैं।

थाईलैंड सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई नीति का ऐलान किया है। इसके तहत रिमोट वर्कर्स, ग्रेजुएट स्टूडेंट्स और रिटायर हो चुके लोग लंबे समय तक देश में रह सकेंगे।

इस नई नीति में भारत समेत कुल 93 देशों को शामिल किया गया है। कोविड-19 महामारी के कारण थाईलैंड के पर्यटन क्षेत्र को काफी संघर्ष करना पड़ा और इसकी वजह से पर्यटकों की संख्या में कमी आई। इसकी भरपाई करने के लिए थाईलैंड ने ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने के मकसद से वीजा नियमों में ढील दी है।

**रिमोट कर्मचारियों और स्टूडेंट्स के लिए सुविधाएं**

थाईलैंड सरकार ने अगले महीने 93 देशों के रिमोट वर्कर्स, ग्रेज्युएट स्टूडेंट्स और रिटायर लोगों को 60 दिनों तक रहने की अनुमति देगा। इस कदम का मकसद पर्यटन को बढ़ावा देना और अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करना है।

रिमोट वर्कर्स के लिए वीजा की वैधता पांच साल तक बढ़ा दी गई है और इसके तहत वे एक बार में लगातार 180 दिनों तक देश में रह सकते हैं।

अपनी सस्ती कीमतों और आकर्षण के लिए जाना जाने वाला थाईलैंड ट्रेवलर्स के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बना हुआ है। साल 2023 में थाईलैंड में लगभग 2.45 करोड़ अंतरराष्ट्रीय पर्यटक घूमने आये थे। इन नई योजनाओं के साथ थाई सरकार इस संख्या को सालाना 2.5 करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य बना रही है।

**थाईलैंड का बढ़ता आकर्षण**

थाईलैंड अपने शानदार समुद्र तटों, नेचरल रिजर्व, ग्रामीण क्षेत्रों, पहाड़ी कस्बों, खूबसूरत मंदिरों वाले लाइव शहरों, स्वाद स्ट्रीट फूड, नाइटलाइफ और किफायती तथा हाई क्वालिटी वाले आवास के लिए तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इस साल के पहले तीन महीनों में थाईलैंड में 94 लाख विदेशी पर्यटक घूमने आए जिससे अर्थव्यवस्था को लगभग 454.6 अरब बाहत (9.7 अरब पौंड) का योगदान मिला। देश का लक्ष्य इस वर्ष चार करोड़ पर्यटकों का रिकॉर्ड आंकड़ा हासिल करना है, जो 2019 के कोविड से पहले के लेवल के करीब है।

# सीएम ने गुमला व लोहरदगा जिले को कुल 1222 करोड़ 32 लाख 48 हजार रुपये की 347 योजनाओं का दिया तोहफा

## हेमंत ने कहा, हेडक्वाटर से सरकार न चले इसलिए बनी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, झारखंड से विपक्षी दलों को बाहर खदेड़ने का कार्यक्रम में भरा दंभ



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।



लाभुक को योजना का लाभ प्रदान करते मुख्यमंत्री।



कार्यक्रम में शामिल लोग।

- अब 18 वर्ष उम्र के लोगों को मिलेगा मंइया सम्मान योजना का लाभ, हर घर तक अगले पांच सालों तक एक लाख पहुंचाने का किया वादा
- करोना वैक्सीनेशन में झारखंड के लोगों के साथ साजिश करने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरूवार को सिसई प्रखंड के पंडरानी पंचायत के जतरा बगीचा में जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित किया। सीएम हेमंत सोरेन ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गुमला एवं लोहरदगा जिले को कुल 1222 करोड़ 32 लाख 48 हजार रुपए की 347 योजनाओं का तोहफा एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। दिया। इसमें गुमला जिला अंतर्गत 636 करोड़ 74 लाख 57 हजार रूपए की 159 योजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास शामिल है। जबकि लोहरदगा जिला अंतर्गत 367 करोड़ 86 लाख 28 हजार रूपए की 188 योजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास संपन्न हुआ। इस अवसर पर इन दोनों जिलों के 162769 लाभुकों के बीच लगभग 217 करोड़ 71 लाख 17 हजार रुपए की परिसंपत्तियां बांटी गई। इसमें गुमला जिला अंतर्गत 150678 लाभुकों के बीच लगभग 204 करोड़ 88 लाख 80 हजार रूपए एवं लोहरदगा जिला अंतर्गत 12091 लाभुकों के बीच 12 करोड़ 82 लाख रूपए की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ।



बच्चों को साइकिल प्रदान कर रवाना करते सीएम।

### कमान संभालते ही सीएम ने राज्यवासियों का कल्याण करना किया आरंभ : भोक्ता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राज्य की कमान जब से हेमंत सोरेन ने संभाली है तब से राज्यवासियों के कल्याण हेतु कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार ने गरीबों को लक्ष्य रखते हुए पेंशन योजना, मंइया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहिक कई योजनाएं संचालित की। जिसका सीधा लाभ राज्य के गरीबों को हुआ। प्रधानमंत्री आवास केंद्र सरकार के द्वारा झारखंड को नहीं दिये जाने पर मुख्यमंत्री ने राज्य में अबुवा आवास योजना संचालित कर बीस लाख गरीबों को लाभ दिया। हेमंत सरकार के नेतृत्व में सरकार बनते ही नये ढंग से प्रशासन को चलाना किया आरंभः रामेश्वर उरांव वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य में जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनी तो नये ढंग से प्रशासन को चलाने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आरंभ कर लाखों लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया। हेमंत सोरेन सरकार में राज्य के गरीबों का उत्थान आरंभ हुआ। सरकार ने गरीबों को हरा राशन कार्ड प्रदान कर उन्हें लाभान्वित किया।

#### शिविर में लगे स्टॉल का सीएम ने किया निरीक्षण

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों व संस्थाओं के द्वारा लगाये गये स्टॉल का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री रामेश्वर उरांव, सांसद सुखदेव भगत, विधायक भूषण तिर्की आदि ने निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हर स्टॉल पर लगे समान की जानकारी ली।

### हमारी सरकार हेडक्वॉटर से नहीं चलेगी

उन्होंने कहा कि पांच साल में राज्य के लोगों को इन पैसो से इतना मजबूत कर देंगे कि किसी से पैसे मांगने की उन्हें जरूरत नहीं पडेगी। जब झारखंड में सरकारी बनी तो काफी समस्याओं व चुनौतियों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद हमारी सरकार ने योजना बनायी की कैसे लोगों का भला हो और उनके घर तक प्रशासन पहुंची। हमारी सरकार हेडक्वाटर से नहीं चलेगी। हमने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आरंभ कर जनता को उसके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने का काम किया। जो लोग बीडीओ व सीओ को कभी देखे नहीं थे उनके पास ये अधिकारी चलकर उन्हें लाभ देने पहुंचे। श्री सोरेन ने कहा कि करोना काल में झारखंड के साथ बहुत बड़ी साजिश की गयी। करोना के दौरान झारखंड वासियों को गलत इंजेक्शन लगाया गया। जिसका प्रभाव अब दिख रहा है। यहां भाजपा गुजरात, मध्य प्रदेश, असम, छतीसगढ़ से लोग बुलाकर राजनीति कर रहा है। जो वर्षों से आदिवासियों का शोषण करते आ रही है।

### सीएम ने नये समाहरणालय भवन का किया उदघाटन

गुमला। गुमला जिले के सिसई प्रखंड के पंडरानी ग्राम अंतर्गत आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का आगमन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री के करकमलों से दफकोड को स्कैन करते हुए गुमला अंतर्गत नव निर्मित समाहरणालय भवन का लोकार्पण किया गया। बताते चले की जिले के नवनिर्मित समाहरणालय भवन में कुल 49 जिला स्तरीय कार्यालय संचालित किए जाएंगे। कुल 6.03 एकड़ भूमि पर 47,39,10,660/- रुपए की लागत राशि से बने इस नए समाहरणालय भवन में जिला स्तरीय सभी कार्यालय एक ही छत के नीचे अवस्थित होंगे जिससे जिले के नागरिकों को उनके कार्य के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जल्द ही समाहरणालय भवन में जिले के सभी कार्यालय स्थानातरित होंगे।

### कार्यक्रम में ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में वित मंत्री मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, सांसद सुखदेव भगत, विधायक भूषण तिर्की, विधायक जिग्गा सुसारन होरो, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभू कुमार सिंह, डीडीसी दिलेश्वर महतो, डीएफओ बेलाल अनवर अहमद सहित काफी संख्या में गुमला व लोहरदगा जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### शिक्षक एक कुम्हार है : संजय पोद्दार



गुमला। सांता पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर गुमला में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि संजय पोद्दार अध्यक्ष लायंस क्लब ईस्ट रांची ने कहा कि शिक्षक समाज के रीढ़ हैं। समाज शिक्षक के बिना अधूरा है। एक अधूरी जिंदगी और बेकार भरी जिंदगी को एक शिक्षक काम में लाने वाला बना देता है। गुरु और शिष्य का संबंध अटूट है। शिक्षक एक कुम्हार हैं। बच्चों को कहा मन लगाकर पढ़ाई करें। वहीं लायंस क्लब ईस्ट रांची के अजित गुप्ता ने कहा सांता पब्लिक स्कूल गुमला का प्रयास सराहनीय है। यहां पर फ्री एडमिशन लेना तारीफ के काबिल है। स्कूल ट्रेजर जयमंती एक्का ने कहा हमेशा बड़ों का आदर करें और शिक्षक का जरूर सम्मान करें। शिक्षक ही हमारे समाज के पथ दर्शक है। स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा हमारे शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करना कितना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की शुरूआत संजय पोद्दार, अजीत गुप्ता, शंकर लाल जाजोदिया, हेमंत कुमार स्कूल ट्रेजर जयमंती एक्का और सभी स्कूल के टीचर्स के द्वारा दीप प्रज्वलन करके की गई। स्कूल के सभी टीचर्स को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित की गई। कार्यक्रम में टीचर हिमा कुमारी, जसिंता बेक ने मंच का सफल संचालन किया। इस अवसर पर सुनीता एक्का, अंकिता कुमारी, वीणा देवी, मुस्कान, हिमा कुमारी, नेहा बरखा टोप्पो, अंजनी, नोर्बेर्ट बेक, रजनी सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### घाघरा प्रखंड के कई संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



घाघरा। घाघरा प्रखंड के कई सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में गुरुवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम में कई संस्थानों में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस निमित्त एजी चर्च स्कूल बरकाड़ीह, चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हे, भास्कर एजुकेशनल एकेडमी घाघरा, मोंटेशरी पाराडाइज एकेडमी स्कूल घाघरा, गोपाल साहू पब्लिक स्कूल, विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल घाघरा, सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा, तेजस्वी स्कूल घाघरा के निदेशक और प्रधानाध्यापक द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर निदेशक ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन बच्चों से बहुत प्रेम करते थे। गुरु के सम्मान में शिक्षक दिवस मनाया जाता है आप सभी बड़े बुजुर्ग का सेवा करे। मौके पर उपस्थित लोगों में फ्रांसिस टोप्पो, चंद्रकांत पाठक, संजय भगत, नितेश रंजन भास्कर, विजय साहू, भवानी प्रसाद राय, नीरज साहू, विक्की कुमार राहुल कुमार,रामचरित्र साहू, अनिरुद्ध चौबे, निखिल कुमार, शुभ कुमार सहित कई सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं के शिक्षक शिक्षिका को छात्र उपस्थित थे।

### संध्या रानी ऑक्सफोर्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



गुमला। पालकोट रोड स्थित संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुमला मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर के के मिश्रा, स्कूल निदेशक संजय कुमार गुप्ता, प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद लाल, स्कूल विभागाध्यक्ष गायत्री गुप्ता, विद्यालय कमेटी सदस्य भोला चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया। बच्चों के द्वारा शिक्षकों के सम्मान में एक आकर्षक नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर सह प्राचार्या मैत्री अधिकारी ने डॉक्टर श्री राधाकृष्णन के जीवनी एवं आदर्शों को बच्चों को बतलाया एवं उनके मार्ग पर चलने को कहा। कमेटी सदस्य भोला चौधरी ने उपस्थित सभी शिक्षकों के सम्मान में अपने वक्तव्यों को सामने रखा। मंच का संचालन विद्यालय शिक्षिका प्रिंसी गुप्ता एवं विद्यालय छात्राओं ने किया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षिका रीता कुमारी, पूनम प्रसाद, अनु कुमारी, अमृता श्रीवास्तव, शोभा तिर्की, विनीता गुप्ता, सोनम सिंह, उषा रानी, तरन्नुम परवीन, आफरीन इकबाल, सुनैना साहू, पायल साहू, कविता कुमारी, निहारिका सिंह, विनीता भगत, मालती कुमारी, अनुप्रिया टोप्पो, लवली यादव, संजू दास मनीषा गुप्ता, आशिया परवीन, सुनीता एपिल, सुरीन सीमा शर्मा, शिवकुमार लाल, संदीप उरांव, बीना देवी, साक्षी उरांव, कमला उरांव आदि उपस्थित थे।

### गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया



गुमला। पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में अविस्मरणीय उत्सव के साथ शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को माला और पुष्पांजलि के साथ याद किया गया। प्राचार्य डॉ शिबा नारायण साहू ने कहा कि भारत में शिक्षक दिवस 5 सितंबर 1962 से मनाया जा रहा है। डॉ. राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर, भारत एक महान विद्वान और दूरदर्शी को श्रद्धांजलि देता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं तथा नृत्य और गीत प्रस्तुतियों की श्रृंखला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा दिए गए भावपूर्ण भाषण थे। छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति उनके अटूट समर्थन और उनके मन को पोषित करने के प्रति समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया। संस्थान के निदेशक अभिजीत कुमार और शासी निकाय की सदस्य रेणुका यशस्वी ने ऑनलाइन जुड़कर संस्थान के सभी संकाय सदस्यों और भावी इंजीनियरों को शिक्षक दिवस की बधाई दी और उपलब्धि के नए आयाम रचने में सफलता की कामना की। गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए प्रधान प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने संकाय सदस्यों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से आनंदपुर गांव में लगा ट्रांसफार्मर

किस्को। प्रखंड के ग्राम आनंदपुर में विगत कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके कारण गांव में बिजली के समस्या उत्पन हो गई थी। बिजली की समस्या उत्पन होने से गांव में पेयजल, कृषि, शिक्षा आदि मुख्य समस्या उत्पन हो गई थी। जिसके निदान के लिए ग्रामीणों के द्वारा विधायक कार्यालय बरवा टोली में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल को आवेदन सौप ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई। जिसके निदान के लिए विधायक प्रतिनिधि ने मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को इससे अवगत कराया। मंत्री के द्वारा विद्युत अभियंता से बात कर ग्राम आनंदपुर में ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किए गया। ग्रामीणों के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव का आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर 20 सूत्री सदस्य मनीष उरांव, शिव दयाल उरांव कार्तिक उरांव, सुबास उरांव,जौरू उरांव, फेकन उरांव, मुंदरी उरांव आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिसई गुमला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुरिया के ग्रामीणों से सीएम हेमंत सोरेन ने की बात

खबर मंत्र संवाददाता




**लोहरदगा।** जुरिया पंचायत लोहरदगा में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए बेहद विशेष रहा। इस कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम हेमंत सोरेन से अपना अनुभव साझा करने का अवसर मिला। सीएम गुमला के सिसई पंचायत से जुरिया के ग्रामीणों से लाईव जुड़े थे। इस दौरान मुख्यमंत्री, झारखंड ने जुरिया पंचायत के चार लाभुको जिसमे सीमा उरांव, नाजरीन खातून (झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना), सुशांति कुजूर (सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना), जयमंती भगताईन (अबुआ आवास योजना) और रामप्यारी कुमारी (मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना) से बातचीत की और सरकार की ओर से मिल रही योजनाओं के बारे जानकारी ली।

## जन-जन तक आजसू पार्टी का संदेश पहुंचाना है: नीरू शांति भगत



लोहरदगा। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड लोहरदगा के विभिन्न पंचायत में आजसू पार्टी के द्वारा जन जागरण पदयात्रा निकाली गई। प्रखंड के लालपुर, तिगरा,अरकोसा,बेजवाली, भुजनिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं विधानसभा प्रभारी तथा केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत उपस्थिति रही। इन्होंने जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से अपनों के बीच में वर्तमान सरकार आने से पूर्व जो हमारे आदिवासी भोले-भाले को किस तरह से ठगकर आई।आज उसे बताने का काम कर रही है। आज वर्तमान की सरकार लोगों के ऐसे पायदान में लाकर खड़ा कर दी कि उन्हें झारखंड की जनमानस अपने आप को समझ नहीं पा रहे हैं कि कल की मेरी भविष्य क्या है? आज बहुत अफसोस की बात है कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से बाहर के विधायक चुने गए और संयोगवश सरकार में वित्त मंत्री भी बने। पर लोहरदगा वासीयो को मिला क्या आज हम सभी लोग अपेक्षित सा महसूस कर रहे हैं क्योंकि यहां से उनकी जन्मभूमि रहती होती तो यहां के लोगों के दुख दर्द को समझ पाते यहां की धरती की मिट्टी की खुशबू से उसे किसी भी तरह की कोई वास्ता नहीं है। आज हमारे बीच स्वर्गीय कमल किशोर भगत नहीं रहे पर उनके किए गए काम आज भी लोग गली चौक चौराहा में चर्चाएं करते हैं कि एक विधायक थे कि जो 24 घंटा उनका दरवाजा खुला रहता था कभी भी किसी की बुलावे पर चले आते थे ।खेल के क्षेत्र हो या पुलिस कोर्ट कचहरी या हॉस्पिटल की सभी जगह पर आसानी से उपलब्ध हो जाते थे। आज मैं भी उनके रास्ते पर चल पडी हैं। आप सबों का सहयोग चाहिए ताकि उनकी अधूरी सपनों को हम सब आपसे मिलकर पूरा कर सके। इस जन जागरण पदयात्रा में आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष विजय उरांव, जिला उपाध्यक्ष बुद्धेश्वर उरांव,कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, लोहरदगा सदर प्रखंड की अध्यक्ष मलती टोप्पो, सचिव हेमंती देवी, सुरजी भगत, गुलाम अंसारी, एमडी अजबुल, रेशमा टोप्पो, छात्र संघ के जिला अध्यक्ष आयुष महतो आदि मौजूद थे।

## डबल इंजन की सरकार में झारखंड में होगा विकास : संतोष

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** भाजपा गुमला नगर कमेटी की बैठक गुरूवार को नगर अध्यक्ष बबलू वर्मा की अध्यक्षता में माहेश्वरी भवन गुमला में संपन्न हुई। बैठक में राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। मौके पर पांडे ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में झारखंड विकास के पथ पर दौड़ेगा। हर एक बूथ को सशक्त बनाकर मन से पार्टी के लिए कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए समर्पित होकर काम करें। बूथ कमेटियों का पुर्ननिरीक्षण कर हर बूथ में बैठक करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करें। बैठक जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू ने भी बैठक को संबोधित करते हुए आगामी 8- 9 सितंबर को सभी बुथों पर बैठक करने का निर्देश दिया। बैठक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुपचंद्र अधिकारी, निर्मल गोयल, नगर अध्यक्ष बबलू वर्मा, रविंद्र सिंह, संजय वर्मा ,विजय शंकर दास, गायत्री शर्मा, शकुंतला उरांव, पुष्पा देवी, गुड्डी नंदा, संतोष सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप प्रसाद, संजीव कुमार, कुलदीप साहू, विपिन सिंह, कौशलेंद्र जमुआर, शम्भु सिंह, अजीत, संजीव, श्याम गुप्ता, संजय साहू, सुबा एल्बम तिग्गा, चमरू साहू, अरविंद मिश्रा, राहुल श्रीवास्तव, कुलदीप साहू, नरेश साहू, सौरभ गुप्ता, सौरभ, अर्पित, राहुल, प्रणय, प्रिंस, सूर्यकुमार, ललित, बसंत, जयप्रकाश साहू, विद्या मिश्रा, अनिकेत, अमन आनंद, नंदकिशोर सिंह, अनमोल किरण, रीता व अन्य उपस्थित थे।

### नसीम अंसारी बने एलएडीसीएस चीफ



लोहरदगा। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार साक्षात्कार के आधार पर अधिवक्ता नसीम अंसारी को कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली का चीफ नियुक्त किया गया। उन्होंने 21 अगस्त को हुए साक्षात्कार के आधार पर कुल छः प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह पद हासिल किया। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के अनुशंसा के पश्चात उन्होंने गुरुवार को मुख्य कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के रूप में अपना योगदान दिया। वहीं पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय ने अधिवक्ता नसीम अंसारी को बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। डालसा सचिव राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली में अब कुल छः अधिवक्ता पूर्ण कालिक सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। एलएडीसीएस का मुख्य कार्य गरीब एवं निर्धनों के केसों की पैरवी करना, वैसे बंदी जो अपना अधिवक्ता नहीं कर पा रहे हैं उनकी सहायता करना, डालसा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होना है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## भाजपा जो वादा करती है उसे पूरा करती हैं: मनोज सिंह

### भाजपा द्वारा घोषणा पत्र सुझाव अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता




**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी घोषणा पत्र सुझाव अभियान कार्यक्रम का आयोजन शहर के बरवाटोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर में की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, भाजपा के प्रदेश मंत्री से लोहरदगा जिला प्रभारी सुनीता सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव विशेष रूप से मौजूद थे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा है कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं हैं। भाजपा जो वादा करती है उसे पूरा करती हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता के विचारों के आधार पर ही बीजेपी घोषणा पत्र तैयार करेगी। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि 2014 में देश की जनता ने नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री बनाया। और पीएम मोदी ने जन भावना के अनुरूप कार्य करते हुए देश का मान बढ़ाया है। साथी झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद पूरे राज्य में विकास के कार्य हुए वही अवसर सही हुआ भ्रष्टाचार पर भी विराम लगाया गया। मुख्यमंत्री जन संवाद खुला और इसके माध्यम से त्वरित गति से कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि विकास में बाधक बने नक्सलियों को भी समाप्त करने का कार्य पूर्ववर्ती रघुवर दास की सरकार ने की थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार केंद्र प्रायोजित योजनाओं में बाधक बनी हुई है। उन्होंने लोहरदगा वासियों से भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र के लिए अपना सुझाव देने की बात कही जिससे समाज के अंतिम पायदान पर बैठे आम जनों के विकास में कार्य हो सके। इस मौके पर अजय मितल, राजकिशोर महतो, बिंदेश्वर उरांव, नवल अग्रवाल, अशोक कुमार, दीपक अग्रवाल, धनंजय अग्रवाल, राजकुमार वर्मा सहित अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कई सुझाव दिए। इस क्रम में लोगों में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अफसर शाही के रोक हेतु विशेष रूप से पहल करने, सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की स्तर पर गुणात्मक सुधार करने, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने तथा बढ़ते

## लोहरदगा : सभी थाना स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज से

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** महानिदेशक एवं पुलिस निरीक्षक, झारखण्ड रांची के निदेश पर पूरे राज्य भर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन नागरिकों के शिकायत का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु किया जा रहा है।

गुरुवार को लोहरदगा जिला के सभी थाना परिसर (पेशरार, बगडू, सेरेंगदाग, सेन्हा, कुडू, कैरो, भण्डरा, जोबांग, किस्को बाजार चौक) में आयोजित किया जाएगा। सदर प्रखण्ड में टाउन थाना परिसर और बीएस कॉलेज लोहरदगा परिसर में भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सभी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों एवं महिला सुरक्षा संबंधी कानून, पीड़ितों को मुआवजा, नये अपराधिक कानून के अंतर्गत जीरो एफआईआर एवं ऑनलाईन एफआईआर प्रणाली, डायल-112 तथा 1930 (साईबर फ्रॉड), एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, सम्पति मूलक अपराध, साईबर अपराधियों द्वारा ठगी के तरीके तथा अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करनेवाली संस्था चिटफण्ड, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों का सेवन/बिक्री की रोकथाम आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। आम नागरिक लोहरदगा पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नंबर 9470546635 एवं ईमेल पर अपनी शिकायत/समस्याओं को साझा कर सकते हैं।

### राज्य स्तर पर कार्यक्रम दस सितंबर को

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन राज्य स्तर पर 10 सितंबर 2024 को कुडू प्रखंड के ग्राम पण्डरा पंचायत भवन में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या/शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायत/समस्या पर लोहरदगा जिला के प्रखण्ड कार्यालय एवं थाना/ओपी/शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर आम नागरिकों के शिकायत/समस्या का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भाग लेकर आम नागरिकों के समस्याओं का निष्पादन करेंगे।

# जिस व्यक्ति की आत्मा से दूसरी आत्मा में शक्ति का संचार होता है वही शिक्षक : प्रभाकर सिंह

■ सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला में मना शिक्षक दिवस
■ शिक्षकों का हुआ चन्दन-चावल, कुमकुम से तिलक लगाकर स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम में गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस बड़ी ही धूम -धाम, उमंग एवं गर्म जोशी के साथ छात्र-छात्राओं ने मनाया। विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों / शिक्षकों को रोली ,चन्दन- चावल, कुमकुम से तिलक लगाकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें सप्रेम पुष्पगुच्छ एवं ससम्मान उपहार भेट किये। दीप प्रज्जलन एवं गणेशवंदना के बाद छात्र - छात्राओं ने नृत्य, संगीत, गायन ,कविता पाठ , भाषण , पोस्टर प्रस्तुति आदि कई एक मनोहारी एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया।

कार्यक्रम में सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह, कुलपति डॉ. जे. पी मिश्रा , कुलसचिव प्रो.(डॉ.) गुलाब सिंह 'आजाद ' के साथ-साथ सभी विभागों/ स्कूलों के प्राचार्यगण, प्राध्यापकगण, संकाय सदस्य, अन्य कर्मचारी तथा बहुत बड़ी संख्या में छात्र - छात्राऐं उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम का बेहतर संचालन प्रथम वर्ष के छात्र शुभादीप कारजी द्वारा किया गया। भाषण देने वाले विधार्थियों में कौशलेन्द्र, कशिश लाला, मौसमी दास आदि थे जिन्होंने अपने भाषणों में शिक्षक दिवस के महत्व,



**कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते कुलाधिपति प्रभाकर सिंह।**

शिक्षकों की आवश्यकता, गुरु की अहमियत, विश्व के महानतम विचारक, प्रख्यात शिक्षक, शिक्षाविद, दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

भाषण देने वाले प्राध्यापकों में प्रबन्ध विज्ञान स्कूल की प्राध्यापिका प्रो मोनिका सिंह द्वारा भारतरत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गये अप्रितम योगदानों की तथा अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी स्कूल की प्राध्यापिका प्रो पूजा तिवारी द्वारा भारतीय संस्कृति के संवाहक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के राजनैतिक, भारतीय संस्कृति, धर्म, दर्शन के उत्थान में तथा लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाने में उनके योगदानों की विस्तार से चर्चा की।

सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह ने अपने वक्तव्य में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के महान विचारों का उल्लेख करते हुए शिक्षक को परिभाषित करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति की आत्मा से दूसरी आत्मा में शक्ति का संचार होता है वही शिक्षक कहलाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक सम्मान का अधिकारी है तथा शिक्षक / गुरु का अनादर विकास की उपेक्षा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यदि उन्हें अपने शिक्षक का स्नेह, सम्मान एवं विद्या पानी है और अर्जुन एवं आरुणि जैसा शिष्य बनना है तब उन्हें नम्र, जिज्ञासु, परिश्रमी, सेवाभावी एवं श्रद्धावान बनना होगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जे. पी मिश्रा ने अपने भाषण में छात्र-छात्राओं से कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है तथा वही देश के भावी कर्णधार है, देश की आशा उन पर टिकी है। अतः उन्हें अनुशासित, सामर्थ्य संपन्न, संस्कारी एवं चरित्रवान बनना होगा, उन्हें अपने सभी शिक्षकों का सम्मान एवं आदर करना होगा क्योंकि शिक्षक ही उन्हें अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाते हैं, यही आज के समय की मांग है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) गुलाब सिंह आजाद ने विधार्थियों को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन एवं व्यक्तित्व से उनके कुछ एक महान गुणों को सीखने हेतु निवेदन किया। कहा कि आप डॉ. राधकृष्णन के जीवन से कठिनाइयों पर विजय पाने, कठिन परिश्रम कर स्वयं को एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी बनाने, सुपुर्द जिम्मेदारी को असरकारक तरीके से पूरा करने, राष्ट्र प्रेम एवं देशभक्ति से पूरित हो कर देश का नाम विश्व में गौरवान्वित करने तथा सदैव सरल, विनम्र एवं सादगी पूर्ण जीवन यापन करने, निरंतर सीखते रहने, सभी धर्मो का आदर करने आदि गुणों को अपने जीवन में आत्मसात कर सकते हों। उन्होंने सोना देवी विवि के प्राध्यापकों से भी निवेदन किया कि वे भी डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन एवं व्यक्तित्व से अच्छे शिक्षक के गुणों जैसे कठिन परिश्रम कर विद्यार्थियों को पढ़ाना, उनको स्नेह, प्रेम एवं आदर प्रदान करना, विनम्र होना, ईश्वर में आस्था एवं विश्वास रखना आदि को सीख कर उनकी तरह एक श्रेष्ठतम शिक्षक बन सकते हो।

## स्पीड न्यूज

### सोमवार से क्रॉस लिमिटेड का आईपीओ

**जमशेदपुर।** क्रॉस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सोमवार, 9 सितंबर, 2024 को खुलेगा। कुल ऑफर साइज में 250 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू और 250 करोड़ रुपये तक का बिक्री ऑफरशामिल है। एंकर निवेशक बोली की तारीख शुक्रवार, 6 सितंबर, 2024 को होगी और बोली प्रस्ताव बुधवार, 11 सितंबर, 2024 को बंद हो जाएगा। प्रति शेयर भाव 228 से 240 रुपये तय किया गया है। बोली न्यूनतम 62 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 62 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगायी जा सकती है।

### टेल्को उर्दू स्कूल में मना शिक्षक दिवस

**जमशेदपुर।** टेल्को उर्दू स्कूल के प्रांगण में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल प्रबंध समिति के तरफ से स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रबंध समिति एवं छात्रों की तरफ से शिक्षकों को उपहार दिया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में टेल्को उर्दू उच्च विद्यालय की प्राचार्य शगुफ्ता नाज, टेल्को मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक मोहम्मद तैयब अंसारी, शिक्षक बदरुद्दूजा, अब्दुल कलाम अरुण सिंह इशरत परवीन, साबरिन परवीन, नजराना हंसी, शबाना आजमी, ईफत नाज, निखत परवीन, नुसरत कमर, कश्मीरा रजी, जाकिया नाज, अनीसुल फातिमा, सुमैया अंसारी ,तलत परवीन ,निशा दिलावरी शामिल हैं। उक्त कार्यक्रम में टेल्को उर्दू प्रबंध समिति के इनामुल हक एहसान अहमद सिरजी मुख्तार अहमद खुर्शीद अनवर रियाजुद्दीन खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित जनों ने बहुत सराहा।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विद्यालय के अध्यक्ष महोदय श्री सुखदेव महतो । प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार सिंह समस्त शिक्षकगण एवं छात्र- छात्राएँ उपस्थित हुए। यह समारोह विद्यालय के बारवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया। सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं का तिलक कर पुष्पवर्षा की गई तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णण के चित्र में माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। छात्रों ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि आज भले ही गुरु- शिष्य परंपरा में बदलाव आया है पर उनकी महिमा एवं महत्व कम नहीं हुई है। आज भी एकलव्य, वरदराज और अर्जुन जैसे शिष्य गुरु की आज्ञा को सर्वोपरि मानते हुए उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण कर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी चमक बिखेर रहे हैं यह सच है कि गुरु विना ज्ञान की कल्पना व्यर्थ है।

### टीमकेन कर्मचारी कृष्ण मान श्रेष्ठ को टिमकेन यूनियन ने विदाई दी

**जमशेदपुर।** गुरुवार को जमशेदपुर टीमकेन कंपनी प्लांट के कोन सेल डिपार्टमेंट के कर्मचारी लीड ऑपरेटर टेक्नीशियन कृष्ण मान श्रेष्ठ कार्य करते हुए आज 34 साल 2 महीना सर्विस पूरा कर आज सेवानिवृत्त हुए यूनियन की ओर से उन्हें बुके शाल ओढ़ाकर एवं ट्रॉली बैग देकर सम्मान पूर्वक विदाई दिया । इस अवसर पर यूनियन के महामंत्री विजय यादव ने उनके एवं परिवार के लिए हमेशा स्वस्थ और सफल भविष्य की कामना की। टिमकेन प्रबंधन एवं कोन सेल डिपार्टमेंट के कर्मचारियों ने भी उन्हें अलग से सम्मान देते हुए विदाई दिया। मौके पर कोन सेल डिपार्टमेंट के मैनेजर सरवन कुमार यूनियन के पदाधिकारी रविंद्र प्रसाद अजय बोतिका सुधीर राय पवन शर्मा, कमलेश यादव, आरके बर्मा सुभाशिष्य परधन वीरेंद्र प्रसाद जयंत चट्टोपाध्याय सुरेश रवि दास, सुबोध राय ,बिंद पांडे, गोपाल दत्ता, दीपक शरमा, सुमन सिंह,रवितेश कुमार, सुनील, अर्जुन आदि थे।

# शिक्षक दिवस कार्यक्रम में केक और चनाचूर खा आधा दर्जन बच्चे हुए बीमार

### गम्हरिया की घटना

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** कांड्रा के नरेंद्र नगर उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम के दौरान केक और चनाचूर खाने से करीब आधा दर्जन बच्चे बीमार पड़ गए। सभी बीमार बच्चों को इलाज के लिए जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीमार बच्चों में शेफाली बारी (14), प्रह्लाद कुमार (14), अनीशा (13), खुशी महतो (11), सुरभि कुमारी (12) और पूरबी कुमारी सिंह शामिल हैं।

बताया जाता है कि स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर बच्चों के बीच केक और चनाचूर वितरित किया गया था। उस केक और चनाचुर को खाने के बाद एक-एक कर बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बताया गया है कि खाने के बाद बच्चों को उलटी और दस्त की शिकायत होने लगी। अचानक इस तरह के हालात उत्पन्न होने



**एमजीएम में इलाजरत बच्चे।**

के बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा तत्काल बच्चों को इलाज के लिए समीप ही स्थित अस्पताल ले गया, लेकिन वहां स्थिति की गंभीरता के मद्देनजर सभी बच्चों को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। यह घटना कैसे घटी, इसके बारे में पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है कि आखिर कैसे बच्चे बीमार पड़े। जांच के लिए केक और चनाचूर का नमूना भी लिया गया है।

### चौका-कांड्रा मार्ग पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक की मौत

**चांडिल।** चौका थाना क्षेत्र के चौका-कांड्रा सड़क मार्ग स्थित बंसा में बुधवार देर रात गैस सिलेंडर लदे वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची तथा मामले की छानबीन की। दोनों घायलों को सरायकेला सदर अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने जांच कर दोनों युवकों क्टो मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद वाहन फरार हो गया। मृतकों की पहचान चौका के धुनाबुरु स्थित नूतनडीह के आकाश सिंह सरदार (18 वर्ष) व सुपाल सिंह सरदार (19 वर्ष) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया की पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर,घटना के बाद नूतनडीह में मातम पसर गया।

## एक नजर में

### परशुराम परिवार ने शिक्षकों को किया सम्मानित




**जमशेदपुर।** परशुराम परिवार, जमशेदपुर ने राजस्थान भवन, मानगो के सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता सोना देवी यूनिवसिटी के कुलपति डॉ जे पी ने की जबकि समारोह में कोल्हान विवि के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डा तपेश्वर पांडेय व सम्मानित अतिथि करीम सिटी कॉलेज में मास कॉम विभागाध्यक्ष डा नेहा तिवारी, परशुराम परिवार के संयोजक अवधेश कुमार पाठक, पटमदा कॉलेज के व्याख्याता डा शालीग्राम मिश्रा एवं समाजसेवी शिव प्रकाश शर्मा उपस्थित थे। मंच संचालन शिव प्रकाश शर्मा ने किया। समारोह का आरंभ भगवान परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण और अवधेश चौबे के स्वस्ति वाचन से हुआ। डॉ शालिग्राम मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया जबकि अवधेश पाठक ने परशुराम परिवार के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस समारोह में राजीव रंजन पाण्डेय, सुनील तिवारी, विष्णु भगवान पाठक, ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र, भगवान मिश्र, विजय शंकर चौबे की उपस्थिति सराहनीय रही।

### नारायण आइटीआइ में मना शिक्षक दिवस



**जमशेदपुर।** बुधवार को नारायण आईटीआई, लुपुंगडीह, चांडिल में सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन एवं भाजपा के खरसावां विधानसभा प्रभारी डॉ जटाशंकर पांडेय ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर डा जटाशंकर पांडेय ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन को स्टूडेंट्स त्योहार की तरह सेलिब्रेट कर अपने शिक्षकों सम्मान देते हैं। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन (5 सितंबर) भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। मौके पर एडवोकेट निखिल कुमार, शांति राम महतो, गोरब महतो, अजय कुमार मंडल, निमाई मंडल, सिसुमती दास, कृष्ण पद महतो, आदि उपस्थित रहे।

### हिन्द आइटीआइ में शिक्षक दिवस मनाया गया



**जमशेदपुर।** गुरुवार को हिंद आईटीआई टेक्निकल इंस्टीट्यूट, मानगो में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। मौके पर संस्थान के निदेशक डा ताहिर हुसैन, शिक्षक आफताब सर, पीके पॉल, मन्नान सर,सतेंद्र सर, प्रबंधन की ओर से फरहीन, सबीना और सकीना मैम को सम्मानित किया गया। डायरेक्टर सह मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर डा ताहिर हुसैन ने संयुक्त रूप से हिंद आईटीआई टेक्निकल इंस्टीट्यूट में शिक्षक दिवस मनाया गया। छात्रों के भविष्य निर्माण में महतपूर्ण भूमिका निभा रहे, शिक्षक : अफताब सर, पीके पॉल, मन्नान सर और सतेंद्र सर और मैनेजमेंट फरहीन, सबीना, और सकीना मैम इत्यादि को सम्मानित किया गया। मौके पर मंजर अमीन, शाहबाज, तैयब, फैसल, करीम, मेहताब, रंजीत, फैजान, हर्ष राज, आदित्य, अभिषेक, इमरान, जशिम और हिंद आईटीआई टेक्निकल इंस्टीट्यूट के सभी छात्र मौजूद थे।

### एनटीटीएफ टेक्निकल इंस्टिट्यूट में मना शिक्षक दिवस



**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आर डी टाटा तकनीकी संस्थान में टीचर्स डे समारोह हुआ। सर्वप्रथम संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन ने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों के जीवन में गुरु के महत्व को बताते हुए, सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य प्राचार्य प्रीता जॉन, उप प्राचार्य रमेश राय ने दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में शिक्षक दिवस का इतिहास बताते हुए कहा कि शिक्षकों के अमूल्य योगदान के याद मे हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिष्य और गुरु एक दूसरे के अनुपूरक होते हैं। गुरु और शिक्षक का अंतर समझकर ही ज्ञानार्जन और ज्ञानोत्सर्ग कर सकते हैं। आकाश द्वारा प्रस्तुत ग्रुप सॉन्ग एवं अनीशा, अंकिता टीम द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। कंप्यूटर ब्रांच से अंशिका और टीम, टूल एंड डाई से सत्या एंड टीम ने नृत्य प्रस्तुत किया। इलेक्ट्रॉनिक डिपार्टमेंट से आकांक्षा एवं टीम का डांस और तनीषा और टीम द्वारा प्रस्तुत शानदार नाटक आकर्षण का केंद्र रहा।

### सीपी समिति मध्य विद्यालय और राइजिंग सन इंग्लिश स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**जमशेदपुर।** प्रख्यात शिक्षाविद्, भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर मनाये जाने वाले शिक्षक दिवस को सी पी समिति मध्य विद्यालय और राइजिंग सन इंग्लिश स्कूल केबुलबस्ती ने संयुक्त रूप से विद्यालय सभागार में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के समक्ष दीप जला कर और अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गयी। मौके पर उपस्थित विधालय समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी शिक्षक कभी साधारण नहीं होता।

# आजाद मैरेज हॉल में 16 को ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट का ब्लड डोनेशन कैंप

■ युवाओं और महिलाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहा है ट्रस्ट



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की मेजबानी में आगामी 16 सितंबर को आजाद मैरेज हॉल, ओल्ड पुरुलिया रोड, मानगो में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जायेगा। मानगो के सभी प्रमुख ओलेमाओं ने महिलाओं और युवाओं से रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़ कर रक्तदान करने को कहा है,क्योंकि यह बहुत ही पुण्य का काम है, जिससे अल्लाह खुश होंगे।

ट्रस्ट के कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उक्त जानकारी दी गई। इस मौके पर पैगामे इस्लाम के फाउंडर चेयरमैन सैयद सैफुद्दीन असदक, खतीबो इमाम मस्जिद उमर कबीर नगर के मुश्ताक अहमद नदवी और अहले हदीस जामा मस्जिद ओल्ड पुरुलिया रोड के इमाम मोहम्मद उमैर सल्फी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से रक्तदान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

# पीएम मोदी 15 को देंगे टाटा-पटना, टाटा ब्रह्मपुर समेत तीन वंदे भारत की सौगात

■ सांसद और रेलवे जीएम ने टाटानगर स्टेशन का लिया जायजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगामी 15 सितंबर को प्रस्तावित जमशेदपुर दौरा एवं इस दौरान टाटा से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन को उनके द्वारा शुभारंभ के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु टाटानगर स्टेशन पर सांसद बिद्युत बरण महतो, द. पू. रेलवे के महाप्रबंधक ए के मिश्रा, वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल, डी डी सी मनीष कुमार, एस डी ओ पारुल सिंह के बीच बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की



**सुरक्षा तैयारियों को लेकर बैठक करते सांसद बिद्युतबरण महतो, रेलवे जीएम अनिल मिश्रा, सीनियर एसपी किशोर कौशल, डीडीसी मनीष और एसडीओ पारुल सिंह।**

रुपरेखा पर चर्चा की गयी एवं कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया। टाटा-पटना, टाटा-ब्रहमपुर समेत तीन बंदे भारत ट्रेन को पीएम झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। सबसे ज्यादा प्रतीक्षा टाटा-पटना बंदे भारत ट्रेन को लेकर है। इस ट्रेन के प्रारंभ होने से बिहार एवं झारखंड के लोग का एक दिन में टाटा से पटना एवं पटना से टाटा के लिए आना जाना संभव हो पायेगा।

# अपने जीवन में शिक्षकों के प्रति हमें हमेशा कृतज्ञ होना चाहिए : डॉ जटाशंकर पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

■ भारत सेवाश्रम संघ आवासीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**जमशेदपुर।** गुरुवार को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा अंतर्गत भारत सेवा श्रम संघ विद्यालय, सोनारी के सभागार में बड़ी हर्ष उल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं खरसावां विधानसभा के प्रभारी डा जटा शंकर पांडेय उपस्थित थे। डा पांडेय ने डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित की एवं विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कहा कि पूरे भारतवर्ष में सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप मनाया जाता है। इस दिन को विद्यार्थी त्योहार की तरह मना कर अपने शिक्षकों



**कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक को सम्मानित करते हुए डा जटाशंकर पांडेय।**

को सम्मान देते हैं। हमारे देश में शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमारे जीवन में शिक्षकों का स्थान विशेष है, क्योंकि वे हमें संस्कारित करते हैं।

# देश के व्यापारियों को मात्र 50 रुपये में सदस्यता देगा कैट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन



बृजमोहन अग्रवाल, अध्यक्ष बीसी भरतिया, महामंत्री सह चांदनी चौक, दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल एवं राष्ट्रीय सलाहकार सह पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी जूम मीटिंग द्वारा देश के सभी राज्यो के प्रमुख व्यापारी नेताओ को संबोधित करते हुए कहा कि देश के दुकानदारों को कैट की सदस्यता देने का अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत मात्र 50 रुपये के शुल्क लेकर सभी दुकानदारों को कैट का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के अंतर्गत पुरे देश भर में 31 दिसंबर 2024 तक एक करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# सेंटर आफ एस्ट्रोलॉजिकल स्टडी एंड रिसर्च के वाइस चांसलर बने प्रो एसके शास्त्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सेंटर आफ एस्ट्रोलॉजिकल स्टडी एण्ड रिसर्च फार पब्लिक वेलफेयर जमशेदपुर के संस्थापक डा एसके शास्त्री को संस्था का वाइस चांसलर बनाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने संस्था का नेतृत्व नयी पीढ़ी के हाथ स्थानांतरित कर दी है।

उन्होंने बताया कि संस्था की आज वार्षिक आम सभा होटल बुलवर्ड,बिष्टुपुर में हुई जिसमें सर्वसम्मति से प्रो जेवी मुरलीकृष्णा को डायरेक्टर, डा तपन राय को चेयरमैन, अविजीत चक्रवर्ती को



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डा एसके शास्त्री।**

प्रेसिडेंट, उज्जवल राय, विजय शास्त्री और डा सुरेश झा को वाइस प्रेसिडेंट, डा राजेश भारती को जनरल सेक्रेट्री चुना गया। परिषद समिति के सदस्य हैं : श्रीमती सुप्रभा भट्टाचार्यी,श्रीमती मुनमुन राय,श्रीमती शुभलक्ष्मी बनर्जी, श्रीमती उषा सोनकर,श्रीमती माधुरी कुमारी और श्रीमती पद्मा कुमारी झा। प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी के रुप में ज्योतिषि प्रज्ञानंद कुमार को चुना गया है। डॉ नरेन्द्र कुमार झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

शिक्षक दिवस भी मनाया गया

झारखण्ड राज्य के एक मात्र ज्योतिष शिक्षण संस्थान सेंटर आफ एस्ट्रोलॉजिकल स्टडी एण्ड रिसर्च फार पब्लिक वेलफेयर जमशेदपुर की ओर से आज हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिष्टुपुर होटल बुलेवर्ड में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस अनुष्ठान का आयोजन सुबह ग्यारह बजे किया गया। इसमें पुराने छात्रों ने अपना ज्योतिषिक अनुभव साझा किया साथ ही सभी छात्रों के लिए व्यवहारिक कक्षा का भी प्रबंध किया गया है।आज शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में ज्योतिष, हस्तरेखा और वास्तू शास्त्र का विशेष रूप से गहन आलोचना किया गया। प्रो एसके शास्त्री ने कहा कि इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि कोई भी इंसान ज्योतिष के परामर्श को सही ढंग से अपने जीवन में अपनाएं तो आगे बढ़ने का मार्ग भी सुगमता से प्राप्त होगा।

### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और नीतीश कुमार शुक्रवार को करेंगे

# 16 नये स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन




विकास कार्यों का निरीक्षण के दौरान कई योजनाओं का शिलान्यास एंड उद्घाटन करते हुए सीएम, बखोरापुर में कई योजनाओं का शिलान्यास एंड उद्घाटन के दौरान जीविका दीदी से बात करते हुए

**एजेंसी**

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 16 नए स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन किया जाएगा। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शामिल हैं। इन स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन शुक्रवार (06 सितंबर) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाएगा।



प्रस्तावित उद्घाटन कार्यक्रम में भीड़ नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संचालन जिला प्रशासन द्वारा एवं प्रत्येक स्थल पर शिलापट्ट अनावरण का कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाने की व्यवस्था बीएमएसआईसीएल के सहयोग से सिविल सर्जन द्वारा किया जाएगा। आइजीआइएमएस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन के बाद संबंधित क्षेत्र में सांसद, विधायक व विधान पार्षद द्वारा अपने क्षेत्र में चिन्हित नवनिर्मित स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन संबंधी शिलापट्ट का संबंधित भवन में जाकर अनावरण किया जाएगा।

इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन के बाद वहां के स्थानीय लोगों को इसका आवश्यक लाभ आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इसके लिए सभी संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। स्थानीय क्षेत्र स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को इसका लाभ आसानी से मिल सकेगा और लोग स्वास्थ्य रह सकेंगे। कटिहार जिले में 16 स्वास्थ्य परियोजनाओं में कुसेर्ला प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अहमदाबाद प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दिल्ली दीवानगंज, हसनगंज प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलुआ, डंडखोरा प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सौरिया के साथ साथ बारसोई प्रखंड में तीन अस्पताल मातृ-नवजात शिशु देखभाल इकाई बारसोई, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, मानमन एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शिवानंदपुर का उद्घाटन किया जाएगा।

इसके साथ साथ फलका प्रखंड में दो अस्पताल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, भरसिया और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, चंदवा का, कदवा प्रखंड में दो अस्पताल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, रौनिया और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, बिन्दावरी का उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा प्राणपुर प्रखंड में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर केहुनिया का, मनिहारी प्रखंड में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नीमा का, कोढ़ा प्रखंड में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शिशिया का, कटिहार प्रखंड में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खैरा का और डंडखोरा प्रखंड में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर डंडखोरा शामिल है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 216 आवेदन का निष्पादन



उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी के खेल मैदान में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ नंदजी राम सीओ आफताब आलम, मुखिया इशरत जहां, उप मुखिया मिना देवी, बीडीसी अनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि आपके योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान चलाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का आम जनों को दिया जाए। सरकार की मंशा है कि समस्याओं का निष्पादन तुरंत हो ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित ना रहे। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। मौके पर बीडीओ, सीओ, मुखिया, उप मुखिया, बीडीसी ने संयुक्त रूप से जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाओ को रोजगार के लिए 7 लाख का चेक एवं विद्यालय के छात्र छात्राओ के बीच 75 साइकिल का वितरण किया गया।शिविर में 591आवेदन मिले एवं 216 का निष्पादन किया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना 261, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 141,जाति प्रमाण पत्र2, आय प्रमाण पत्र 4,मईयां सम्मान योजना 13,पशु विकास योजना 5,सर्वजन पेशन योजना 48,राशन कार्ड 17, श्रम विभाग 2,मनरेगा जॉब कार्ड 17 सहित कई विभाग के आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर कल्याण पदाधिकारी राजगीर राम, जेई विजय शंकर राय, बीटीएम राकेश कुमार, समाज सेवी तासबीन अंसारी, पिंटू आलम, पंचायत श्रम मित्र नंदू राम, कौशल कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, चंदन कुमार, पंकज कुमार, दयानन्द प्रजापति, मनोज बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बद से भी बदतर है कांडी प्रखंड में सड़क



रोड की नरकीय स्थिति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** गढ़वा जिला का सबसे बदहाल व जर्जर सड़क कांडी प्रखंड के बलियारी पंचायत अंतर्गत जमुआ आंगनबाड़ी से भिलमा सड़क है। इसकी हालत सबसे खराब है। इस सड़क की स्थिति नारकीय से भी बदतर कही जा सकती है। इस सड़क पर राजनेता, समाजसेवी व अधिकारी का कभी कोई ध्यान नहीं है। बलियारी पंचायत से समाजसेवी विनय कुमार मिश्र ने निराशा जताते हुए कहा कि बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जिस देश में नितिन गडकरी जैसे बड़े बड़े राजनेता पथ परिवहन को लेकर विश्व स्तर के एक्सप्रेस वे व हाईवे का निर्माण व बखान करते नहीं थकते। उसी देश में झारखंड राज्य के गढ़वा जिला अंतर्गत कांडी प्रखंड के बलियारी पंचायत के जमुआ आंगन बाड़ी केंद्र से अमडीहा भिलमा चंद्रपुरा होते हुए प्रखंड मुख्यालय कांडी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की स्थिति बिल्कुल नारकीय हो चुकी है। उक्त सड़क की स्थिति कुछ इस तरह बद से बदतर हो चुकी है कि उसपर मोटर वाहन तो दूर पैदल चलना भी दुश्कर हो चुका है। केवल एक किलोमीटर लंबी सड़क की बदहाली देखनेवाला कोई नहीं है। जबकि हेंठार इलाके के करीब 25-30 गांव की हजारों की आबादी इसी रास्ते से चलती है। समाजसेवी विनय मिश्रा का कहना है कि यहां नेता तो आते हैं। लेकिन केवल चुनाव के टाइम पर वोट मांगने। शेष समय क्षेत्र की जनता किस स्थिति परिस्थिति से गुजर रही है इस बात पर किसी का कोई ध्यान नहीं है।

जब चुनाव का समय नजदीक आएगा तो नेता बाहर निकलेंगे और भोली भाली जनता को बहलाने फुसलाने का परंपरागत कार्य शुरू करेंगे। लेकिन जनता अब सब समझ हो चुकी है। अब क्षेत्र की जनता इनके झूठे झांसे में नहीं आने वाली। उन्होंने कहा की अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर जल्द से जल्द संज्ञान लें। अन्यथा जनता सड़क पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएगी। इस संबंध में कांडी बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में इसके साथ कई अन्य सड़कों की भी हालत खराब है। उन सबों के निर्माण का प्रस्ताव बनाकर डीसी को भेजा जा रहा है। सबका निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग से कराया जाएगा।

## विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में मना शिक्षक दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** डंडई प्रखंड क्षेत्र के सरकारी गैर सरकारी, निजी विद्यालय, शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस के अवसर पर सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की जयंती मनाया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न विद्यालयों में अलग अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रखंड मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, होली फेथ पब्लिक स्कूल, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कलां सहित विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को आदर सम्मान देते हुए उन्हें उपहार दिया। इधर डंडई में एलपी एजुकेशनल पैराडाइज वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित पैराडाइज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सीनियर ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित की। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रजापति, पूर्व प्राचार्य आरके विश्वकर्मा, प्राचार्य बीके भारती तथा वरिष्ठ शिक्षक उपेंद्र कुमार रवि, शिक्षिका अर्चना, चंदा सहित अन्य ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

मौके पर निदेशक सिकंदर प्रजापति ने कहा कि सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन कई विषयों के विद्वान थे। जब उनके साथियों और शिष्यों ने उनसे उनका जन्मदिन मनाने के बारे में पूछा, तो उन्होंने अपनी इच्छा व्यक्त की कि मुझे और खुशी होगी अगर इस दिन को मेरा जन्मदिन मनाने के बजाय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाय तभी से राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं को उत्साहित करते हुए सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डाला और कई महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिये। मौके पर अर्चना कुमारी, प्रिंस कुमार ठाकुर, चंदन कुमार सिंह, हसनैन राजा, प्रीति कुमारी, सुसाधना कुमारी, प्रियांशु कुमारी, कृष प्रजापति, राहुल कुमार रोहित कुमार ओम प्रकाश यादव सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जय मां भवानी क्लब के अध्यक्ष बने गुड्डु यादव

**भवनाथपुर।** आगामी दुर्गापूजा को लेकर जय मां भवानी क्लब बुका की बैठक प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के समीप शिव मंदिर प्रांगण में सुरेश राउत की अयक्षता में की गई। बैठक में ़ूमााम से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गुड्डु यादव को समिति का अयक्ष बनाया गया। जबकि अनिल रावत को उपायक्ष, सोनू रावत को सचिव, पुटुन राउत को संचालक, कंचन यादव को संरक्षक, श्रीकांत यादव, त्रिपुरारी रावत, अमित रावत, विवेक रावत, अंकित रावत को व्यवस्थापक तथा सोनू सिंह, रंजीत रावत, रवि कुमार, आलोक रावत, अमरेश रावत, दीपक यादव, गोलू यादव, पंकज यादव, गोलू चन्द्रवंशी को सदस्य बनाया गया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**रंका।** प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ देवानंद राम, प्रखंड बीस सूत्री अयक्ष अहमद अली अंसारी तथा प्रभारी मुखिया प्रमोद कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

## पीडीएस दुकान को जिला आपूर्ति पधाधिकारी ने किया निलंबित



जांच करते पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सगमा।** सगमा प्रखण्ड अंतर्गत घघरी गांव के खाद्य सुरक्षा के तहत राशन लेने वाले लाभुको ने बीते रविवार को डीलर मंजू देवी पर अगस्त माह का राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुए भारी हंगामा किया था। हंगामा की खबर को अखबार में प्रमुखता से स्थान दिया था। खबर को संज्ञान लेते हुए गुरुवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने इसकी गहनता से जांच किया और जिला आपूर्ति पधाधिकारी घघरी पहुंचकर लाभुको से इसके विषय में जानकारी लेते हुए राशन दुकान की जांच किया। लाभुको द्वारा लगाया गया आरोप को सही पाया गया। इसके बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उक्त दुकान को निलंबित करते हुए गांव में संचालित पीडीएस दुकान में अटैच कर दिया है। साथ ही उन्होंने लाभुको को अस्वस्थ करते हुए कहा कि उक्त डीलर के द्वारा अगस्त माह का राशन उठाव कर लिया गया है। मगर किस कारण से वितरण नहीं किया गया इसकी जांच करते हुए डीलर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा की ससमय राशन का वितरण नही करने वाले डीलर के खिलाफ शिकायत मिलने पर अविलंब दुकान को निलंबित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया जाएगा। जिला आपूर्ति पधाधिकारी ने लाभुको को कहा की जब तक राशन नही लेते है तब तक अपना अंगूठा नही लगाएंगे। मौके पर लाभुक ललु यादव, शीतल भईया, मालदेव यादव, सोनू कुमार, वरुण जायसवाल, सोनू भुइया, धर्मेंद्र भुइया आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा के पिछड़ेपन के सबसे बड़े जिम्मेदार पूर्व के जनप्रतिनिधिगण हैं : मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** ज़िले के मेराल प्रखंड के अटौला ग्राम में चार करोड़ नौ लाख रुपए की लागत से सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला संसति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं दीप जलाकर इसका शिलान्यास किया। इससे पूर्व शहीद जवान की तस्वीर पर मंत्री ने माल्यार्पण किया। साथ ही स्थानीय गणमान्य लोगों को मंत्री ने शल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान ग्रामीण व कार्यकर्ताओं ने मंत्री को बड़ा माला पहनाकर एवं बुके देकर भव्य स्वागत किया। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी गढ़वा अव्वल होगा। अब गढ़वा के खिलाड़ी भी इंटरनेशनल स्तर पर परचम लहराएंगे। खिलाड़ियों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। व्यवस्था के अभाव में खिलाड़ियों की प्रतिभा को कुंठित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में सभी क्षेत्रों में मूलभूत सुविाओं के साथ-साथ खेलकूद आदि क्षेत्रों में भी बेहतर सुविा उपलब्ध कराने के लिए वे त

### मंत्री ने किया अटौला में स्टेडियम का शिलान्यास



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत करते मंत्री



उपस्थित लोग

संकल्पित हैं। राज्य सरकार इस दिशा में काफी तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा को सबसे पिछड़ा विधानसभा होने का कलंक लगने के सबसे बड़ा जिम्मेदार पूर्व के जनप्रतिनिधिगण, विधायक व सांसद हैं। उन्होंने कहा कि आज भी विधायक की वही शक्ति वही क्षेत्राधिकार है, लेकिन पूर्व के जनप्रतिनिधियों की इच्छा शक्ति और मेरी इच्छा शक्ति में जमीन आसमान का फर्क है। मंत्री ने कहा कि यदि विकास को आधार मानकर काम के नाम पर वोट हो तो जो कुकुरमुते की तरह घूम रहे हैं उनकी जमानत जप्त हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि यह स्टेडियम अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न बनेगा। इसमें बाउंड्री के साथ ही इसमें सिलेक्शन-1 घास लगाया जाएगा। एक पवेलियन बिल्डिंग होगा। जिसमें दोनों टीम के खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम अटैच्ड टॉयलेट के साथ होंगे। साथ ही इसमें 100 लोगों के बैठने की कवर्ड रूफ व्यवस्था भी होगी। तीन-तीन सौ क्षमता की दो गैलरी होगी। जिसके नीचे सात-सात कमरे बाथरूम सहित होंगे। ताकि टीमों को यहां ठहराया भी जा सके। इसके अलावा बोर वेल एवं अन्य सुविधाएं भी होंगी। अब चेचरिया, खोरीडीह एवं अन्य सन्निकट पंचायतों के बच्चों को ना सिर्फ़ खेलने की सुविधा मिलेगी बल्कि अच्छे खिलाड़ियों एवं अच्छे मैच भी देखने का अवसर मिलेगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, सुजीत सिंह, दीपमाला, आलोक मिश्रा, सूर्य प्रकाश, चंदा देवी, ओमप्रकाश गुप्ता, हरिवंश तिवारी, ब्रजमोहन ठाकुर, रामकिशन तिवारी, उदय तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### लोगों के चेहरे...

ग्रामीणों की समस्याओं से हम भली-भांति वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना में उम्र सीमा राज्य सरकार 18 वर्ष करने को लेकर जल्द ही कानून बनाया जायेगा। श्री सोरेन ने कहा कि अगले पांच सालों में सरकार का लक्ष्य है कि हर घर को एक लाख रुपये मिले। कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव के अलावा क्षेत्र के झामुमो और गठबंधन के सभी विधायक और सांसद के अलावा आला अधिकारी भी मौजूद थे।

### झारखंड में अलार्मिंग...

हाईकोर्ट ने पूर्व की सुनवाई में भारत सरकार के इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के डायरेक्टर जनरल, चीफ इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया, डायरेक्टर जनरल यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एनआईए को प्रतिवादी बनाया था, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। जवाब दाखिल नहीं किये जाने पर कोर्ट ने कड़ी फटकार लगायी थी।

गुरुवार को संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। प्रार्थी ने याचिका में कहा है की जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है और उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया जा रहा है।

### दिऊड़ी मंदिर में ...

मंदिर पहले की तरह बिना सरकार के हस्तक्षेप से ही चलना चाहिए। वार्ता के बाद एसडीओ ने बताया कि दिउड़ी मंदिर का सौंदर्यीकरण आठ करोड़ की लागत से होना है। इसके लिए मंदिर के बाहर लगी दुकानों को हटाने के लिए कहा गया था। दुकाने नहीं हटायी, जिसके कारण लोगों में रोष काफी बढ़ गया। मंदिर की जमीन पर आदिवासियों ने दावा करते हुए मंदिर का द्वार ही बंद कर दिया। एसडीओ ने बताया कि सौंदर्यीकरण कार्य से पूर्व दुकानों को हटाने संबंधित बुंडू थानेदार को पत्रचार किया गया था। लेकिन उन्होंने संज्ञान नहीं लिया, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई । ग्रामीणों का कहना है कि वे मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए तैयार नहीं हैं और ट्रस्ट गठन के तरीके से वे सहमत नहीं हैं। इस मुद्दे पर प्रशासन को भी सूचित किया गया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी मांगों के लिए अडिग रहेंगे और मंदिर के सौंदर्यीकरण नहीं होने देंगे। मौके पर पुलिस बल को वहां तैनात कर दिया गया है। किसी भी बाहरी व्यक्ति के मंदिर प्रवेश पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रस्ट का गठन अवैध तरीके से किया गया है। म

### राजनीति में आने ...

**एक घटना ने दिशा ही बदल दी :** कल्पना ने लिखा है कि मेरे जीवन का अधिकांश समय स्कूल में बच्चों के बीच बीतता था, लेकिन एक दिन ऐसा आया जिसने मेरे जीवन की दिशा ही बदल दी। भाजपा ने साज़िश रचकर मेरे पति हेमंत जी, को जेल में डाल दिया। मैं अपने काम से बेहद संतुष्ट थी, पर उस दिन की घटना ने मुझे राजनीति में आने के लिए मजबूर कर दिया। तभी से अन्याय के खिलाफ मेरी लड़ाई शुरू हो गयी।

**आज मेरा मन उसी कक्षा में पहुंच गया :** कल्पना ने आगे लिखा है कि सार्वजनिक जीवन में व्यस्त रहते हुए, मैंने भले ही अपने शिक्षक वाले जीवन से दूरी बना ली हो, लेकिन शिक्षक दिवस पर जब मेरे पुराने विद्यार्थियों के संदेश और कॉल आये। तो मेरा मन फिर उसी कक्षा में पहुंच गया। उनके प्यार और सम्मान के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी। मैं सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं और यह वादा करती हूं कि जल्द ही हम शिक्षक दिवस पर फिर से किसी कक्षा में मिलेंगे।

## स्पीड न्यूज

### आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का पोस्टर रिलीज हो गया है। आलिया जिगरा में जोरदार एक्शन करती हुई नजर आएंगी। मेकर्स ने जिगरा का दो पोस्टर रिलीज कर दिया है।आलिया भट्ट ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्टर शेयर किया है। पहले पोस्टर में द आर्चीज'के अभिनेता वेदांग रैना हैं, जिसमें आलिया भट्ट की सिर्फ बैक दिखाई गई है। दोनों कलाकार सिल्वर स्क्रीन पर भाई-बहन के रिश्ते को परिभाषित करते हुए नजर आएंगे।

### जॉर्जिया के स्कूल में गोलीबारी में चार की मौत और नौ घायल

**अटलांटा।** अमेरिका में जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में बुधवार को 14 वर्षीय छात्र ने गोलीबारी कर चार लोगों की जान ले ली। इस गोलीबारी में नौ लोग घायल हो गए। घायलों में आठ छात्र और एक शिक्षक है । पुलिस जांच अधिकारी ने कहा है कि आरोपित संदिग्ध छात्र से गोलीबारी की ऑनलाइन धमकी के संबंध में स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने करीब एक साल पहले भी पूछताछ की थी। जॉर्जिया ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के निदेशक क्रिस होसी ने बताया कि मृतकों में 14 वर्षीय मेसन शेरमेरहॉर्न और क्रिश्चियन एंगुलो, 39 वर्षीय प्रशिक्षक रिचर्ड एस्पिनवाल और 53 वर्षीय क्रिस्टीना इरिमी शामिल हैं।

### अगले महीने से प्रकृति परीक्षण अभियान

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग इस वर्ष अक्टूबर से नवंबर तक पूरे देश में प्रकृति परीक्षण यह अभियान चलायेगा। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रकृति का स्वास्थ्य रक्षण में बहुत महत्व होता है और प्रकृति के जानकारी से आम नागरिक खुद को स्वस्थ रखने के लिए दिनचर्या ,ऋतुचर्या के अनुरूप अपनी नित्य कार्यों में छोटे-छोटे बदलाव लाकर स्वस्थ रह सकते हैं । उन्होंने बताया कि देश भर के एक करोड़ से ज्यादा नागरिकों का प्रकृति परीक्षण देश के आयुर्वेद महाविद्यालयों के एक लाख 35 हजार विद्यार्थी, 20 हजार स्नातकोत्तर शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी, 18 हजार अध्यापक तथा तीन लाख चिकित्सक करेंगे।

### नायडू के काफी करीब से गुजरी ट्रेन, बाल-बाल बचे

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को उस समय बाल-बाल बच गए जब एक तेज रफ्तार ट्रेन उनके काफी करीब से गुजर गई। वह गुरुवार को शीर्ष अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित मधुरानगर में बुडामेरु के दौरे पर थे और रेलवे ब्रिज पर चलते हुए इलाके का जायजा ले रहे थे। मुख्यमंत्री रेलवे ब्रिज पर चलकर बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा ले रहे हैं, तभी एक तेज रफ्तार ट्रेन उनके पास से होकर गुजरी, गनीमत रही कि उन्हें कुछ नहीं हुआ।

### कुर्स्क में यूक्रेन के 10,100 से अधिक सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि रूसी सशस्त्र बलों ने कुर्स्क क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में सैन्य अभियानों के दौरान 10,100 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया और 81 टैंकों को नष्ट कर दिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कुल मिलाकर, कुर्स्क क्षेत्र में सैन्य अभियानों के दौरान, यूक्रेन 10,100 से ज्यादा सैनिकों, 81 टैंकों, 41 पैदल सेना से लड़ने वाले वाहनों, 72 बख्तरबंद वाहकों, 589 बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, 325 कारों को गवां चुका है।

# अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे कमांडर

## रक्षा मंत्री ने पड़ोसी देशों में घटनाओं पर विशलेषण करे सेना

▸▸ तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल के लिए आठ डिजिटल एप्लिकेशन लॉन्च

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास के बीच चल रहे संघर्षों और बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए सैन्य कमांडरों से इन घटनाओं का विश्लेषण करने, भविष्य में देश के सामने आने वाली समस्याओं का पूर्वानुमान लगाने और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तरी सीमा पर स्थिति और पड़ोसी देशों में हो रही घटनाओं के मद्देनजर शीर्ष सैन्य नेतृत्व से गहन विश्लेषण की आवश्यकता पर जोर दिया, जो क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए चुनौती बन रहे हैं। रक्षा मंत्री ने लखनऊ के मध्य कमान मुख्यालय में तीनों सेनाओं के पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन गुरुवार को भारतीय सशस्त्र बलों के शीर्ष नेतृत्व को संबोधित किया। दो दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का विषय सशक्त और सुरक्षित भारतः सशस्त्र बलों में बदलाव रखा गया था। उन्होंने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में सेनाओं के अमूल्य योगदान को सराहा। रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाओं के लिए संयुक्तता और एकीकरण की दिशा में प्रयासों पर एक व्यापक दस्तावेज जारी किया। उन्होंने तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल के लिए आठ डिजिटल एप्लिकेशन भी लॉन्च किए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त सैन्य दृष्टिकोण विकसित करने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी करने पर जोर दिया।



उन्होंने अंतरिक्ष और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में क्षमता विकास का आह्वान करते हुए कहा कि भारत शांतिप्रिय राष्ट्र है, इसलिए शांति बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सशस्त्र बलों के अमूल्य योगदान को सराहा। राजनाथ सिंह ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत शांतिपूर्ण तरीके से विकास कर रहा है। हालांकि, चुनौतियों की बढ़ती संख्या के कारण हमें सतर्क रहने की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कमांडरों से सशस्त्र बलों के शस्त्रागार में पारंपरिक और आधुनिक युद्ध उपकरणों की पहचान करके उन्हें शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने सैन्य नेतृत्व से डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी प्रगति के उपयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये घटक किसी भी संघर्ष या युद्ध में सीधे तौर पर भाग नहीं लेते हैं लेकिन उनकी अप्रत्यक्ष भागीदारी काफी हद तक युद्ध की दिशा तय कर रही है। राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी और इस क्षेत्र को मजबूत करने तथा सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों से लैस करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। रक्षा मंत्री ने ई-म्यूजियम और ई-ग्रंथालय सहित आठ अभिनव अनुप्रयोगों को भी लॉन्च किया। साथ ही ह्यऔपनिवेशिक प्रथाएं और सशस्त्र बल-एक समीक्षाह्ल पर एक प्रकाशन भी लॉन्च किया, जो तीनों सेनाओं के बीच अधिक सामंजस्य और तालमेल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन में राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) डॉ. नितेन चन्द्रा, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत, वित्तीय सलाहकार सुगाता घोष दस्तीदार तथा रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सिक्किम में सेना का वाहन दुर्घटनाग्रस्त चार जवान हुये शहीद



**गंगटोक।** सिक्किम राज्य के पाकिम जिले में गुरुवार को सुबह हुई वाहन दुर्घटना में भारतीय सेना के चार जवान शहीद हुए। दुर्घटना रिनॉक-रंगेली राजमार्ग में हुई। एसपी के मुताबिक सेना की बिनागुड़ी (बंगाल) स्थित ईएमसी यूनिट का एक वाहन सुबह रिनॉक-रंगेली राजमार्ग के दलपचंद में भीर पहाड़ से 700 फीट नीचे फिसल गया। हादसे में चालक समेत चार की मौत हो गई। शहीद जवानों की पहचान कांस्टेबल प्रदीप पटेल, सीएफएन डब्ल्यू. पीटर, नायब गुरसेब सिंह और सूबेदार के. थंगापंडी के रूप में हुई है।

# युद्ध समाप्त कराने में अहम भूमिका निभा सकता है भारत

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन से बातचीत के दिये संकेत

▸▸ शांति वार्ता में मध्यस्थ के रूप में अच्छा काम कर सकते हैं चीन और ब्राजील

**एजेंसी**

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि भारत उनके और यूक्रेन के बीच युद्ध रुकवाने में अहम भूमिका में हो सकता है। पुतिन ने गुरुवार को यूक्रेन से बातचीत का संकेत देते हुए भारत के अलावा चीन और ब्राजील का नाम लिया है, जो यूक्रेन के साथ संभावित शांति वार्ता में मध्यस्थ के रूप में अच्छा काम कर सकते हैं। पुतिन ने इस दौरान कहा कि युद्ध के शुरूआती हफ्तों में इस्तांबुल में वार्ता में रूसी और यूक्रेनी वातार्कारों के बीच एक प्रारंभिक समझौता हुआ था लेकिन ये कभी लागू नहीं किया जा सका। अगर फिर से शांति पर बातचीत होती है तो इसी समझौते को वार्ता के आधार के तौर पर शामिल किया जा सकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ बातचीत शुरू करने की इच्छा दिखाते हुए कहा कि चीन, भारत और ब्राजील अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। पुतिन ने हालांकि इस दौरान यूक्रेन पर गुस्सा भी दिखाया और कहा कि यूक्रेनी सेना की कुर्स्क में घुसपैठ का उद्देश्य डोनबास में रूसी बढ़त को धीमा करना था लेकिन वह इसमें फेल रहा क्योंकि इसके लिए कीव ने बाकी मोर्चे पर अपनी सेना को कमजोर कर लिया। पुतिन ने व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में बोलते हुए कहा कि यूक्रेन ने ट्रेंड यूनिट्स को रूस में स्थानांतरित करके खुद को कमजोर कर लिया है और रूस को पूर्वी यूक्रेन में हमला तेज करने की अनुमति दे दी है। राष्ट्रपति पुतिन का ये बयान ऐसे समय आया है, जब यूक्रेनी सेना की कुर्स्क में घुसपैठ की वजह से रूस में गुस्सा है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से रूसी संप्रभु क्षेत्र पर सबसे बड़े विदेशी हमले में 6 अगस्त को हजारों यूक्रेनी सैनिकों ने ड्रोन, भारी हथियारों और कुछ पश्चिमी निर्मित तोपखाने की मदद से रूसी सीमा में घुसपैठ की थी।इसके बाद से यूक्रेन ने लगातार इस क्षेत्र में अपना नियंत्रण बनाकर रखा है।



### मोदी ने दोनों देशों का किया था दौरा

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते महीनों में रूस और यूक्रेन दोनों देशों का दौरा किया है। रूस और भारत के संबंध बहुत पुराने रहे हैं। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी मोदी के निजी संबंध अच्छे माने जाते हैं। रूस और यूक्रेन की यात्रा के दौरान भारत की ओर से भी ये कहा गया था कि वह शांति की किसी भी पहल में भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब रूसी राष्ट्रपति की ओर से भी मध्यस्थ के लिए जिन तीन देशों पर भरोसा जताया गया है, उनमें चीन और ब्राजील के साथ भारत का नाम है।

# काशी में निवेश करें सिंगापुर के कारोबारी : प्रधानमंत्री

**जब भी भारत में पान की चर्चा होती है, तो वाराणसी के बिना अधूरी रह जाती है : मोदी**

**सिंगापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्किल डेवलेपमेंट पर केंद्र सरकार के विशेष जोर का उल्लेख करते हुए सिंगापुर के कारोबारियों को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। बिजनेस लीडर्स को अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र काशी (वाराणसी) में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक शहर में प्रसिद्ध भारतीय पान का भी जिक्र किया। सिंगापुर में बिजनेस लीडर्स समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी भारत में पान की चर्चा होती है, तो वह वाराणसी के बिना अधूरी रह जाती है। मैं वाराणसी से सांसद हूं। सिंगापुर बिजनेस लीडर्स के साथ बैठक में उन्होंने हल्के-फुल्के लहजे में कहा कि यदि आप पान खाने का आनंद लेना चाहते हैं, तो आपको काशी में निवेश करना चाहिए। उन्होंने भारत में वैश्विक निवेश का आह्वान करते हुए एक अनूठा संदेश देते हुए व्यापारिक समुदाय को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि कौशल विकास एक ऐसा मुद्दा है जो हमारी सभी चचाओं में उभर कर आता है। भारत में हम इंडस्ट्री 4.0 को ध्यान में रखते हुए और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र को देखते हुए कौशल विकास पर बहुत बल दे रहे हैं। भारत की आवश्यकताओं के साथ कौशल विकास संबंध एक ग्लोबल जॉब मार्केट से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर आपकी (सिंगापुर) कंपनियां ग्लोबली क्या चल रहा है, उसका सर्वे करें और ग्लोबल डिमांड का विश्लेषण करें और उसके अनुसार भारत में कौशल विकास के लिए आएं, तो ग्लोबल जॉब मार्केट को बड़ी आसानी से एड्रेस कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उनका तीसरा कार्यकाल है। जो लोग भारत से परिचित हैं, उन्हें पता होगा कि 60 साल बाद किसी सरकार को तीसरी बार जनादेश मिला है। इसके पीछे का कारण हमारी सरकार की नीतियों में लोगों का विश्वास है। अगर दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला कोई विमानन क्षेत्र है, तो वह भारत में है। एमआरओ होना हमारी प्राथमिकता है। आपको हवाई अड्डों के विकास में निवेश करने के लिए भारत आना चाहिए।



प्रधानमंत्री मोदी से मिलते सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ।



अयोध्या में अशोक सिंघल वेद पुरस्कार वितरण करते उप्र के सीएम योगी। साथ में संघ के पूर्व सर कार्यवाह भैया जी जोशी।

### तेलंगाना में मुठभेड़ 6 नक्सली मारे गये



**भद्राद्री कोठागुडेम।** तेलंगाना में भद्राद्री कोठागुडेम जिले के रघुनाथपल्ली वन क्षेत्र के पास गुरुवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए। पुलिस ने रघुनाथपल्ली के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। अभियान के दौरान माओवादियों ने पुलिस का सामना किया और गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस कर्मियों ने भी गोलीबारी की, जिसके कारण छह माओवादी मारे गए। बताया जा रहा है कि मारे गए माओवादी लछन्ना दलम के सदस्य थे। मृतकों में तेलंगाना का एक वरिष्ठ माओवादी नेता भी शामिल है। तेलंगाना के भद्राद्रि कोठागुडेम जिले के पुलिस अधीक्षक रोहित राज ने मीडियाकर्मियों को बताया कि मुठभेड़ में ढेर नक्सलियों की पहचान कुंजा विरैया, तुलसी, शुक्र, चालो, दुर्गेश और कोटो के रूप में हुई है।

# दुनिया का एकमात्र धर्म सनातन : योगी

## श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन और अशोक सिंघल एक-दूसरे के थे पूरक

**एजेंसी**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन ही दुनिया का एकमात्र धर्म है। सनातन धर्म सुरक्षित एवं समृद्धि के पथ पर अग्रसर रहेगा तो विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। अगर सनातन धर्म खतरे में पड़ेगा तो विश्व मानवता का जीवन खतरे में पड़ जाएगा।

गुरुवार को अयोध्या में सिंघल फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित भारतात्मा अशोक सिंघल वेद पुरस्कार- 2024 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सबके सामने विकसित भारत का मानचित्र रखा है। इसमें नागरिक कर्तव्य सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश और सनातन धर्म के लिए अब हमें अपने अधिकारों की चिंता कम और नागरिक कर्तव्यों के विषय में ज्यादा चिंतन करना होगा।

उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अशोक सिंघल ने काशी हिंदू विश्विद्यालय से इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी, लेकिन उनका जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक प्रचारक के रुप में सनातन धर्म के लिए समर्पित था। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन और अशोक सिंघल एक-दूसरे के पूरक थे। योगी ने कहा कि श्रद्धेय सिंघल जी के पास सोते, जागते, उठते, बैठते सिर्फ एक ही कार्य था, श्रीराम जन्मभूमि की प्राप्ति। उसके लिए वो शांति और क्रांति दोनों मार्गो को अपनाने को आतुर रहते थे। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में उनके योगदान का प्रतिफल है कि 22 जनवरी 2024 के दिन इस सदी की सबसे उत्कृष्ट घटना घटी। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से भव्य मंदिर में प्रभु श्रीरामलला विराजमान हुए।

साधना जब सच्ची होती है तो परिणाम प्राप्त होता ही है। अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला का विराजमान होना गुलामी के अंशों की समाप्ति है, जो अब थमने वाला नहीं है उन्होने कहा कि अछूतोद्धार के लिए सिंघल जी के प्रयास अतुलनीय है। उनके द्वारा स्थापित वेद विद्यालय और एकल विद्यालय भी श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि वेदो अखिलो धर्म मूलम्‌ यानी अखिल विश्व के धर्म का अगर कोई मूल है तो वेद हैं। श्रद्धेय अशोक सिंघल ने वेदों के इस महत्व को अपने जीवन में अक्षरशः उतारने का कार्य किया था। योगी ने कहा कि गोरक्षक सुंदर यादव की आजमगढ़ में गोतस्करों ने हत्या कर दी थी। उस हत्या के खिलाफ आंदोलन हुआ था, जिसका अशोक सिंघल जी नेतृत्व कर रहे थे। इसी का परिणाम रहा कि गोरक्षक सुंदर यादव के हत्यारे जेल गए।

### केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत की मांग के साथ ही गिरफ्तारी (सीबीआई की ओर से) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिकाकर्ता केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की घंटों दलीलें ने सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रखने का फैसला किया।





असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद

SURGERY FROM ADMISSION TO DISCHARGE INCLUDING MEDICINE

| Package | Day | Price |
|---|---|---|
| Gallbladder | 4 | ₹ 37,000 |
| Hydrocele | 1 | ₹ 18,500 |
| Appendix | 3 | ₹ 30,500 |
| Lapchole | 3 | ₹ 35,500 |
| Hernia | 3 | ₹ 30,000 |
| Piles | 3 | ₹ 25,500 |

7808368888 www.asarfihospital.com